रजि० सं० डी०-(डी०)-73 REGISTERED No. D-(D)-73

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 46] नई दिल्ली, शनिवार, नवम्बर 13, 1976 (कार्तिक 22, 1898)
No. 46] NEW DELHI, SATURDAY, NOVEMBER 13, 1976 (KARTIKA 22, 1898)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके
(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

भाग III—खण्ड 1

PART III—SECTION 1

उच्च न्यायालयों, नियंत्रक और महालेखापरीक्षक, संघ लोक सेवा आयोग, रेल विभाग और भारत सरकार के संलग्न और अधीन कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं

[Notifications issued by the High Courts, the Comptroller and Auditor General, the Union Public Service Commission, the Indian Government Railways and by Attached and Subordinate Offices of the Government of India]

संघ लोक सेवा आयोग

नई दिल्ली, दिनांक 29 सितम्बर 1976

सं० पी०/1551-प्रशा०-I—संघ लोक सेवा आयोग द्वारा के० स० से० के चयन ग्रेड के स्थायी अधिकारी तथा स्थानापन्न परीक्षा नियंत्रक संघ लोक सेवा आयोग श्री डी० आर० कोहली की डा० डी० एस० कोठारी की अध्यक्षता में गठित भर्ती नीति एवं चयन पद्धति समिति के सचिव के रूप में 1 अप्रैल 1976 के पूर्वाह्न से 22 अप्रैल, 1976 तक 22 दिन की सेवावधि बढ़ा दी गई है ।

बढ़ी हुई सेवावधि की समाप्ति पर श्री कोहली को 22 अप्रैल, 1976 के अपराह्न से सेवा निवृत्त होने की अनुमति प्रदान कर दी गई है ।

दिनांक 15 अक्तूबर 1976

सं० पी०/1827-प्रशा०-1—इंजीनियरी कालिज, केरल सरकार, त्रिवेन्द्रम में भूतपूर्व सिविल इंजीनियरी के लेक्चरर डा० ए० सी० मथाई, जो संघ लोक सेवा आयोग में अवर सचिव के पद पर स्थानापन्न रूप से कार्य कर रहे थे, को 30 सितम्बर, 1976 के पूर्वाह्न से या आगामी आदेशों तक संघ लोक सेवा आयोग के कार्यालय में उप सचिव के पद पर नियुक्त किया गया है ।

प्र० ना० मुखर्जी
अवर सचिव, कृते अध्यक्ष संघ लोक सेवा आयोग

नई दिल्ली-110011, दिनांक 18 अक्तूबर 1976

सं० पी०/271-प्रशा०-1—संघ लोक सेवा आयोग के कार्यालय के स्थायी अवर सचिव, श्री एस० पी० चक्रवर्ती को संघ लोक सेवा आयोग के कार्यालय में 4 अक्तूबर, 1976 (पूर्वाह्न) से, आगामी आदेशों तक, विशेष कार्य अधिकारी (गोपनीय) के पद पर नियुक्त किया गया है ।

प्र०ना० मुखर्जी
अवर सचिव, संघ लोक सेवा आयोग

नई दिल्ली 110011, दिनांक 18 अक्तूबर 1976

सं० ए० 11013/2/74-प्रशा०-II—संघ लोक सेवा आयोग की समसंख्यक अधिसूचना दिनांक 3-8-76 के अनुक्रम में सचिव, संघ लोक सेवा आयोग एतद्द्वारा संघ लोक सेवा आयोग में के० स० से० संवर्ग के निम्नलिखित स्थायी अनुभाग अधिकारियों/सहायकों को 1-10-76 से दो महीने की अतिरिक्त अवधि के लिए या आगामी आदेशों तक, जो भी पहले हो, आयोग के

कार्यालय में अनुभाग अधिकारी (विशेष) के पद पर तदर्थ आधार में स्थानापन्न रूप से कार्य करने के लिए नियुक्त करते हैं:—

क्र० सं०	नाम	के० स० से० संवर्ग में धारित पद	
1.	श्री वी० एस० रियात	अनुभाग	अधिकारी
2.	श्री वी० एस० जगोपोता	अनुभाग	अधिकारी
3.	श्री जे० पी० गोयल	अनुभाग	अधिकारी
4.	श्री आर० एन० खुराना	अनुभाग	अधिकारी
5.	श्री एस० श्रीनिवासन	अनुभाग	अधिकारी
6.	श्री एस० के० अरोड़ा	सहायक	

2. पूर्वोक्त अधिकारियों की अनुभाग अधिकारी (विशेष) के रूप में नियुक्ति प्रतिनियुक्ति पर होगी और उनका वेतन समय-समय पर यथा संशोधित वित्त मंत्रालय के का० ज्ञा० संख्या एफ० 10 (24) ई०-III/60 दिनांक 4-5-61 के अनुसार विनियमित किया जाएगा ।

प्र०ना० मुखर्जी
अवर सचिव, कृते सचिव, संघ लोक सेवा आयोग

नई दिल्ली-110011, दिनांक 14 अक्तूबर 1976

सं० ए० 32014/1/76-प्रशा०-III—संघ लोक सेवा आयोग में केन्द्रीय सचिवालय सेवा संवर्ग के स्थायी सहायक श्री एच० एस० भाटिया को राष्ट्रपति द्वारा दिनांक 4-10-76 से 18-11-76 तक 46 दिन की अवधि के लिए या आगामी आदेशों तक जो भी पहले हो, उक्त सेवा के अनुभाग अधिकारी ग्रेड में स्थानापन्न रूप से कार्य करने के लिए नियुक्त किया जाता है ।

प्र०ना० मुखर्जी,
अवर सचिव (प्रशासन प्रभारी) संघ लोक सेवा आयोग

नई दिल्ली-110011, दिनांक 15 अक्तूबर 1976

सं० पी०/1827-प्रशा०-1—संघ लोक सेवा आयोग के कार्यालय में उप सचिव के पद पर नियुक्त होने के बाद डा० ए० सी० मथाई, जो संघ लोक सेवा आयोग के कार्यालय में अवर सचिव के पद पर स्थानापन्न रूप से कार्य कर रहे थे, ने दिनांक 30-9-1976 के पूर्वाह्न से अवर सचिव के पद का कार्यभार छोड़ दिया है ।

दिनांक 18 अक्तूबर 1976

सं० पी०/271-प्रशा०-1—संघ लोक सेवा आयोग के कार्यालय में विशेष कार्य अधिकारी (गोपनीय) के पद पर नियुक्त होने के बाद श्री एस० पी० चक्रवर्ती, जो संघ लोक सेवा आयोग के कार्यालय में अवर सचिव के पद पर कार्य कर रहे थे, ने दिनांक 4-10-1976 (पूर्वाह्न) से अवर सचिव के पद का कार्यभार छोड़ दिया है

प्र० ना० मुखर्जी
अवर सचिव
संघ लोक सेवा आयोग

मंत्रिमंडल सचिवालय
(कार्मिक तथा प्रशासनिक सुधार विभाग)
केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो

नई दिल्ली, दिनांक 13 अक्तूबर 1976

सं० ए०-19036/11/76-प्रशासन-5—निदेशक, केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो एवं पुलिस महानिदेक्षक, विशेष पुलिस स्थापना, एतद्द्वारा, कलकत्ता शाखा के पुलिस निरीक्षक श्री बी० पी० रायचौधरी को दिनांक 27-9-76 के पूर्वाह्न से अगले आदेश तक के लिए केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो, विशेष पुलिस स्थापना में अस्थायी रूप से पुलिस उप-अधीक्षक के पद पर प्रोन्नत करते हैं ।

दिनांक 15 अक्तूबर 1976

सं० टी०-36/69-प्रशासन-5—निदेशक, केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो एवं पुलिस महानिरीक्षक, विशेष पुलिस स्थापना तथा पदेन सचिव, भारत सरकार, कार्मिक और प्रशासनिक सुधार विभाग, एतद्द्वारा तमिलनाडु पुलिस के अधिकारी श्री टी० जोन देवसरवथम् को दिनांक 6-10-76 के पूर्वाह्न से अगले आदेश तक के लिए केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो, विशेष पुलिस स्थापना में प्रतिनियुक्ति पर स्थानापन्न पुलिस उप-अधीक्षक नियुक्त करते हैं।

दिनांक 18 अक्तूबर 1976

सं० पी०एफ०/आर-9/65-प्रशा०-5—राष्ट्रपति अपने प्रसाद से श्री राजेन्द लाल, वरिष्ठ लोक-अभियोजक, केन्द्रीय अन्वेषण को दिनांक 7-10-76 के पूर्वाह्न से अगले आदेश तक के लिए केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो विशेष पुलिस स्थापना में अस्थायी रूप से उप-विधि सलाहकार के पद पर प्रोन्नत करते हैं ।

उन्होंने दिनांक 7-10-76 के पूर्वाह्न में वरिष्ठ लोक-अभियोजक केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो आर्थिक अपराध स्कंध दिल्ली के पद का कार्यभार त्याग दिया ।

दिनांक 20 अक्तूबर 1976

सं० पी० एफ०/जे०-53/67-प्रशा०-5—निदेशक, केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो एवं पुलिस महानिरीक्षक, विशेष पुलिस स्थापना, एतद्द्वारा श्री जवाहर लाल, लोक-अभियोजक, केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो, सामान्य अपराध स्कंध, नई दिल्ली, को दिनांक 7 अक्तूबर 1976 के पूर्वाह्न से अगले आदेश तक के लिए केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो में तदर्थता के आधार पर वरिष्ठ लोक-अभियोजक के पद पर प्रोन्नत करते हैं ।

दिनांक 26 अक्तूबर 1976

स० आर०-5/70-प्रशासन-5—निदेशक, केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो एवं पुलिस महानिरीक्षक, विशेष पुलिस स्थापना तथा पदेन सचिव, भारत सरकार, कार्मिक तथा प्रशासनिक सुधार विभाग, एतद्द्वारा श्री आर० एस० जमुआर, लोक-अभियोजक, केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (मुख्यालय) को दिनांक 7 अक्तूबर,

1976 के पूर्वाह्न से अगले आदेश तक के लिए तदर्थ के आधार पर वरिष्ठ लोक-अभियोजक, केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो, के पद पर प्रोन्नत करते हैं।

दिनांक 27 अक्तूबर 1976

सं० पी० एफ०/के०-10/65-प्रशा०-5—केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो की रांची शाखा में पद-स्थापित वरिष्ठ लोक अभियोजक श्री के० एन० वर्मा का दिनांक 21 अक्तूबर, 1976 को स्वर्गवास हो गया।

पी० एस० निगम
प्रशासन अधिकारी
(स्था०)
केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो

केन्द्रीय सतर्कता आयोग

नई दिल्ली, दिनांक 25 अक्तूबर 1976

सं० 2/14/76-प्रशासन—केन्द्रीय सतर्कता आयुक्त एतद्-द्वारा श्री आर० राजगोपालन, सहायक अभियंता, रेलवे मंत्रालय, को 8 अक्तूबर, 1976 अपराह्न से आगामी आदेश तक केन्द्रीय सर्तकता आयोग में स्थानापन्न रूप से सहायक तकनीकी परीक्षक नियुक्त करते हैं।

स० 2/14/76-प्रशासन—केन्द्रीय सतर्कता आयुक्त एतद्द्वारा श्री डी० आर० अहुजा, कार्यपालक अभियंता, भारतीय डाक तार विभाग को 30 सितम्बर, 1976 पूर्वाह्न से आगामी आदेश तक केन्द्रीय सतर्कता आयोग में स्थानापन्न रूप से तकनीकी परीक्षक नियुक्त करते हैं।

श्री निवास
अवर सचिव
कृते केन्द्रीय सतर्कता आयुक्त

गृह मंत्रालय

महानिदेशालय, केन्द्रीय रिज़र्व पुलिस दल

नई दिल्ली-11001, दिनांक 16 अक्तूबर 1976

स० ओ० दो 217/69-स्थापना—श्री जागीर सिंह चिमा, उप-पुलिस अधीक्षक (कम्पनी कमांडर) एक बटालियन, केन्द्रीय रिज़र्व पुलिस दल को सेवा निवृत्तिपूर्व छुट्टी समाप्त होने पर सरकारी सेवा से 14-8-1976 (अपराह्न) से निवृत्त समझा जाए।

दिनांक 21 अक्तूबर 1976

सं० O II-1033/75-स्थापना—डाक्टर श्रीमती श्यामा रैना कनिष्ट चिकित्सा अधिकारी बैस हास्पिटल, केन्द्रीय रिज़र्व पुलिस दल नई दिल्ली की सेवाएं 21-8-76 पूर्वाह्न से समाप्त की जाती हैं।

सं० O-II-1036/75-स्थापना-1—महानिदेशक केन्द्रीय रिज़र्व पुलिस दल निम्नलिखित डाक्टरों को तदर्थ रूप में केवल 3 माह के लिए केन्द्रीय रिज़र्व पुलिस दल में कनिष्ठ चिकित्सा अधिकारियों के पद पर उनके सामने लिखी तिथियों से नियुक्त करते हैं :—

1.	डाक्टर श्रीमती एस० अरुना देवी	7-9-76 पूर्वाह्न
2.	डाक्टर वी० दलीप मूर्थि	13-9-76 पूर्वाह्न
3.	डाक्टर कोशी ऐयापन	15-9-76 पूर्वाह्न

दिनांक 26 अक्तूबर 1976

सं० ओ० दो० 1331/76-स्थापना—राष्ट्रपति, भूतपूर्व मेजर जगसीर सिंह को पुनः नियुक्ति पर अस्थायी रूप में अगले आदेश जारी होने तक उप-पुलिस अधीक्षक (कम्पनी कमांडर) (क्वार्टर मास्टर) के पद पर केन्द्रीय रिज़र्व पुलिस दल में नियुक्त करते हैं।

2. उन्होंने उप-पुलिस अधीक्षक (कम्पनी कमांडर) के पद का कार्यभार ग्रुप सेन्टर, के० रि० पु० दल, हैदराबाद में 1-10-76 पूर्वाह्न को संभाल लिया।

ए० के० बन्द्योपाध्याय
सहायक निदेशक (प्रशासन)

महानिरीक्षक का कार्यालय

केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा दल

नई दिल्ली-110003, दिनांक 15 अक्तूबर 1976

सं० ई०-38013(2)/7/76-कार्मिक—के० औ० सु० ब० यूनिट, के० सी० पी०, खेतरी से स्थानान्तरित होने पर, श्री जी० आर० खोसला, कमांडेंट ने दिनांक 23 सितम्बर 76 के पूर्वाह्न से के० औ० सु० ब० प्रशिक्षण रिज़र्व बल के कमांडेंट नं० 1 का कार्यभार सम्भाल लिया। उनका मुख्यालय नई दिल्ली में होगा।

सं० ई०-32015(2)/8/76-कार्मिक—राष्ट्रपति, पुनर्नियुक्त पर ले० कर्नल सी० एस० मूर्ती को दिनांक 1 सितम्बर 76 के पूर्वाह्न से अगले आदेश तक के० औ० सु० ब० यूनिट एस० एच० ए० आर० परियोजना, श्री हरि कोटा रेंज का कमांडेंट नियुक्त करते हैं।

सं० ई०-38013(3)/16/76-कार्मिक—राउरकेला को स्थानान्तरित होने पर श्री एस० के० मुखर्जी, सहायक कमांडेंट ने 2 दिसम्बर, 1975 के पूर्वाह्न से के० औ० सु० ब० यूनिट आई० ओ० सी० हल्दिया के सहायक कमांडेंट पद का कार्यभार छोड़ दिया और तलचर से स्थानान्तरित होने पर श्री आर०

एम० दाश ने उसी तारीख के पूर्वाह्न से उक्त पद का कार्यभार सम्भाल लिया ।

यह दिनांक 7-1-1976 के अन्तर्गत जारी की गई सम-संख्यक अधिसूचना का अधिक्रमण करती है ।

सं० ई०-38013(3)/13/76-कार्मिक—थुम्बा को स्थानान्तरित होने पर, श्री पी० आर० पिल्ले, सहायक कमांडेंट, के० औ० सु० ब० यूनिट एफ० ए० सी० टी० (कोचीन डिवीजन) कोचीन ने दिनांक 19-8-76 के पूर्वाह्न से उक्त पद का कार्य-भार छोड़ दिया ।

थुम्बा से स्थानान्तरित होने पर, श्री के० जी० थामस, सहायक कमांडेंट, ने दिनांक 19 अगस्त 1976 के पूर्वाह्न से के० औ० सु० ब० यूनिट एफ० ए० सी० टी० (कोचीन डिवीजन) कोचीन, के सहायक कमांडेंट पद का कार्यभार सम्भाल लिया ।

सं० ई०-38013(3)/13/76-कार्मिक—कोचीन से स्था-नान्तरित होने पर, श्री पी० आर० पिल्ले, सहायक कमांडेंट ने दिनांक 27 अगस्त 1976 के पूर्वाह्न से के० औ० सु० ब० यूनिट, आई० एस० आर० औ०, थुम्बा, त्रिवेन्द्रम, के सहायक कमांडेंट पद का कार्यभार सम्भाल लिया ।

सं० ई०-38013(3)/14/76-कार्मिक—के० औ० सु० ब० यूनिट एच० ई० सी० रांची को स्थानान्तरित होने पर, श्री बी० मिश्रा, सहायक कमांडेंट ने दिनांक 3 अगस्त 1976 के पूर्वाह्न से उक्त पद का कार्यभार सम्भाल लिया ।

सं० ई०-38013(3)/17/76-कार्मिक—राष्ट्रपति, श्री एन० राम दास को के० औ० सु० ब० ग्रुप मुख्यालय का स्था-नापन्न रूप से सहायक कमांडेंट तदर्थ आधार पर नियुक्त करते हैं और उन्होंने 10 सितम्बर 1976 के अपराह्न से उक्त पद का कार्यभार सम्भाल लिया ।

सं० 38013(3)/17/76-कार्मिक—राष्ट्रपति, श्री वी० एस० गोविन्दास्वामी को के० औ० सु० ब० यूनिट कोचीन शिप यार्ड, कोचीन का स्थानापन्न रूप से सहायक कमांडेंट तदर्थ आधार पर नियुक्त करते हैं और उन्होंने 17 सितम्बर के पूर्वाह्न से उक्त पद का कार्यभार सम्भाल लिया ।

सं० ई०-38013(3)/17/76-कार्मिक—राष्ट्रपति, निरी-क्षक एस० के० ऋषि को दिनांक 8 सितम्बर 76 के पूर्वाह्न से अगले आदेश तक के० औ० सु० ब० ग्रुप मुख्यालय, पटना का स्थानापन्न रूप से सहायक कमांडेंट नियुक्त करते हैं और उन्होंने उसी दिनांक से उक्त पद का कार्यभार सम्भाल लिया ।

सं० ई०-38013(3)/17/76-कार्मिक—राष्ट्रपति, निरी-क्षक सी० रामा स्वामी को दिनांक 7 सितम्बर 1976 के पूर्वाह्न से अगले आदेश तक के० औ० सु० ब० यूनिट कोचीन पोर्ट ट्रस्ट, कोचीन, का स्थानापन्न रूप से सहायक कमांडेंट नियुक्त करते हैं और उन्होंने उसी दिनांक से उक्त पद का कार्यभार सम्भाल लिया ।

सं० ई०-38013(3)/17/76-कार्मिक—राष्ट्रपति, श्री ओ० पी० भसीन को के० औ० सु० ब० यूनिट, आई० पी० सी० एल०, बड़ौदा का स्थानापन्न रूप से सहायक कमांडेंट तदर्थ आधार पर नियुक्त करते हैं और उन्होंने 9 सितम्बर 76 के पूर्वाह्न से उक्त पद का कार्यभार सम्भाल लिया ।

सं० ई०-38013(3)/17/76-कार्मिक—राष्ट्रपति, निरी-क्षक श्री एस० के० चक्रवर्ती को के० औ० सु० ब० ग्रुप मुख्यालय कलकत्ता का स्थानापन्न रूप से तदर्थ आधार पर सहायक कर कमांडेंट नियुक्त करते हैं और उन्होंने दिनांक 17 सितम्बर 76 के पूर्वाह्न से उक्त पद का कार्यभार सम्भाल लिया ।

सं० ई०-38013(3)/17/76-कार्मिक—के० औ० सु० ब० नं० 1 प्रशिक्षण रिजर्व बल में स्थानान्तरित होने पर, श्री श्री ए० एस० भट्टी, सहायक कमांडेंट ने दिनांक 14 सितम्बर 1976 के पूर्वाह्न से उक्त पद का कार्यभार सम्भाल लिया । उनका मुख्यालय नई दिल्ली में होगा ।

दिनांक 27 अक्तूबर 1976

सं० ई०-16016/3/76-कार्मिक—रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड) नई दिल्ली से प्रतिनियुक्ति पर स्थानांतरित होने पर उस मंत्रालय के स्थाई सहायक श्री तिलक राज गुजराल ने केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, (गृह मंत्रालय) नई दिल्ली के महानिरीक्षक के कार्यालय में 21 अक्तूबर, 1976 के पूर्वाह्न से अनुभाग अधिकारी के पद का कार्यभार सम्भाल लिया ।

ली० सिंह बिष्ट,
महानिरीक्षक

भारत के महापंजीकार का कार्यालय

नई दिल्ली-110011, दिनांक 21 अक्तूबर 1976

सं० पी०/जेड०(1)-ए० डी०-1—इस कार्यालय की अधि-सूचना सं० पी०/जेड० (1)-ए० डी०-1 दिनांक 13 जून, 1975 की अनुवृती में राष्ट्रपति, श्री जे० एन० जुत्सी के जम्मू एवं काश्मीर के जनगणना निदेशक एवं पदेन जनगणना अधीक्षक के पद पर की पुनः नियुक्ति को दिनांक 20 अक्तूबर, 1976 से एक वर्ष की और अवधि के लिए सहर्ष बढ़ाते हैं ।

श्री जुत्सी का मुख्य कार्यालय श्रीनगर में होगा ।

दिनांक 25 अक्तूबर 1976

सं० 11/10/76-प्रशा०-एक—राष्ट्रपति, तमिल नाडु में जनगणना कार्य निदेशक के कार्यालय में सहायक निदेशक जन-गणना (तकनीकी) श्री ए० एस० डांगे को 16 अक्तूबर, 1976 के पूर्वाह्न से एक वर्ष की अवधि के लिए या अगले आदेशों तक जो भी समय इनमें पहले हो, सिक्किम में जनगणना कार्य निदेशक के कार्यालय में पूर्णतः अस्थायी और तदर्थ आधार पर उप निदेशक जनगणना कार्य के पद पर सहर्ष नियुक्त करते हैं ।

श्री डांगे का मुख्यालय गंगटोक में होगा ।

सं० 11/10/76-प्रशा०-एक—राष्ट्रपति, केरल में जनगणना कार्य निदेशक के कार्यालय में सहायक निदेशक जनगणना कार्य (तकनीकी) श्री एम० थंगाराजू को 4 अक्तूबर, 1976 के पूर्वाह्न से एक वर्ष की अवधि के लिए या अगले आदेशों तक जो भी समय इनमें पहले हो, तमिल नाडु में जनगणना कार्य निदेशक के कार्यालय में पूर्णतः अस्थायी और तदर्थ आधार पर उप निदेशक जनगणना कार्य के पद पर सहर्ष नियुक्त करते हैं।

श्री थंगाराजू का मुख्यालय मद्रास में होगा।

सं० 11/4/76-प्रशा०-एक (3)—राष्ट्रपति, पंजाब में जनगणना कार्य निदेशक के कार्यालय में अन्वेषक श्री जी० एस० पाबला को 14 अक्तूबर, 1976 के पूर्वाह्न से 48 दिनों की अवधि या अगले आदेशों तक जो भी समय इनमें पहले हो, उसी कार्यालय में पूर्णतः अस्थायी और तदर्थ आधार पर सहायक निदेशक जनगणना कार्य (तकनीकी) के पद पर सहर्ष नियुक्त करते हैं।

श्री पाबला का मुख्यालय चण्डीगढ़ में होगा।

दिनांक 26 अक्तूबर 1976

सं० 11/4/76-प्रशा०-एक(2)—राष्ट्रपति, बिहार में जनगणना कार्य निदेशक के कार्यालय में अन्वेषक श्री आर० बी० सिंह को 23 सितम्बर, 1976 के पूर्वाह्न से 28 फरवरी, 1977 तक उसी कार्यालय में पूर्णतः अस्थायी और तदर्थ आधार पर सहायक निदेशक जनगणना कार्य (तकनीकी) के पद पर सहर्ष नियुक्त करते हैं।

श्री आर० बी० सिंह का मुख्यालय चण्डीगढ़ में होगा।

सं० 11/4/76-प्रशा०-एक (1)—राष्ट्रपति, इस कार्यालय की तारीख 28 अगस्त, 1976 की समसंख्यांक अधिसूचना के अनुक्रम में पंजाब में जनगणना कार्य निदेशक के कार्यालय में श्री जी० एस० पाबला की सहायक निदेशक जनगणना कार्य (तकनीकी) के पद पर तदर्थ नियुक्ति को 30 सितम्बर, 1976 तक सहर्ष बढ़ाते हैं।

श्री पाबला की तदर्थ नियुक्ति के विस्तारित अवधि के दौरान में मुख्यालय चण्डीगढ़ में ही रहेगा।

दिनांक 27 अक्तूबर 1976

सं० पी०/एस० (74)-प्रशा०-एक—उत्तर प्रदेश सिविल सेवा के अधिकारी श्री डी० पी० सक्सेना ने 30 सितम्बर, 1976 के अपराह्न से उत्तर प्रदेश, लखनऊ में उप निदेशक जनगणना कार्य के पद का कार्यभार छोड़ा।

श्री सक्सेना की सेवाएं उक्त तारीख से ही उत्तर प्रदेश सरकार के सुपुर्द की गई।

बद्री नाथ
भारत के उप महापंजीकार और
पदेन उप सचिव

वित्त मंत्रालय

आर्थिक कार्य विभाग

भारत प्रतिभूति मुद्रणालय

नासिक रोड, दिनांक 8 अक्तूबर 1976

सं० 928/ए०—दि० 4-9-76 के क्रम में, श्री० एस० टी० पवार को उप नियंत्रण अधिकारी के पद पर चलार्थ पत्र मुद्रणालय में 8-1-1977 तक नियुक्त करते हैं।

दिनांक 14 अक्तूबर 1976

सं० 954/ए०—श्री एस० एम० नागपाल, निम्नांकित अधिकारी को चलार्थ पत्र मुद्रणालय में (द्वितीय श्रेणी राजपत्रित पद) उप नियंत्रण अधिकारी के पद पर सुधारित वेतन श्रेणी द० 650-30-740-35-810-ई० बी०-35-880-40-1000-ई० बी०-40-1200 में तदर्थ रूप में 11-10-76 से 8-1-1977 तक नियुक्त किया जाता है।

ना० राममूर्ति
ज्येष्ठ उप महा प्रबंधक,
भारत प्रतिभूति मुद्रणालय

बैंक नोट मुद्रणालय

देवास, दिनांक 12 अक्तूबर 1976

सं० पत्र क्रमांक बी० एन० पी०/ई०/8/एम०-8—इस कार्यालय की दिनांक 11-7-76 की समसंख्यक अधिसूचना के अनुक्रम में श्री एस० के० माथुर को तदर्थ आधार पर उप-नियंत्रण अधिकारी के पद पर की गई नियुक्ति 13 अक्तूबर 1976 (पूर्वाह्न) से 3 माह की अवधि तक या पद के नियमित रूप से भरे जाने तक, जो भी पहले हो निरन्तर की जाती है।

डी० सी० मुखर्जी,
महाप्रबन्धक

भारतीय लेखा परीक्षा तथा लेखा विभाग

भारत के नियन्त्रक-महालेखापरीक्षक का कार्यालय

नई दिल्ली, दिनांक 15 अक्तूबर 1976

संख्या 4981-रा० स्था० I/III-76

1. सं० 3976-रा० स्था० I/जे०-14/पी० एफ० II दिनांक 11-8-76—अधिवर्षिता की आयु प्राप्त करने पर

श्री डी० पी० जैन, भारतीय लेखा तथा लेखापरीक्षा सेवा, लेखा नियन्त्रक, कार्यालय मुख्य लेखा नियन्त्रक, पूर्ति विभाग, नई दिल्ली 31-7-76 (अपराह्न) से सरकारी सेवा से सेवा निवृत हो गए हैं ।

2. सं० 4261-रा० स्था०-I/जे०-4/पी० एफ० V दिनांक 30-8-76—श्री डी० डी० जेरथ, भारतीय लेखा तथा लेखापरीक्षा सेवा ने 14-8-76 से महालेखाकार, असम, मेघालय, मिजोराम तथा अरुणाचल प्रदेश, शिलांग के रूप में कार्यभार संभाल लिया है । उन्होंने श्री आर० सी० सूरी, भारतीय लेखा तथा लेखापरीक्षा सेवा को उनके स्थानान्तरण पर कार्यभार से मुक्त किया ।

3. सं० 4408-रा० स्था० I/पी० 25/पी० एफ० III दिनांक 4-9-76—अधिवर्षिता की आयु प्राप्त करने पर श्री बी० जी० पांडसे भारतीय लेखा तथा लेखापरीक्षा सेवा सरकारी सेवा से (8-5-76 से 31-8-76 तक की निवृत्ति पूर्व छुट्टी समाप्त होन पर) 31-8-76 (अपराह्न) से सेवा निवृत्त हो गए हैं ।

4. सं० 4601-रा० स्था० I/एम० 30/पी० एफ० IV दिनांक 16-9-76—श्री एस० सी० मुखर्जी, भारतीय लेखा तथा लेखापरीक्षा सेवा ने 4 सितम्बर 1976 (अपराह्न) से मुख्य लेखापरीक्षक, रेलवे उत्पादन यूनिट, कलकत्ता के रूप में कार्यभार संभाल लिया है । उन्होंने कुमारी अमृता ग्रोवर, भारतीय लेखा तथा लेखापरीक्षा सेवा को उनके स्थानान्तरण पर कार्यभार से मुक्त किया ।

श्री मुखर्जी को उसी तारीख से अगले आदेश तक महालेखाकार के ग्रेड के स्तर II में स्थानान्तरण रूप में नियुक्त किया जाता ।

5. संख्या 4625-रा० स्था० I/ए०-2/पी० एफ० IV दिनांक 16-9-76—श्री यू० डी० आचार्य, भारतीय लेखा तथा लेखापरीक्षा सेवा ने 4-9-76 (अपराह्न) से मुख्य लेखापरीक्षक, पूर्व रेलवे, कलकत्ता के रूप में कार्यभार संभाल लिया है । उन्होंने श्री एन० जी० सेन, भारतीय लेखा तथा लेखापरीक्षा सेवा को कार्यभार से मुक्त किया ।

6. सं० 4626-रा० स्था० I/एस० 65/ पी० एफ० IV दिनांक 16-9-76—श्री वी० के० सुब्रामनियन, भारतीय लेखा तथा लेखापरीक्षा सेवा ने 4-9-76 (अपराह्न) से निदेशक, भारतीय लेखा तथा लेखापरीक्षा सेवा स्टाफ कालेज, शिमला के रूप में कार्यभार संभाल लिया है ।

श्री सुब्रामनियन को उसी तारीख से अगले आदेश तक महालेखाकार के ग्रेड के स्तर II में स्थानापन्न रूप में नियुक्त किया जाता है ।

7. सं० 4722-रा० स्था० I/पी० 33/पी० एफ० दिनांक 20-9-76—कुमारी भारती प्रसाद, भारतीय लेखा तथा लेखापरीक्षा सेवा को दिनांक 4-9-76 (पूर्वाह्न) से अगले आदेश तक भारतीय लेखा तथा लेखापरीक्षा सेवा के वरिष्ठ वेतनमान में स्थानापन्न रूप में नियुक्त किया जाता है ।

8. सं० 4723-रा० स्था० I/बी० 77/पी० एफ० दिनांक 20-9-76—श्री उत्पल भट्टाचार्य, भारतीय लेखा तथा लेखापरीक्षा सेवा को दिनांक 4-9-76 (पूर्वाह्न) से अगले आदेश तक भारतीय लेखा तथा लेखापरीक्षा सेवा के वरिष्ठ वेतनमान (1100-1600 रु०) में स्थानापन्न रूप में नियुक्त किया जाता है ।

9. सं० 4941-रा० स्था० I/बी० 25/पी० एफ० III दिनांक 7-10-76—श्री एच० बी० भड़, भारत के उप-नियन्त्रक-महालेखापरीक्षक 4 सितम्बर 76 से 31 जनवरी 78 तक की निवृत्ति पूर्व छुट्टी पर चले गए हैं ।

एम० एम० बी० अन्नावी
सहायक नियन्त्रक-महालेखापरीक्षक
(कार्मिक)

रक्षा लेखा विभाग

कार्यालय, रक्षा लेखा महानियन्त्रक

नई दिल्ली-22, दिनांक 15 अक्तूबर 1976

सं० 86016 (14)/76/प्रशा०-II—राष्ट्रपति, भारतीय-रक्षा लेखा सेवा के श्री के० राधाकृष्णन को कनिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड (रु० 1500-60-1800-100-2000) में स्थानापन्न रूप में कार्य करने के लिए 30-8-76 (पूर्वाह्न) से आगामी आदेश पर्यन्त, सहर्ष नियुक्त करते हैं ।

दिनांक 25 अक्तूबर 1976

सं० 18217/प्रशा०-II—58 वर्ष की आयु प्राप्त कर लेने पर श्री आर० के० वधावन, रक्षा लेखा उप नियन्त्रक को पेंशन स्थापना को अन्तरित कर दिया जाएगा और उनका नाम, 30 अप्रैल, 1977 (अपराह्न) से, विभाग की नफरी से निकाल दिया जाएगा ।

पी० के० रामानुजम,
रक्षा लेखा अपर महा नियन्त्रक (प्रशा०)

रक्षा मंत्रालय

भारतीय आर्डनैन्स फैक्टरियां सेवा

महानिदेशालय, आर्डनैन्स फैक्टरियां

कलकत्ता-16, दिनांक 15 अक्तूबर 1976

सं० 74/76/जी०—राष्ट्रपति, निम्नलिखित अधिकारियों को अस्थायी सहायक प्रबन्धक के पद पर, प्रत्येक के सामने दर्शायी तारीख से आगामी आदेश न होने तक नियुक्त करते हैं :—

1. श्री मुरलीधर कण्डवाल—26 जुलाई, 1973/पूर्वाह्न
2. श्री बाल भूषण—1 अक्तूबर, 1973/पूर्वाह्न
3. श्री धीरेन्द्र प्रकाश सक्सेना—16 अगस्त, 1973/पूर्वाह्न
4. श्री एस० सलीम रजा जायदी—29 अगस्त, 1973/(पूर्वाह्न)
5. श्री वी० हरिहर अय्यर —28 जून, 1973/पूर्वाह्न

दिनांक 18 अक्तूबर 1976

सं० 75/76/ए०/जी०—सेवा निवृत्ति-पूर्व-अवकाश की समाप्ति पर, श्री एम० के० मेनन, मौलिक एवं स्थायी उप-प्रबन्धक, दिनांक 31 जुलाई, 1976 (अपराह्न) से सेवा निवृत्त हुए ।

एम० पी० आर० पिल्लाय
सहायक महानिदेशक, आर्डनैन्स फैक्टरियां

श्रम मन्त्रालय

(कोयला खान कल्याण संस्था)

धनबाद–826003, दिनांक 25 अक्तूबर 1976

सं०-प्रशासन 12(9)76—श्री विनेश प्रसाद, स्थायी प्रधान लिपिक को कोयला खान कल्याण आयुक्त धनबाद के सहायक सचिव के पद पर दिनांक 2-9-76 (पूर्वाह्न) से रु० 550-25-750-दक्षता रोध-30-900 के वेतनमान में अस्थायी रूप से अगला आदेश होने तक की अवधि के लिए नियुक्त किया गया है ।

आर० पी० सिन्हा
कोयला खान कल्याण आयुक्त, धनबाद

श्रम ब्यूरो

शिमला-171004 दिनांक 5-11-76

5 नवम्बर 1976

सं० 23/3/76—सी० पी० आई०—सितम्बर, 1976 में औद्योगिक श्रमिकों का अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (आधार 1960=100) अगस्त, 1976 के स्तर से चार अंक बढ़कर 302 (तीन सौ दो) रहा । सितम्बर, 1976 माह का सूचकांक 1949 आधार वर्ष पर परिवर्तित किए जाने पर 367 (तीन सौ सड़सठ) आता है ।

सु कुमार रे
उप निदेशक

वाणिज्य मंत्रालय

मुख्य नियन्त्रक, आयात-निर्यात का कार्यालय

नई दिल्ली, दिनांक 19 अक्तूबर 1976

आयात और निर्यात व्यापार नियन्त्रण (स्थापना)

मि० सं० 6/88/54-प्रशासन(जी०)—राष्ट्रपति, केन्द्रीय सचिवालय सेवा के वर्ग I के अधिकारी और इस कार्यालय में उप-मुख्य नियन्त्रक, आयात-निर्यात, श्री एन० सी० कांजीलाल को दिनांक 30 सितम्बर, 1976 के दोपहर बाद से सरकारी सेवा से निवृत्त होने की अनुमति प्रदान करते हैं ।

मि० सं० 6/725/64-प्रशा०(राज०)—सेवा निवृत्ति की आयु होने पर, केन्द्रीय सचिवालय सेवा के अनुभाग अधिकारी वर्ग के अधिकारी, श्री टी० एन० मित्तल ने दिनांक 30 सितम्बर, 1976 के दोपहर बाद से इस कार्यालय में नियन्त्रक, आयात-निर्यात के पद का कार्यभार छोड़ दिया ।

ए० एस० गिल,
मुख्य नियन्त्रक, आयात-निर्यात

वस्त्र आयुक्त का कार्यालय

बम्बई, दिनांक 1 अक्तूबर 1976

स० 10(1)/73-76/सी० एल०बी० II—कपास नियन्त्रण आदेश, 1955 के खंड 5(1) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मैं एतद्द्वारा वस्त्र आयुक्त की अधिसूचना सं० 10(1)/73-74/सी० एल० बी० II दिनांक 19 दिसम्बर 1974 में निम्नलिखित अतिरिक्त संशोधन करता हूं, अर्थात् :—

एक. (1) उक्त अधिसूचना से संलग्न अनुसूची में क्रम सं० 1 के सामने स्तम्भ 3 की विद्यमान प्रविष्टी में "दो मास" इन शब्दों और चिह्न के स्थान पर "एक मास" ये शब्द और चिह्न प्रतिस्थापित किए जाएंगे ।

(2) क्रम संख्या 2 के सामने स्तंभ 3 की विद्यमान प्रविष्टी में "साढ़े तीन मास" इन शब्दों और चिह्न के स्थान पर "दो मास" ये शब्द और चिह्न प्रतिस्थापित किए जाएंगे ।

(3) क्रम संख्या 3 के सामने स्तंभ 3 की विद्यमान प्रविष्टी में "तीन मास" इन शब्दों और चिह्न के स्थान पर "डेढ़ मास" ये शब्द और चिह्न प्रतिस्थापित किए जाएंगे ।

दो. अनुसूची के नीचे के दूसरे परंतुक में "साढ़े चार मास" इन शब्दों के स्थान पर "तीन मास" ये शब्द प्रतिस्थापित किए जाएंगे ।

दिनांक 6 अक्तूबर 1976

सं० सी० ई० आर०/1/76—सूती वस्त्र (नियंत्रण) आदेश, 1948 के खंड 22 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मैं एतद् द्वारा वस्त्र आयुक्त की अधिसूचना सं० सी० ई० आर०/1/68 दिनांक 2 मई, 1968 में निम्नलिखित अतिरिक्त संशोधन करता हूं, अर्थात् :—

उक्त अधिसूचना के पैराग्राफ 2 में :—

एक. मद (बी) की उपमद (पांच) के स्थान पर निम्न प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :—

"(पांच) जो ऐसे सूत से बुना गया हो जिसका औसत काउंट 34.49s से अधिक न हो और इसमें हर प्रकार की छपी मलमल और छपी वायल, जिसके टुकड़ों की लम्बाई 5.5 मीटर से कम न हो, सम्मिलित है ।"

दो. मद (बी) के बाद निम्नलिखित टिप्पणी जोड़ दी जाएगी :—

"**टिप्पणी**—इस पैराग्राफ के निमित्त छपी मलमल और छपी वायल से तात्पर्य कोई भी सादी बुनाई (प्लेन वीव) का छपा वस्त्र है जो इकहरे सूत से निर्मित हो और जिसके ताने के सूत का काउंट 28s से कम न हो ।"

तीन. मद (ई) के बाद निम्न मद और जोड़ दी जाएगी, अर्थात् :—

"(एफ)" नियंत्रित टयर" से तात्पर्य हर प्रकार के सादी बुनाई के इकहरे सूत से निर्मित वस्त्र जो मर्सराइज्ड या ब्लीचंक हो या न हो से है, और जो :—

(एक) पूर्ण रूप से रुई से या अंशतः रुई और अंशतः किसी अन्य रेशे से निर्मित हो और जिसमें रुई की मात्रा, वजन के आधार पर, 75 प्रतिशत से कम न हो,

(दो) ऐसे सूत से निर्मित हो जिसका औसत काउंट 34.49s से अधिक न हो,

(तीन) ब्लीच्ड, रंगा या छपा हो,

(चार) प्रति वर्ग-गज 5.5 औंस और 6.5 औंस के बीच के वजन का हो, और

(पांच) सर्व साधारण में उक्त नाम से विदित हो।"

गौरी शंकर भार्गव,
संयुक्त वस्त्र आयुक्त

बम्बई-20, दिनांक 18 अक्तूबर 1976

सं० ई० एस० टी० 1-2(675)—वस्त्र आयुक्त, अपने कानपुर स्थित प्रादेशिक कार्यालय के प्रवर्तन निरीक्षक (नान टेकनीकल) श्री शैलेन्द्र नाथ मजुमदार को 23 अगस्त, 1976 के पूर्वाह्न से, अन्य आदेश होने तक, उसी कार्यालय में सहायक प्रवर्तन अधिकारी के पद पर सहर्ष नियुक्त करते हैं।

कां० रा० नीलकंठन
उप निदेशक

विस्फोटक सामग्री विभाग

नागपुर, दिनांक 14 अक्तूबर 1976

सं० आर०4(2)43—विस्फोटक नियम 1940 के नियम 5 के उपनियम (2) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मुख्य विस्फोटक नियंत्रक, विस्फोटक सामग्री विभाग, 12.5 किलोग्राम तक अमोरसेज (पेपर कैप्स फॉर टॉय पिस्टल्स) के संचयन और बिक्री के लिये विस्फोटक विभाग के आदेश सं० आर०-4 (2) 43 दिनांक 13-2-69 का अधिक्रमण और विस्फोटक नियम 1940 के नियम 81 की अपेक्षा निलंबित करते हैं।

इंगुब नरसिंह मूर्ति
मुख्य विस्फोटक नियंत्रक

पूर्ति तथा निपटान महानिदेशालय
(प्रशासन शाखा 1)

नई दिल्ली, दिनांक 14 अक्तूबर 1976

सं० प्र० 1/1(550)—स्थायी अवर क्षेत्र अधिकारी तथा पूर्ति निदेशक (वस्त्र) बम्बई के कार्यालय में स्थानापन्न सहायक निदेशक (ग्रेड II) सर्वश्री एल० एल० टी० डिसूजा और एन० आर० फनासगांओकर दिनांक 30-9-76 के अपराह्न से नियर्तन आयु (58 वर्ष) होने पर सरकारी सेवा से निवृत्त हो गये।

के० एल० कोहली
उप निदेशक प्रशासन
कृते महानिदेशक पूर्ति तथा निपटान

इस्पात और खान मंत्रालय
खान विभाग
भारतीय खान ब्यूरो

नागपुर, दिनांक 19 अक्तूबर 1976

सं० ए० 19011(198)/76-सी० ए०—राष्ट्रपति, श्री आर० एम० रामनाथन को 28 सितम्बर, 1976 के अपराह्न से आगामी आदेश होने तक भारतीय खान ब्यूरो में कनिष्ट खनन भूविज्ञानी के पद पर स्थानापन्न रूप में नियुक्त करते हैं।

ए० के० राघवाचारी
वरिष्ठ प्रशासन अधिकारी
कृते नियंत्रक

कानपुर, दिनांक 19 अक्तूबर 1976

सं० ए० 19011(30)/75-स्था० ए०—राष्ट्रपति भारतीय खान ब्यूरो के स्थायी उप अयस्क प्रसाधन अधिकारी श्री डी० बी० कुलकरणी, को दिनांक 5 अक्तूबर, 1976 के पूर्वाह्न से अगले आदेश होने तक उसी विभाग में तदर्थ आधार पर अयस्क प्रसाधन अधिकारी के रूप में नियुक्त करते हैं।

सं० ए० 19011(58)/75-स्था० ए०—राष्ट्रपति भारतीय खान ब्यूरो के स्थायी उप अयस्क प्रसाधन अधिकारी श्री एस० एन० चट्टोपाध्याय को दि० 5-10-1976 के पूर्वाह्न से अगले आदेश होने तक उसी विभाग में तदर्थ आधार पर अयस्क प्रसाधन अधिकारी के रूप में नियुक्त करते हैं।

ए० के० राघवाचारी
वरिष्ठ प्रशासन अधिकारी, भारतीय खान ब्यूरो

भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण

कलकत्ता-16, दिनांक 25 अक्तूबर 1976

सं० 40/59/सी०/19-ए०—श्री बी० एम० गुहा की सहायक प्रशासनिक अधिकारी के पद की तदर्थ नियुक्ति को भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण में आगें आदेश होने तक, 1-9-1976 के पूर्वाह्न से नियमित किया गया है।

श्री बी० एम० गुहा की सहायक प्रशासनिक अधिकारी के पद पर तदर्थ नियुक्ति 30-3-1974 से की गई थी।

सं० 2222 (एस० सी०)/19-ए०—श्री सोमनाथ चट्टोपाध्याय, वरिष्ठ तकनीकी सहायक (भूविज्ञान), भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण को सहायक भूवैज्ञानिक के रूप में उसी विभाग में वेतन नियमानुसार 650-30-740-35-810-द० रो०-35-880-40-1000-द० रो०-40-1200 रुपये के वेतनमान में, अस्थायी क्षमता में, आगामी आदेश होने तक, 3 सितम्बर, 1976 के पूर्वाह्न से नियुक्त किया जाता है।

बी० के० एस० वरदन, महा निदेशक

भारतीय सर्वेक्षण विभाग
महासर्वेक्षक का कार्यालय

देहरादून, दिनांक 19 अक्तूबर 1976

सं० स्था० 1/5144/579-चुनाव-70 (श्रेणी II)—श्री जी० एस० धीमन को भारतीय सर्वेक्षण विभाग में अधिकारी सर्वेक्षक के अस्थायी पद पर ग्रुप 'बी०' सेवा में 650-30-740-35-810-द० रो० 35-880-40-1000-द० रो०-40-1200 रुपये के संशोधित वेतनमान में 17 सितम्बर, 1976 पूर्वाह्न से अगले आदेश दिए जाने तक स्थानापन्न रुप में नियुक्त किया जाता है।

दिनांक 20 अक्तूबर 1976

सं० स्था०-1-5145/587—श्री अनिल कुमार चक्रवर्ती को भारतीय सर्वेक्षण विभाग में सामान्य केन्द्रीय सेवा ग्रेप 'बी०' (अराजपत्रित) में सहायक मुख्य नक्काश के स्थायी पद पर 650-30-740-35-810-द० रो०- 35-880-40-1000-द० रो०-40-1200 रुपये के संशोधित वेतनमान में 28 सितम्बर, 1976 पूर्वाह्न से अगले आदेश दिए जाने तक स्थानापन्न रूप में नियुक्त किया जाता है ।

सं० स्था०- 1-5147/913-एच०—इस कार्यालय की अधिसूचना संख्या स्था०-1-1-5107/913-एच० दिनांक 1-7-76 के अनुक्रम में श्री रमेश कुमार चमोली, हिन्दी अधिकारी, महासर्वेक्षक का कार्यालय की तदर्थ नियुक्ति की अवधि 31-3-77 तक, या जब तक पद नियमित आधार पर भरा जाता है, जो भी पहले हो, बढ़ा दी जाती है ।

के० एल० खोसला, मेजर जनरल
भारत के महासर्वेक्षक

आकाशवाणी महानिदेशालय

नई दिल्ली, दिनांक 25 अक्तूबर 1976

सं० 5(3)/69-डी० (एस०)-एस० दो—श्री पी० वी० रामकृष्णन, लेखा अधिकारी की महालेखाकार मद्रास के कार्यालय से क्षेत्रीय अभियन्ता (दक्षिण), आकाशवाणी, मद्रास के कार्यालय में प्रतिनियुक्ति 24-9-1976 से एक वर्ष के लिये बढ़ायी जाती है ।

एस० वी० सेषाद्री, प्रशासन उप-निदेशक
कृते महानिदेशक

दूरदर्शन महानिदेशालय

नई दिल्ली, दिनांक 26 अक्तूबर 1976

सं० 55/46/76-एस० एक—महानिदेशक, दूरदर्शन, एतद्द्वारा श्री डी० गुरुस्वामी ट्रान्समिशन निष्पादक, दूरदर्शन, मद्रास को 29 सितम्बर, 1976 से अग्रेतर आदेशों तक, उसी केन्द्र में, अस्थायी आधार पर, कार्यक्रम निष्पादक के पद पर नियुक्त करते हैं ।

सी० एल० आर्य, प्रशासन उपनिदेशक
कृते महानिदेशक

सूचना और प्रसारण मंत्रालय

फिल्म प्रभाग

बम्बई-26, दिनांक 11 अक्तूबर 1976

सं० 17/16/49 सिम्बन्दी-1—श्री आर०सी० खन्ना स्थानापन्न शाखा प्रबन्धक फिल्म प्रभाग मद्रास, छुट्टी से वापस आने के कारण श्री पी० व्ही० राव, स्थानापन्न शाखा प्रबन्धक फिल्म प्रभाग मद्रास दिनांक 27-9-1976 के पूर्वाह्न से फिर फिल्म प्रभाग नागपुर में विक्रेता के पद पर प्रत्यावर्तित माने जायेंगे ।

एम० के० जैन, प्रशासकीय अधिकारी
कृते प्रमुख निर्माता

स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय

नई दिल्ली, दिनांक 14 अक्तूबर 1976

सं० ए० 12025/19/76 (के० स० स्वा० यो०) प्रशासन-1 (ए०)—स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक ने 7 सितम्बर, 1976 के पूर्वाह्न से आगामी आदेशों तक डा० एस० जी० डामले को केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना, नागपुर में दंत शल्य चिकित्सक के पद पर अस्थायी आधार पर नियुक्त किया है ।

सं० ए० 12015/9/76 (के० स० स्वा० यो०) /एडमिन-1—स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक ने 10 अगस्त, 1976 पूर्वाह्न से डा० एस० एस० लूथरा को केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना, मेरठ में दंत शल्य चिकित्सक के पद पर आगामी आदेशों तक अस्थाई आधार पर नियुक्त किया है ।

दिनांक 18 अक्तूबर 1976

सं० 10-15/73-प्रशासन-1 —राष्ट्रपति ने 24 सितम्बर, 1976 के पूर्वाह्न से डा० एम० एल० दीवान को केन्द्रीय खाद्य प्रयोगशाला, कलकत्ता में सूक्ष्म जीव वैज्ञानिक के पद पर आगामी आदेशों तक अस्थायी आधार पर नियुक्त किया है ।

2. केन्द्रीय खाद्य प्रयोगशाला, कलकत्ता में सूक्ष्म जीव वैज्ञानिक के पद पर अपनी नियुक्ति के फलस्वरूप डा० एम० एल० दीवान ने 15 सितम्बर, 1976 के अपराह्न से केन्द्रीय अनुसंधान संस्थान, कसौली में फैक्टरी मैनेजर के पद का कार्यभार छोड़ दिया ।

सं० ए० 31013/9/76(सी० एच० ई० बी०) :-प्रशासन-1—राष्ट्रपति, 27 अप्रैल, 1976 से श्री ए० बी० हीरामणी को केन्द्रीय स्वास्थ्य शिक्षा ब्यूरो, स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय में सहायक उप महानिदेशक (अनुसंधान), के स्थाई पद पर स्थाई रूप से नियुक्त करते हैं ।

सं० ए० 12023/14/76 (वि० अ०)प्रशासन-1 —स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक ने 21 सितम्बर, 1976 के पूर्वाह्न से अगामी आदेशों तक डा० (श्रीमती) स्वर्णलता कपूर को विलिंग्डन अस्पताल, नई दिल्ली में सहायक जीव रसायन विज्ञानी के पद पर तदर्थ आधार पर नियुक्त किया है ।

सं० ए० 12025/12/76 (एफ० आर० एस० एल०)-प्रशासन-1 —राष्ट्रपति ने पणन एवं निरीक्षण निदेशालय, कृषि और सिंचाई मंत्रालय (ग्राम विकास विभाग) के पणन अधिकारी डा० पी० के० जायसवाल को खाद्य अनुसंधान एवं मानकीकरण प्रयोगशाला, गाजियाबाद , में वरिष्ठ विश्लेषक के पद पर 24 सितम्बर, 1976 के पूर्वाह्न से आगामी आदेशों तक अस्थायी आधार पर नियुक्त किया है ।

सं० ए० 12025/17/76(जे० आई० पी०)-एडमिन० 1—राष्ट्रपति ने 31 जुलाई, 1976 के पूर्वाह्न से तथा आगामी आदेशों तक डा० आर० सुन्दरगेन को जवाहरलाल स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, पांडिचेरी में जीवरसायन के प्राध्यापक के पद पर स्थानापन्न रूप से नियुक्त किया है ।

दिनांक 19 अक्तूबर 1976

सं० ए० 31013/3/76-डी०—राष्ट्रपति ने 19 फरवरी, 1976 से श्री ए० के० एम० पिल्लई को केन्द्रीय भारतीय भेषज संहिता प्रयोगशाला, गाजियाबाद में वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी, ग्रेड 2 के पद पर स्थायी आधार पर नियुक्त किया है ।

सं० 26-19/75-प्रशासन-1—राष्ट्रपति, 27 सितम्बर, 1976 के पूर्वाह्न से आगामी आदेशों तक श्री प्यारे लाल सूद, तकनीकी अधिकारी, केन्द्रीय अनुसंधान संस्थान, कसौली को राष्ट्रीय संचारी रोग संस्थान, दिल्ली में अनुसंधान अधिकारी (सूक्ष्म जीव विज्ञान) के पद पर तदर्थ आधार पर नियुक्त करते हैं ।

सं० 26-14-74-प्रशासन-1—स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक ने 1 फरवरी, 1976 से श्री एस० एन० शर्मा को राष्ट्रीय संचारी रोग संस्थान, दिल्ली में प्रशासन अधिकारी के स्थाई पद पर स्थाई आधार पर नियुक्त किया है ।

दिनांक 20 अक्तूबर 1976

सं० 6-12/73-प्रशासन-1—रक्षा मंत्रालय के अधीन असैनिक जीव-रसायनज्ञ के पद पर अपनी नियुक्ति के फलस्वरूप डा० ए० ए० अनसारी ने 14 सितम्बर, 1976 के अपराह्न को केन्द्रीय अनुसंधान संस्थान, कसौली, में उप सहायक निदेशक (नान-मेडिकल) के पद का कार्यभार छोड़ दिया ।

सं० 16-6/75-एडमिन०-1—स्वास्य सेवा महानिदेशक ने श्री यू० एस० मिश्र को 20 सितम्बर, 1973 से केन्द्रीय स्वास्थ्य शिक्षा ब्यूरो, स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय में सहायक सम्पादक (रेडियो और टी० वी०) के स्थायी पद पर स्थायी रूप से नियुक्त किया है ।

सं० ए० 31014/10/76- (सी० एच० ई० बी०)/प्र०-1—स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक ने श्री जे० पी० शर्मा को 29 जून, 1976 से केन्द्रीय स्वास्थ्य शिक्षा ब्यूरो, स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय में प्रचार अधिकारी (कला) के स्थायी पद पर स्थायी रूप से नियुक्त किया है ।

दिनांक 27 अक्तूबर 1976

सं० ए० 31014/6/76-(एच० क्यू०) प्रशासन-1—स्वास्थ्य सेवा महानिदेशाशक ने 19 फरवरी, 1976 से स्वर्गीय श्री बी० पी० रावत को स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय में स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी के स्थायी पद पर स्थाई आधार पर नियुक्त किया है ।

सं० ए० 38013/2/76-प्रशासन-1—भारत सरकार बड़े दुख के साथ यह घोषणा करती है कि स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय के स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी श्री बी० पी० रावत का 18 सितम्बर, 1976 को देहान्त हो गया है ।

सूरज प्रकाश जिन्दल, उप निदेशक प्रशासन

नई दिल्ली, दिनांक 13 अक्तूबर 1976

सं० 20/1(26)/75-के० स० स्वा० यो०-I—स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक ने 15 सितम्बर, 1976 के पूर्वाह्न से डा० चातुरी प्रसाद विचित्र को केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना, दिल्ली में होम्योपैथिक चिकित्सक के पद पर अस्थाई आधार पर नियुक्त किया है ।

दिनांक 14 अक्तूबर 1976

सं० 20/1(26)/75-के० स० स्वा० यो०-I—स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक ने 3 सितम्बर, 1976 के पूर्वाह्न से डा० पी० के० कोयल को केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना, कलकत्ता में होम्योपैथिक चिकित्सक के पद पर अस्थायी आधार पर नियुक्त किया है ।

दिनांक 23 अक्तूबर 1976

सं० 20/6(2)/75-सी० जी० एच० एस०-I(भाग 2)—उनका त्यागपत्र स्वीकार हो जाने के फलस्वरूप, डा० (श्रीमती) इंदा उप्पल ने 27-7-76 के पूर्वाह्न से केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना, नई दिल्ली, के अधीन कनिष्ठ चिकित्सा अधिकारी (तदर्थ) के पद का कार्यभार छोड़ दिया है ।

राजकुमार जिन्दल,
उप निदेशक प्रशासन (सी० जी० एच० एस०)

नई दिल्ली, दिनांक 14 अक्तूबर 1976

सं० 11-13/73-एडमिन-I (भाग-2)—निवर्तन आयु के हो जाने पर श्री विद्या सागर तलवाड़ ने 30 सितम्बर, 1976 अपराह्न को स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय, नई दिल्ली से निदेशक, प्रशासन व सतर्कता के पद का कार्यभार छोड़ दिया ।

अ० सुरीन,
उप निदेशक प्रशासन

नई दिल्ली, दिनांक 24 सितम्बर 1976

सं० 38-10/74-सी० एच० एस०-1—अपनी बदली हो हो जाने के फलस्वरूप केन्द्रीय स्वास्थ्य सेवा के जनरल ड्यूटी अफसर ग्रेड-2 के एक अधिकारी डा० आर० के० नाम्बियर ने 10 अगस्त, 1976 पूर्वाह्न को केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य सेवा, बम्बई में कनिष्ठ चिकित्सा अधिकारी के पद का कार्यभार छोड़ दिया तथा उन्होंने

उसी दिन के अपराह्न से पत्तन स्वास्थ्य संगठन, बम्बई में सहायक पत्तन स्वास्थ्य अधिकारी के पद का कार्यभार संभाल लिया ।

2. अपनी बदली हो जाने के फलस्वरूप कनिष्ठ चिकित्सा अधिकारी (तदर्थ) डा० एम० बी० सूर्यवंशी ने 9 अगस्त, 1976 अपराह्न को केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य सेवा, बंबई से कनिष्ठ चिकित्सा अधिकारी के पद का कार्यभार छोड़ दिया और 10 अगस्त, 1976 के अपराह्न से पत्तन स्वास्थ्य संगठन, बम्बई में तदर्थ आधार पर सहायक पत्तन स्वास्थ्य अधिकारी के पद का कार्यभार संभाल लिया ।

के० वेणुगोपाल,
उप निदेशक प्रशासन (सी० एच० एस०)

कृषि एवं सिंचाई मंत्रालय
(कृषि विभाग)
विस्तार निदेशालय
नई दिल्ली, दिनांक 26 अक्तूबर 1976

सं० पी० 5-383/76/-स्थापना-I—महालेखाकार वाणिज्य कार्य निर्माण तथा विविध के कार्यालय से स्थानान्तरण होने पर श्री एस० पी० पुरी को विस्तार निदेशालय के वेतन तथा लेखा कार्यालय में दिनांक 1-7-1976 से अस्थायी रूप में स्थानापन्न लेखा अधिकारी नियुक्त किया जाता है ।

निर्मल कुमार दत्त,
प्रशासन निदेशक

(ग्राम विकास विभाग)
विपणन एवं निरीक्षण निदेशालय
प्रधान कार्यालय
एन० ए०-4 फरीदाबाद, दिनांक 15 अक्तूबर 1976

सं० फा० 4-5 (76)/76-प्रशा-III—संघ लोक सेवा आयोग की संस्तुतियों के अनुसार श्री अखिल कुमार श्रीवास्तव को विपणन एवं निरीक्षण निदेशालय बम्बई में दि० 24 सितम्बर, 76 (अपराह्न) से अगले आदेश होने तक अस्थायी आधार पर रु० 650-30-740-35-810-द० रो०-35-880-40-1000-द० रो०-40-1200 के वेतनमान में विपणन अधिकारी (वर्ग-III) नियुक्त किया जाता है ।

बी० एल० मनीहार,
निदेशक, प्रशासन
कृते कृषि विपणन सलाहकार

परियोजना निदेशक का कार्यालय
मुक्त समुद्र मत्स्यन परियोजना
कोचीन-682016, दिनांक 24 जून 1976

सं० 1/2-106/76-ए०—समन्वेषी मात्स्यकी परियोजना, मंगलौर बेस, मंगलौर के हैड क्लर्क श्री टी० पी० राधाकृष्णन को 17 जून, 1976 के पूर्वाह्न से मुक्त समुद्र मत्स्यन परियोजना, एर्नाकुलम, कोचीन-682016 में 550-20-650-25-750-रु० के वेतनमान में प्रशासनिक अधिकारी के पद पर नियुक्त किया जाता है ।

एम० देवीदास मेनन,
परियोजना निदेशक

भाभा परमाणु अनसंधान केन्द्र
कार्मिक प्रभाग
ट्राम्बे बम्बई-85, दिनांक 23 सितम्बर 1976

सं० एस०/2939/स्था० 11/2843—इस अनुसंधान केन्द्र की 26-5-1975 की अधिसूचना सं० एस/2939/स्था० V/435 के क्रम में, भाभा परमाणु अनसंधान केन्द्र के नियंत्रक हिन्दी शिक्षण योजना, गृह मंत्रालय के स्थायी हिन्दी शिक्षक श्री चन्द्र देव सिंह को 30 मार्च, 1976 के पूर्वाह्न से एक और साल के लिये अथवा आगामी आदेशों तक के लिये, जो भी पहले हो, भाभा परमाणु अनुसंधान केन्द्र में स्थानापन्न सहायक कार्मिक अधिकारी (हिन्दी) नियुक्त करते हैं ।

एस० कृष्णमूर्ति
उप स्थापना अधिकारी

परमाणु ऊर्जा विभाग
विद्युत परियोजना इंजीनियरी प्रभाग
(नरोरा परमाणु विद्युत परियोजना)
मुम्बई-5, दिनांक 25 सितम्बर 1976

सं० एन० ए० पी० पी०/18/(88)/75-प्रशासन-5784—विद्युत परियोजना इंजीनियरी प्रभाग के निदेशक, बोर्ड आफ रेवेन्यू कार्यालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के नायब तहसीलदार श्री रामायण प्रकाश श्रीवास्तव को 2 सितम्बर, 1976 के अपराह्न से अगले आदेश तक के लिए नरोरा स्थित नरोरा परमाणु विद्युत परियोजना में 650-30-740-35-880-द० रो०-40-960 रुपये के वेतनमान में भू-प्रबन्ध अधिकारी नियुक्त करते हैं ।

दिनांक 4 अक्तूबर 1976

सं० एन० ए० पी० पी०/18/79/75-प्रशासन-5895—वैज्ञानिक अधिकारी/इंजीनियर-ग्रेड एस० बी० श्री एम० जी० देशपांडे को, उनका तबादला विद्युत परियोजना इंजीनियरी प्रभाग से होने पर, 1 फरवरी, 1974 के पूर्वाह्न से अगले आदेश तक के लिए नरोरा परमाणु विद्युत परियोजना के बम्बई स्थित कार्यालय में उसी ग्रेड के पद पर नियुक्त किया जाता है ।

आर० जे० भाटिया,
मुख्य प्रशासम अधिकारी

तारापुर परमाणु बिजलीघर

थाना-401504, दिनांक 9 अक्तूबर 1976

सं० टी ए पी एस/एडीएम/735-ए—परमाणु ऊर्जा विभाग के तारापुर परमाणु बिजलीघर के मुख्य अधीक्षक, भाभा परमाणु अनुसंधान केन्द्र के स्थायी उच्च श्रेणी लिपिक तथा स्थानापन्न सहायक श्री जे० डी-कोस्टा को, उनकी तैनाती संवर्ग प्राधिकारी द्वारा की जाने पर, 1 अक्तूबर, 1976 के पूर्वाह्न से अगले आदेश तक के लिए तारापुर परमाणु बिजलीघर में अस्थायी रूप से सहायक कार्मिक अधिकारी नियुक्त करते हैं ।

के० वी० सेतुमाधवन,
मुख्य प्रशासन-अधिकारी

मद्रास परमाणु विद्युत परियोजना

कलपक्कम-603102, दिनांक 14 अक्तूबर 1976

सं० 18(67)/76-भर्ती—विद्युत परियोजना इंजीनियरी प्रभाग के निदेशक, अस्थायी वैज्ञानिक सहायक 'सी' सर्वश्री एम० जनार्दनन तथा एम० शंकरपांडियन को 1 अगस्त, 1976 के पूर्वाह्न से अगले आदेश तक के लिए इसी परियोजना में अस्थायी रूप से वैज्ञानिक अधिकारी/इंजीनियर-ग्रेड 'एस बी' नियुक्त करते ह ।

के० बालकृष्णन,
प्रशासन-अधिकारी

राजस्थान परमाणु विद्युत परियोजना

कोटा, दिनांक 20 अक्तूबर 1976

सं० रापविप/भर्ती/10 (6)/76/334—राजस्थान परमाणु विद्युत परियोजना के मुख्य परियोजना इंजीनियर, नरौरा परमाणु विद्युत परियोजना के एक स्थानापन्न लेखा-अधिकार III श्री जे० पी० गुप्ता को राजस्थान परमाणु विद्युत परियोजना में परमाणु ऊर्जा विभाग द्वारा सृजित लेखा अधिकारी-II के स्थायी अधिसंख्य पद पर दिनांक 7-8-1976 (पूर्वाह्न) से नियुक्त करते हैं । यह नियुक्ति दिनांक 7-8-1976 से 6 मास की अवधि के लिए या उसी ग्रेड में श्री जे० पी० गुप्ता की पुष्टि के लिए नियमित स्थायी पद उपलब्ध होने की तारीख तक, जो भी तारीख पहले हो, होगी ।

दिनांक 26 अक्तूबर 1976

सं० रापविप/भर्ती/3(1)/76/340—राजस्थान परमाणु विद्युत परियोजना के मुख्य परियोजना इंजीनियर इस परियोजना के एक वैज्ञानिक सहायक, ग्रेड 'सी', श्री के० एल० गोयल को इसी परियोजना में दिनांक 1-8-1976 के पूर्वाह्न से लेकर आगामी आदेश जारी होने तक के लिए अस्थायी रूप से वैज्ञानिक अधिकारी इंजीनियर ग्रेड-एस० बी० के पद पर नियुक्त करते हैं ।

सं० रापविप/भर्ती/3(1)/76/341—राजस्थान परमाणु विद्युत परियोजना के मुख्य परियोजना इंजीनियर इस परियोजना के एक स्थायिवत सहायक फोरमैन और स्थानापन्न फोरमैन, श्री एल० पी० गुप्ता को इसी परियोजना में दिनांक 1-8-1976 के पूर्वाह्न से सूकर आगामी आदेश जारी होने तक के लिए अस्थायी रूप से वैज्ञानिक अधिकारी इंजीनियर ग्रेड एस० बी० के पद पर नियुक्त करते हैं ।

सं० रापविप/भर्ती/3(1)/76/342—राजस्थान परमाणु विद्युत परियोजना के मुख्य परियोजना इंजीनियर इस परियोजना के एक स्थायिवत् वैज्ञानिक सहायक ग्रेड-'ए' और स्थानापन्न वैज्ञानिक सहायक ग्रेड-'बी', श्री एम० एन० लिमये को इसी परियोजना में दिनांक 1-8-76 से आगामी आदेश जारी होने तक के लिए अस्थायी रूप से वैज्ञानिक-अधिकारी/इंजीनियर ग्रेड-एस० बी० के पद पर नियुक्त करते हैं ।

सं० रापविप/भर्ती/3 (1)/76/343—राजस्थान परमाणु विद्युत परियोजना के मुख्य परियोजना इंजीनियर इस परियोजना के एक स्थायिवत सहायक फोरमैन और स्थानापन्न फोरमैन, श्री ए० एस० बंसल को इसी परियोजना में दिनांक 1-8-1976 के पूर्वाह्न से लेकर आगामी आदेश जारी होने तक के लिए अस्थायी रूप से वैज्ञानिक अधिकारी इंजीनियर ग्रेड-एस० बी० के पद पर नियुक्त करते हैं ।

गोपाल सिंह,
प्रशासन अधिकारी (स्थापना)

क्रय तथा भंडार निदेशालय

मुम्बई-400001, दिनांक 1 अक्तूबर 1976

सं० डी पी एस/ए/32011/3/76-स्थापना-13782—परमाणु ऊर्जा विभाग के क्रय तथा भंडार निदेशालय के निदेशक, इस निदेशालय के स्थायी क्रय सहायक श्री जनार्दन तुकाराम नेरूरकर को 3 सितम्बर, 1976 के पूर्वाह्न से अगले आदेश तक के लिए इसी निदेशालय में 650-30-740-35-810-द० रो०-35-880-40-1000-द० रो०-40-1200 रुपये के वेतनमान में तदर्थ आधार पर सहायक क्रय अधिकारी नियुक्त करते हैं ।

बी० जी० कुलकर्णी,
सहायक कार्मिक अधिकारी

अन्तरिक्ष विभाग

इसरो उपग्रह तन्त्र परियोजना

पीन्या-562140, दिनांक 11 अक्तूबर 1976

सं० 020/3(061)/76—विक्रम साराभाई अन्तरिक्ष केन्द्र के निदेशक निम्नलिखित अधिकारियों को उनके नामों के सामने दी गई तारीखों से और मूल वेतन पर रु० 650-30-740-35-880-द० रो-40-960 के ग्रेड में पदोन्नति/पुनरीक्षण पर भारतीय

अन्तरिक्ष अनुसंधान संगठन के इसरो उपग्रह तन्त्र परियोजना में वैज्ञानिक/इंजीनियर 'एस० बी०' के पद पर नियुक्त करते हैं :—

क्रम संख्या	नाम	तारीख	मूल वेतन
			रु०
1.	श्री एल० ए० जयराज	1-1-76	650/-
2.	श्री के० बालाकृष्णा राव	1-1-76	650/-
3.	श्री एम० पी० नागराज	1-1-76	650/-
4.	श्री एम० वी० कन्नन	1-1-76	650/-
5.	श्री वी० बाबाराम	1-1-76	650/-
6.	श्री अनिल डी० राव	1-1-76	650/-
7.	श्री एच० मुरलीधर	1-2-76	710/-
8.	कुमारी ए० एस० भामवती	1-7-76	650/-
9.	श्री आर० चन्द्र शेखर	1-7-76	710/-

वी० वी० एस० चौधरी,
प्रशासन अधिकारी

पर्यटन और नागर विमानन मंत्रालय
भारत मौसम विज्ञान विभाग

नई दिल्ली-3, दिनांक 16 अक्तूबर 1976

सं० ई (1) 04260—वेधशालाओं के महानिदेशक, निदेशक प्रादेशिक मौसम केन्द्र, बम्बई के कार्यालय में व्यावसायिक सहायक श्री टी० एम० सांबामूर्ति को 15-9-76 के पूर्वाह्न से 12-12-76 तक नवासी दिन की अवधि के लिए स्थानापन्न सहायक मौसम विज्ञानी के पद पर नियुक्त करते हैं ।

श्री टी० एम० सांबामूर्ति, स्थानापन्न सहायक मौसम विज्ञानी निदेशक, प्रादेशिक मौसम केन्द्र, बम्बई के कार्यालय में ही तैनात रहेंगे ।

दिनांक 19 अक्तूबर 1976

सं० ई (1) 04261—वेधशालाओं के महानिदेशक, वेधशालाओं के उपमहानिदेशक, (जलवायु विज्ञान तथा भू-भौतिकी) पूना के कार्यालय में व्यावसायिक सहायक श्री बी० गोपीनाथ राव को 30-9-76 के पूर्वाह्न से 27-12-76 तक नवासी दिन की अवधि के लिए स्थानापन्न सहायक मौसम विज्ञानी के पद पर नियुक्त करते ह ।

श्री गोपीनाथ राव, स्थानापन्न सहायक मौसम विज्ञानी वेधशालाओं के उप-महानिदेशक (जलवायु विज्ञान तथा भू-भौतिकी), पूना के कार्यालय में ही तैनात रहेंगे ।

दिनांक 20 अक्तूबर 1976

सं० ई (1) 05539—वेधशालाओं के महानिदेशक, वेधशालाओं के महानिदेशक, नई दिल्ली के मुख्य कार्यालय में व्यावसायिक सहायक श्री जे० यू० हिंगोरानी को 5-10-76 के पूर्वाह्न से 1-1-77 तक नवासी दिन की अवधि के लिए स्थानापन्न सहायक मौसम विज्ञानी के पद पर नियुक्त करते हैं ।

श्री हिंगोरानी, स्थानापन्न सहायक मौसम विज्ञानी वेधशालाओं के महानिदेशक के मुख्य कार्यालय, नई दिल्ली में ही तैनात रहेंगे ।

दिनांक 21 अक्तूबर 1976

सं० ई (1) 06736—वेधशालाओं के महानिदेशक, वेधशालाओं के महानिदेशक, नई दिल्ली के मुख्य कार्यालय में व्यावसायिक सहायक श्री आर० के० बंसल को 15-10-76 के पूर्वाह्न से 11-1-77 तक नवासी दिन की अवधि के लिए स्थानापन्न सहायक मौसम विज्ञानी के पद पर नियुक्त करते हैं ।

श्री बंसल, स्थानापन्न सहायक मौसम विज्ञानी, वेधशालाओं के महानिदेशक, नई दिल्ली के मुख्य कार्यालय में ही तैनात रहेंगे ।

सं० ई (1) 04285—वेधशालाओं के महानिदेशक, वेधशालाओं के उप-महानिदेशक (जलवायु विज्ञान तथा भू-भौतिकी), पूना के कार्यालय में व्यावसायिक सहायक श्री एन० वी० परमेश्वरन को 6-10-76 के पूर्वाह्न से 2-1-77 तक नवासी दिन की अवधि के लिए स्थानापन्न सहायक मौसम विज्ञानी के पद पर नियुक्त करते हैं ।

श्री परमेश्वरन स्थानापन्न सहायक मौसम विज्ञानी वेधशालाओं के उप-महानिदेशक, (जलवायु, विज्ञान तथा भू-भौतिकी) पूना के कार्यालय में ही तनात रहेंगे ।

दिनांक 25 अक्तूबर 1976

सं० ई (1) 03918—वेधशालाओं के उप-महानिदेशक (जलवायु और भू-भौतिकी) पूना, भारत मौसम विज्ञान विभाग के कार्यालय में सहायक मौसम विज्ञानी श्री के० कृष्ण मूर्ति निवर्तन की आयु पर पहुंचने पर 31 अगस्त, 1976 को अपराह्न से सरकारी सेवा से निवृत्त हो गए ।

दिनांक 27 अक्तूबर 1976

सं० ई (1) 06560—वेधशालाओं के महानिदेशक, वेधशालाओं के महानिदेशक के मुख्य कार्यालय, नई दिल्ली में व्यावसायिक सहायक श्री एच० सी० मेहरा को 15-10-76 के पूर्वाह्न से 11-1-77 तक नवासी दिन की अवधि के लिए स्थानापन्न सहायक मौसम विज्ञानी के पद पर नियुक्त करते हैं ।

श्री मेहरा, स्थानापन्न सहायक मौसम विज्ञानी वेधशालाओं के मुख्य कार्यालय, नई दिल्ली में ही तनात रहेंगे ।

सं० ई (1) 05027—वेधशालाओं के महानिदेशक, वेधशालाओं के उप-महानिदेशक (उपकरण), नई दिल्ली के कार्यालय में व्यावसायिक सहायक श्री छैल बिहारी को 15-10-76 के पूर्वाह्न से 11-1-77 तक नवासी दिन की अवधि के लिए स्थानापन्न सहायक मौसम विज्ञानी के पद पर नियुक्त करते हैं ।

श्री छैल बिहारी, स्थानापन्न सहायक मौसम विज्ञानी, वेधशालाओं के उपमहानिदेशक (उपकरण) नई दिल्ली के कार्यालय में ही तैनात रहेंगे ।

एम० आर० एन० मणियन,
मौसम विज्ञानी,
कृते वेधशालाओं के महानिदेशक

महानिदेशक नागर विमानन का कार्यालय

नई दिल्ली, दिनांक 16 अक्तूबर 1976

सं० ए-31014/1/76-ईसी—राष्ट्रपति ने निम्नलिखित अधिकारियों को 1 अक्तूबर, 1976 से नागर विमानन विभाग के वैमानिक संचार संगठन में स्थायी आधार पर सहायक तकनीकी अधिकारी के ग्रेड में नियुक्त किया है :—

1. श्री बी० एन० कौल
2. श्री एम० वी० दर्भय
3. श्री ओ० पी० दीक्षित
4. श्री जे० भारद्वाज
5. श्री एम० एस० साहनी
6. श्री एन० एस० सिद्धु
7. श्री एस० आर० पद्मानाभन
8. श्री एस० के० नायर
9. श्री जी० बी० आहो
10. श्री आर० के० सचदेव
11. श्री एल० एम० सेन
12. श्री जी० एन० नायर
13. श्री सी० आर० शिवराम
14. श्री के० एन० पांडे
15. श्री श्रीनासाचेरियर रामास्वामी
16. श्री आर० आर० शर्मा
17. श्री पी० ए० शास्त्री
18. श्री के० बी० नंदा
19. श्री आर० वी० इसरानी
20. श्री एच० एस० मोहना
21. श्री एल० आर० गोयल
22. श्री आर० आर० पै
23. श्री एच० एस० बाजवा
24. श्री एम० वाई० भट्ट
25. श्री एच० एस० ग्रेवाल
26. श्री के० एस० रत्नम

दिनांक 18 अक्तूबर 1976

सं० ए-32013/6/75-ईसी—राष्ट्रपति ने वैमानिक संचार स्टेशन बम्बई के श्री बेबी वर्गीज, सहायक संचार अधिकारी को दिनांक 18-9-76 (पूर्वाह्न) से तथा अगले आदेश होने तक नियमित आधार पर संचार अधिकारी के ग्रेड में नियुक्त किया है और उनको क्षेत्रीय नियंत्रक संचार, बम्बई के कार्यालय में तैनात किया है ।

दिनांक 25 अक्तूबर 1976

सं० ए-32013/4/75 ईसी—राष्ट्रपति ने महानिदेशक नागर विमानन के कार्यालय की स्टाफ टेकिंग पार्टी के श्री बी० के० सेनगुप्ता, सहायक तकनीकी अधिकारी को 19 अप्रैल, 1976 (पूर्वाह्न) से, तथा अगले आदेश होने तक, तकनीकी अधिकारी के पद पर नियुक्त किया है और नियंत्रक संचार, वैमानिक संचार स्टेशन, सफदरजंग एयरपोर्ट, नई दिल्ली के कार्यालय में तैनात किया है ।

हरबंस लाल कोहली,
उपनिदेशक प्रशासन

नई दिल्ली, दिनांक 13 अक्तूबर 1976

सं० ए-22012/1/76-ई एच—नागर विमानन विभाग के रेडियो निर्माण एवं विकास एकक के निदेशक, श्री जे० पट्टाभिरमण का 28 सितम्बर, 1976 को निधन हो गया ।

टी० एस० श्रीनिवासन,
सहायक निदेशक प्रशासन

नई दिल्ली, दिनांक 19 अक्तूबर 1976

सं० ए-12032/16/74-ईए—श्री बी० के० कटारी, सहायक विमानक्षेत्र अधिकारी ने, जो कि भारत अन्तर्राष्ट्रीय विमानपत्तन प्राधिकरण में प्रतिनियुक्ति पर हैं, 10 सितम्बर, 1975 से नागर विमानन विभाग में सहायक विमानक्षेत्र अधिकारी के पद से त्यागपत्र दे दिया है ।

सं० ए-32014/1/76-ईए—महानिदेशक नागर विमानन ने दिल्ली एयरपोर्ट पालम पर श्री एन० सुब्रह्मण्यम की सहायक विद्युत एवं यांत्रिक अधिकारी के पद पर तदर्थ नियुक्ति की अवधि 26 अक्तूबर, 1976 से 6 महीने के लिए अथवा इस पद के नियमित आधार पर भरे जाने तक, इनमें से जो भी पहले हो, बढ़ाने की मंजूरी दी है ।

दिनांक 21 अक्तूबर 1976

सं० ए-31013/1/74-ईए—राष्ट्रपति ने श्री बी० हाजरा को 27 दिसम्बर, 1975 से नागर विमानन विभाग के विमान मार्ग एवं विमानक्षेत्र संगठन में उपनिदेशक/नियंत्रक विमानक्षेत्र के ग्रेड में स्थायी रूप में नियुक्त किया है ।

विश्व विनोद जौहरी,
सहायक निदेशक प्रशासन

केन्द्रीय उत्पादन शुल्क तथा सीमा शुल्क समाहर्ता-कार्यालय

इलाहाबाद, दिनांक 12 अक्तूबर 1976

सं० 75/1976—केन्द्रीय उत्पादन शुल्क के स्थायी निरीक्षक (चयन-ग्रेड) श्री नकुल सेन बेरी, केन्द्रीय उत्पादन शुल्क

समाहर्तालय, कानपुर के केन्द्रीय उत्पादन शुल्क मण्डल, कानपुर-II में तैनात थे और इस कार्यालय के पृष्ठांकन पत्र-संख्या-II(3)-56-स्था/76, दिनांक 12-8-76 के अन्तर्गत जारी किए गए स्थापना आदेश संख्या 200/1976 के अनुसार उनकी नियुक्ति अगला आदेश होने तक के लिए रु० 650-30-740-35-810-द० रो०-35-880-40-1000-द० रो०-40-1200 के वेतनमान में स्थानापन्न अधीक्षक, केन्द्रीय उत्पादन शुल्क समूह 'ख' के रूप में की गई । उन्होंने 6-9-1976 को (दोपहर पूर्व) समेकित मण्डल कार्यालय, मुरादाबाद में अधीक्षक, केन्द्रीय उत्पादन श्री आर० सी० माथुर को उनके अतिरिक्त कार्यभार से मुक्त कर दिया और केन्द्रीय उत्पादन शुल्क समेकित मण्डल कार्यालय, मुरादाबाद के अन्तर्गत अधीक्षक, सम्भल के कार्यालय का कार्यभार संभाल लिया ।

दिनांक 18 अक्तूबर 1976

सं० 76/1976—श्री महेशचन्द्र खरे, स्थायी निरीक्षक (चयन-ग्रेड), केन्द्रीय उत्पादन शुल्क, केन्द्रीय उत्पादन शुल्क समाहर्ता-कार्यालय, इलाहाबाद में तैनात थे और इस कार्यालय के पृष्ठांकन संख्या दो (3) 808-स्था/62/39188, दिनांक 20-9-1976 के अन्तर्गत जारी किए गए स्थापना आदेश संख्या 255/1976, दिनांक 20-9-1976 के अनुसार उनकी नियुक्ति अगला आदेश होने तक रु० 650-30-740-35-810-द० रो०-35-880-40-1000-द० रो०-40-1200 के वेतनमान में स्थानापन्न अधीक्षक के रूप में की गई । उन्होंने केन्द्रीय उत्पादन शुल्क समाहर्ता-कार्यालय, इलाहाबाद में केन्द्रीय उत्पादन शुल्क के समूह 'ख' के अधीक्षक के कार्यालय का कार्यभार दिनांक 21-9-76 को (दोपहर पूर्व) ग्रहण कर लिया ।

हरिहर नाथ रैना,
समाहर्ता,
केन्द्रीय उत्पादन शुल्क, हैदराबाद

पटना, दिनांक 18 अक्तूबर 1976

(ख) ऐसी किसी आय या किसी धन या अन्य आस्तियों को जिन्हें भारतीय आय-कर अधिनियम, 1922 (1922 का 11) या उक्त अधिनियम या धन-कर अधिनियम, 1957 (1957 का 27) के प्रयोजनार्थ अन्तरिती द्वारा प्रकट नहीं किया गया था या किया जाना चाहिए था, छिपाने में सुविधा के लिए;

अतः अब उक्त अधिनियम की धारा 269ग के अनुसरण में, मैं, उक्त अधिनियम की धारा 269 घ की उपधारा (1) के अधीन, निम्नलिखित व्यक्तियों, अर्थात्:—

1. श्री बद्रीनारायण गंगाबिसन मणियार जिलापेठ, ओंकार नगर, जलगांव (अन्तरक)

2. सौ० मथुराबाई बद्रीनारायण मणीयार जिला पे० जलगांव (अन्तरिती)

को यह सूचना जारी करके पूर्वोक्त सम्पत्ति के अर्जन के लिए कार्यवाहियां करता हूं ।

उक्त सम्पत्ति के अर्जन के सम्बन्ध में कोई भी आक्षेप--

(क) इस सूचना के राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से 45 दिन की अवधि या तत्सम्बन्धी व्यक्तियों पर सूचना की तामील से 30 दिन की अवधि, जो भी अवधि बाद में समाप्त होती हो, के भीतर पूर्वोक्त व्यक्तियों में से किसी व्यक्ति द्वारा;

(ख) इस सूचना के राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से 45 दिन के भीतर उक्त स्थावर सम्पत्ति में हितबद्ध किसी अन्य व्यक्ति द्वारा, अधोहस्ताक्षरी के पास लिखित में किए जा सकेंगे ।

स्पष्टीकरण:—इसमें प्रयुक्त शब्दों और पदों का, जो उक्त अधिनियम, के अध्याय 20-क में परिभाषित ह, वही अर्थ होगा जो उस अध्याय में दिया गया है ।

अनुसूची

प्रापर्टी सी० एस० कं० 1967-बी/60 जिला पेठ, जलगांव प्लाट कं० 9, 405.5 वर्ग मीटर्स ।

(जैसे कि रजिस्ट्रीकृत विलेख क० 329 मार्च '76 को सब-रजिस्ट्रार जलगांव के दफ्तर में लिखा है) ।

व्ही० एस० गायतोंडे
सक्षम प्राधिकारी,
सहायक आयकर आयुक्त (निरीक्षण)
अर्जन रेंज-, 60/61 एरंडवना, कर्वे रोड, पूना-411004

तारीख: 18-10-76
मोहर :

प्ररूप आई० टी० एन० एस०———————

आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43)

की धारा 269 घ (1) के अधीन सूचना

भारत सरकार

कार्यालय, सहायक आयकर आयुक्त (निरीक्षण)

अर्जन रेंज, 60/61, एरंडवना, कर्वे रोड, पूना 411004

पूना-411004, दिनांक 20 अक्तूबर 1976

निर्देश सं० सी० ए० 5/बम्बई/मार्च 76/308/76-77—यत: मुझे व्ही० एस० गायतोंडे
आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) (जिसे इसमें इसके पश्चात् 'उक्त अधिनियम' कहा गया है) की धारा 269 ख के अधीन सक्षम प्राधिकारी को यह विश्वास करने का कारण है कि स्थावर सम्पत्ति, जिसका उचित बाजार मूल्य 25,000/- रुपये से अधिक है और जिसकी संख्या आर० एस० नं० 156 है तथा जो लोनावला में स्थित है (और इससे उपाबद्ध अनुसूची में और पूर्ण रूप से वर्णित है), रजिस्ट्रीकर्ता अधिकारी के कार्यालय बम्बई, में रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1908 (1908 का 16) के अधीन तारीख 12-3-76 को पूर्वोक्त सम्पत्ति के उचित बाजार मूल्य से कम के दृश्यमान प्रतिफल के लिए अन्तरित की गई है और मुझे यह विश्वास करने का कारण है कि यथापूर्वोक्त सम्पत्ति का उचित बाजार मूल्य, उसके दृश्यमान प्रतिफल से, ऐसे दृश्यमान प्रतिफल के पन्द्रह प्रतिशत से अधिक है और अन्तरक (अन्तरकों) और अन्तरिती (अन्तरितियों) के बीच ऐसे अन्तरण के लिए तय पाया गया प्रतिफल निम्नलिखित उद्देश्य से उक्त अन्तरण लिखित में वास्तविक रूप से कथित नहीं किया गया है:—

(क) अन्तरण से हुई किसी आय की बाबत, उक्त अधिनियम, के अधीन कर देने के अन्तरक के दायित्व में कमी करने या उससे बचने में सुविधा के लिए; और/या

(ख) ऐसी किसी आय या किसी धन या अन्य आस्तियों को जिन्हें भारतीय आयकर अधिनियम, 1922 (1922 का 11) या उक्त अधिनियम, या धनकर अधिनियम 1957 (1957 का 27) के प्रयोजनार्थ अन्तरिती द्वारा प्रकट नहीं किया गया था या किया जाना चाहिए था छिपाने में सुविधा के लिए।

अत: अब, उक्त अधिनियम की धारा 269 ग के अनुसरण में, मैं, उक्त अधिनियम की धारा 269 घ की उपधारा (1) के अधीन, निम्नलिखित व्यक्तियों अर्थात् :—

1. डा० संवरमल सागरमल मिश्रा, सुधाकर नारायन दामोलकर रोड, बम्बई-26। (अन्तरक)

2. मे० मसा हाजी पत्रावाला, जे० ई० यसेफ रोड, बंबई-18 (अंतरिती)

को यह सूचना जारी करके पूर्वोक्त सम्पत्ति के अर्जन के लिए कार्यवाहियां करता हूं।

उक्त सम्पत्ति के अर्जन के सम्बन्ध में कोई भी आक्षेप—

(क) इस सूचना के राजपत्र में प्रकाशन की तारीख के 45 दिन की अवधि या तत्सम्बन्धी व्यक्तियों पर सूचना की तामील से 30 दिन के अवधि, जो भी अवधि बाद में समाप्त होती हो, के भीतर पूर्वोक्त व्यक्तियों में से किसी व्यक्ति द्वारा।

(ख) इस सूचना के राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से 45 दिन के भीतर उक्त स्थावर सम्पत्ति में हितबद्ध किसी अन्य व्यक्ति द्वारा अधोहस्ताक्षरी के पास लिखित में किये जा सकेंगे।

स्पष्टीकरण—इसमें प्रयुक्त शब्दों और पदों का, जो उक्त अधिनियम के अध्याय 20 क में परिभाषित हैं, वही अर्थ होगा जो उस अध्याय में दिया गया है।

अनुसूची

जमीन का टुकड़ा और जिसके उपर बांधा हुआ मकान, आर० एस० नं० 156, लोनावला, तालुका मावल जिला पूना में स्थित है। जिसका क्षेत्रफल 32-1/2 गुंठा तथा 3925 वर्ग मीटर, तथा 3281.6 वर्ग मीटर है। जो निम्नलिखित तरह से घिरा हुआ है। पूरब के तरफ सं० नं० 154, दक्षिण की तरफ पुराना खंडाला रोड, पश्चिम के तरफ सं० नं० 155 और 155 बी और उत्तर की तरफ सं० नं० 155 और 155 बी।

(जैसे कि रजिस्ट्रीकृत विलेख क्रमांक 1900 12 मार्च, 76 को सब-रजिस्ट्रार, बम्बई के दफ्तर में लिखा गया है।)

व्ही० एस० गातोंडे
सक्षम प्राधिकारी
सहायक आयकर आयुक्त (निरीक्षण)
अर्जन रेंज, 60/61, एरंडवना, कर्वे रोड पूना

तारीख : 20-10-1976

मोहर :

प्ररूप आई० टी० एन० एस०———————

आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की धारा 269-ध (1) के अधीन सूचना

भारत सरकार

कार्यालय, सहायक आयकर आयुक्त (निरीक्षण)

अर्जन रेंज लखनऊ

लखनऊ, दिनांक 19 अक्तूबर 1976

निदेश नं० 25-सी/अर्जन—अतः मुझे अमर सिंह बिसेन, आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) (जिसे इसमें इसके पश्चात् 'उक्त अधिनियम' कहा गया है), की धारा 269-ख के अधीन सक्षम अधिकारी को यह विश्वास करने का कारण है कि स्थावर सम्पत्ति, जिसका उचित बाजार मूल्य 25,000 रुपये से अधिक है

और जिसकी संख्या मकान नं० 12/38-ए है तथा जो डा० बिसेसरगंज मो० धूपचंडी नाटी इमली वाराणसी में स्थित है (और इससे उपाबद्ध अनुसूची में और पूर्ण रूप से वर्णित है), रजिस्ट्रीकर्ता अधिकारी के कार्यालय वाराणसी में रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1908 (1908 का 16) के अधीन, तारीख 1-4-1976 को पूर्वोक्त सम्पत्ति के उचित बाजार मूल्य से कम के दृश्यमान प्रतिफल के लिए अन्तरित की गई है और मुझे यह विश्वास करने का कारण है कि यथापूर्वोक्त सम्पत्ति का उचित बाजार मूल्य, उसके दृश्यमान प्रतिफल से, ऐसे दृश्यमान प्रतिफल के पन्द्रह प्रतिशत से अधिक है और अन्तरक (अन्तरकों) और अन्तरिती (अन्तरितियों) के बीच ऐसे अन्तरण के लिए तय पाया गया प्रतिफल निम्नलिखित उद्देश्य से उक्त अन्तरण लिखित में वास्तविक रूप से कथित नहीं किया गया है—

(क) अन्तरण से हुई किसी आय की बाबत, उक्त अधिनियम, के अधीन कर देने के अन्तरक के दायित्व में कमी करने या उससे बचने में सुविधा के लिए; और/या

(ख) ऐसी किसी आय या किसी धन या अन्य आस्तियों को, जिन्हें भारतीय आयकर अधिनियम, 1922 (1922 का 11) या उक्त अधिनियम या धन-कर अधिनियम, 1957 (1957 का 27) के प्रयोजनार्थ अन्तरिती द्वारा प्रकट नहीं किया गया था या किया जाना चाहिए था, छिपाने में सुविधा के लिए;

अतः अब, उक्त अधिनियम की धारा 269-ग के अनुसरण में, मैं, उक्त अधिनियम की धारा 269-ध की उपधारा (1) के अधीन, निम्नलिखित व्यक्तियों, अर्थात् :—

1. श्री केशव प्रसाद (अन्तरक)

2. श्री छोटा भाई पटेल (अन्तरिती)

3. बिक्रेता (वह व्यक्ति जिसके अधिभोग में सम्पत्ति है)

को यह सूचना जारी करके पूर्वोक्त सम्पत्ति के अर्जन के लिए कार्यवाहियां करता हूं।

उक्त सम्पत्ति के अर्जन के सम्बन्ध में कोई भी आक्षेप—

(क) इस सूचना के राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से 45 दिन की अवधि या तत्सम्बन्धी व्यक्तियों पर सूचना की तामील से 30 दिन की अवधि, जो भी अवधि बाद में समाप्त हो, के भीतर पूर्वोक्त व्यक्तियों में से किसी व्यक्ति द्वारा;

(ख) इस सूचना के राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से 45 दिन के भीतर उक्त स्थावर सम्पत्ति में हितबद्ध किसी अन्य व्यक्ति द्वारा अधोहस्ताक्षरी के पास लिखित में किये जा सकेंगे।

स्पष्टीकरण :—इसमें प्रयुक्त शब्दों और पदों का, जो उक्त अधिनियम के अध्याय 20-क में परिभाषित है, वही अर्थ होगा जो उस अध्याय में दिया गया है।

अनुसूची

मकान नं० 12/38-ए
मोहल्ला धूप चंडी नाटी इमली, शहर वाराणसी में स्थित है।

अमर सिंह बिसेन
सक्षम प्राधिकारी
सहायक आयकर आयुक्त (निरीक्षण)
अर्जन रेंज, लखनऊ

तारीख : 19-10-1976.
मोहर :

प्ररूप आई०टी०एन० एस०—

आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की धारा 269-घ (1) के अधीन सूचना

भारत सरकार

कार्यालय, सहायक आयकर आयुक्त (निरीक्षण)

अर्जन-रेंज, लखनऊ

लखनऊ, दिनांक 19 अक्तूबर 1976

निदेश नं० 66-के०/अर्जन—अतः मुझे अमर सिंह बिसेन आयकर अधिनियम 1961 (1961 का 43) (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 269-ख के अधीन सक्षम प्राधिकारी को यह विश्वास करने का कारण है कि स्थावर सम्पत्ति, जिसका उचित बाजार मूल्य 25,000/- रु० से अधिक है और जिसकी संख्या मकान नं० मय जमीन 12/138-ए, है तथा जो मो० धूपचंडी नाटी इमली मौजा जैतपुरा वाराणसी में स्थित है (और इससे उपाबद्ध अनुसूची में और पूर्ण रूप से वर्णित है), रजिस्ट्रीकर्ता अधिकारी के कार्यालय वाराणसी में रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1908 (1908 का 16) के अधीन, तारीख 31-3-1976 को पूर्वोक्त सम्पत्ति के उचित बाजार मूल्य से कम के दृश्यमान प्रतिफल के लिए अन्तरित की गई है और मुझे यह विश्वास करने का कारण है कि यथापूर्वोक्त सम्पत्ति का उचित बाजार मूल्य, उसके दृश्यमान प्रतिफल से, ऐसे दृश्यमान प्रतिफल के पन्द्रह प्रतिशत से अधिक है और अन्तरक (अन्तरकों) और अन्तरिती (अन्तरितियों) के बीच ऐसे अन्तरण के लिए तय पाया गया प्रतिफल, निम्नलिखित उद्देश्य से उक्त अन्तरण लिखित में वास्तविक रूप से कथित नहीं किया गया है :—

(क) अन्तरण से हुई किसी आय की बाबत उक्त अधिनियम के अधीन कर देने के अन्तरक के दायित्व में कमी करने या उससे बचने में सुविधा के लिए; और/या

(ख) ऐसी किसी आय या किसी धन या अन्य आस्तियों को, जिन्हें भारतीय आयकर अधिनियम, 1922 (1922 का 11) या 'उक्त अधिनियम', या धन-कर अधिनियम, 1957 (1957 का 27) के प्रयोजनार्थ अन्तरिती द्वारा प्रकट नहीं किया गया था, या किया जाना चाहिए था, छिपाने में सुविधा के लिए ;

अतः अब उक्त अधिनियम, की धारा 269-ग के अनुसरण में, मैं, 'उक्त अधिनियम', की धारा 269-घ की उपधारा (1) के अधीन निम्नलिखित व्यक्तियों, अर्थात्:—

1. श्री केशव प्रसाद (अन्तरक)

2. श्री काशी प्रसाद गुप्ता एवं अन्य (अन्तरिती)

3. श्री केशव प्रसाद (वह व्यक्ति जिसके अधिभोग में सम्पत्ति है)

को यह सूचना जारी करके पूर्वोक्त सम्पत्ति के अर्जन के लिए कार्यवाहियां करता हूं।

उक्त सम्पत्ति के अर्जन के सम्बन्ध में कोई भी आक्षेप:—

(क) इस सूचना के राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से 45 दिन की अवधि या तत्सम्बधी व्यक्तियों पर सूचना की तामील से 30 दिन की अवधि, जो भी अवधि बाद में समाप्त होती हो, के भीतर पूर्वोक्त व्यक्तियों में से किसी व्यक्ति द्वारा;

(ख) इस सूचना के राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से 45 दिन के भीतर उक्त स्थावर सम्पत्ति में हितबद्ध किसी अन्य व्यक्ति द्वारा, अधोहस्ताक्षरी के पास लिखित में किये जा सकेंगे।

स्पष्टीकरण:—इसमें प्रयुक्त शब्दों और पदों का, जो उक्त अधिनियम के अध्याय 20-क में परिभाषित है, वही अर्थ होगा, जो उस अध्याय में दिया गया है।

अनुसूची

मकान मय जमीन नं० जे० 12/38-ए, जो कि मोहल्ला धूपचण्डी नाटी इमली मौजा जैतपुरा, शहर वाराणसी में स्थित है।

अमर सिंह बिसेन
सक्षम प्राधिकारी
सहायक आयकर आयुक्त (निरीक्षण)
अर्जन रेंज, लखनऊ

तारीख : 19-10-76
मोहर :

प्ररूप आई० टी० एन० एस ०————————

आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की
धारा 269 घ (1) के अधीन सूचना

भारत सरकार

कार्यालय, सहायक आयकर आयुक्त (निरीक्षण)

अर्जन रेंज, लखनऊ

लखनऊ, दिनांक 19 अक्तूबर 1976

निदेश नं० 135-एस/अर्जन—अतः मुझे अमर सिंह बिसेन आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) (जिसे इसमें इसके पश्चात् 'उक्त अधिनियम' कहा गया है), की धारा 269ख के अधीन सक्षम प्राधिकारी को यह विश्वास करने का कारण है कि स्थावर सम्पत्ति, जिसका उचित बाजार मूल्य 25,000/- रु० से अधिक है,

और जिसकी संख्या मकान मय जमीन नं० जे० 12/38-ए है तथा जो मो० धूपचंडी नाटी इमली मौजा जैतपुरा वाराणसी में स्थित है (और इससे उपाबद्ध अनुसूची में और पूर्ण रूप से वर्णित) है, रजिस्ट्रीकर्ता अधिकारी के कार्यालय वाराणसी में रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1908 (1908 का 16) के अधीन, तारीख 31-3-76 को पूर्वोक्त सम्पत्ति के उचित बाजार मूल्य से कम के दृश्यमान प्रतिफल के लिए अन्तरित की गई है और मुझे यह विश्वास करने का कारण है कि यथापूर्वोक्त सम्पत्ति का उचित बाजार मूल्य, उसके दृश्यमान प्रतिफल से, ऐसे दृश्यमान प्रतिफल का पन्द्रह प्रतिशत से अधिक है और अन्तरक (अन्तरकों) और अन्तरिती (अन्तरितियों) के बीच ऐसे अन्तरण के लिए तय पाया गया प्रतिफल, निम्नलिखित उद्देश्य से उक्त अन्तरण लिखित में वास्तविक रूप से कथित नहीं किया गया है :—

(क) अन्तरण से हुई किसी आय की बाबत, उक्त अधिनियम के अधीन कर देने के अन्तरक के दायित्व में कमी करने या उससे बचने में सुविधा के लिए; और/या

(ख) ऐसी किसी आय या किसी धन या अन्य आस्तियों को, जिन्हें भारतीय आय-कर अधिनियम, 1922 (1922 का 11) या उक्त अधिनियम, या धन-कर अधिनियम, 1957 (1957 का 27) के प्रयोजनार्थ अन्तरिती द्वारा प्रकट नहीं किया गया था या किया जाना चाहिए था, छिपाने में सुविधा के लिए;

अतः अब उक्त अधिनियम, की धारा 269ग के अनुसरण में, मैं, उक्त अधिनियम की धारा 269घ की उपधारा (1) के अधीन, निम्नलिखित व्यक्तियों, अर्थात्:—

1. श्री केशव प्रसाद (अन्तरक)

2. श्री शंकर भाई पटेल (अन्तरिती)

3. श्री केशव प्रसाद (वह व्यक्ति, जिसके अधिभोग में सम्पत्ति है)।

को यह सूचना जारी करके पूर्वोक्त सम्पत्ति के अर्जन के लिए कार्यवाहियां करता हूं।

उक्त सम्पत्ति के अर्जन के सम्बन्ध में कोई भी आक्षेप :—

(क) इस सूचना के राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से 45 दिन की अवधि या तत्संबंधी व्यक्तियों पर सूचना की तामील से 30 दिन की अवधि जो भी अवधि बाद में समाप्त होती हो, के भीतर पूर्वोक्त व्यक्तियों में से किसी व्यक्ति द्वारा;

(ख) इस सूचना के राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से 45 दिन के भीतर उक्त स्थावर सम्पत्ति में हितबद्ध किसी अन्य व्यक्ति द्वारा, अधोहस्ताक्षरी के पास लिखित में किए जा सकेंगे।

स्पष्टीकरण:—इसमें प्रयुक्त शब्दों और पदों का, जो उक्त अधिनियम, के अध्याय 20-क में परिभाषित हैं, वही अर्थ होगा, जो उस अध्याय में दिया गया है।

अनुसूची

एक मकान मय जमीन नं० 28/38-ए जो कि मोहल्ला धूपचंडी नाटी इमली मौजा जैतपुरा वाराणसी में स्थित है।

अमर सिंह बिसेन
सक्षम प्राधिकारी
सहायक आयकर आयुक्त (निरीक्षण)
अर्जन रेंज, लखनऊ

तारीख : 19 अक्तूबर 1976
मोहर :

प्रारूप आई० टी० एन० एस०———————

आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की
धारा 269 घ (1) के अधीन सूचना
भारत सरकार
कार्यालय, सहायक आयकर आयुक्त (निरीक्षण)
अर्जन रेंज, 156, सेक्टर 9-बी चण्डीगढ़
चण्डीगढ़, दिनांक 18 अक्तूबर 1976

निदेश सं० सीएचडी/1676/75-76—अतः मुझे ग० प० सिंह
आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) (जिसे इसमें इसके पश्चात् 'उक्त अधिनियम' कहा गया है), की धारा 269 ख के अधीन सक्षम प्राधिकारी को, यह विश्वास करने का कारण है कि स्थावर सम्पत्ति, जिसका उचित बाजार मूल्य 25,000/- रुपये से अधिक है
और जिसकी सं० मकान नं० 14, सैक्टर 3 का 3/7 भाग है तथा जो चण्डीगढ़ में स्थित है (और इससे उपाबद्ध अनुसूची में और पूर्ण रूप से वर्णित है), रजिस्ट्रीकर्ता अधिकारी के कार्यालय, चण्डीगढ़ में, रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1908 (1908 का 16) के अधीन, तारीख फरवरी, 1976
को पूर्वोक्त सम्पत्ति के उचित बाजार मूल्य से कम के दृश्यमान प्रतिफल के लिए अन्तरित की गई है और मुझे यह विश्वास करने का कारण है कि यथापूर्वोक्त सम्पत्ति का उचित बाजार मूल्य, उसके दृश्यमान प्रतिफल से, ऐसे दृश्यमान प्रतिफल का पन्द्रह प्रतिशत से अधिक है और अन्तरक (अन्तरकों) और अन्तरिती (अन्तरितियों) के बीच ऐसे अन्तरण के लिए तय पाया गया प्रतिफल, निम्नलिखित उद्देश्य से उक्त अन्तरण लिखत में वास्तविक रूप से कथित नहीं किया गया है :—

(क) अन्तरण से हुई किसी आय की बाबत उक्त अधिनियम, के अधीन कर देने के अन्तरक के दायित्व में कमी करने या उससे बचने में सुविधा के लिए; और/या

(ख) ऐसी किसी आय या किसी धन या अन्य आस्तियों को, जिन्हें भारतीय आय-कर अधिनियम, 1922 (1922 का 11) या उक्त अधिनियम या धन-कर अधिनियम, 1957 (1957 का 27) के प्रयोजनार्थ अन्तरिती द्वारा प्रकट नहीं किया गया था या किया जाना चाहिए था, छिपाने में सुविधा के लिए;

अतः, अब उक्त अधिनियम, की धारा 269-ग के अनुसरण में, मैं, उक्त अधिनियम की धारा 269-घ की उपधारा (1) के अधीन निम्नलिखित व्यक्तियों, अर्थात् :—

1. श्रीमति देव प्रभा पत्नी श्री डी० सी० भगत, निवासी मकान नं० 14, सैक्टर 3-ए चण्डीगढ़। (अन्तरक)

2. श्री मदन गोपाल सिंह कर्ता हिन्दू अविभक्त परिवार जिसमें वह स्वयं, उसकी पत्नी श्रीमति देव बाला और उसके तीन पुत्र सर्वश्री राजन कश्यप, सजन कश्यप, यजन कश्यप समाविष्ट हैं।
निवासी मकान नं० 131, सैक्टर 10, चण्डीगढ़। (अन्तरिती)

को यह सूचना जारी करके पूर्वोक्त सम्पत्ति के अर्जन के लिए कार्यवाहियां करता हूं।

उक्त सम्पत्ति के अर्जन के संबंध में कोई भी आक्षेप—

(क) इस सूचना के राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से 45 दिन की अवधि या तत्संबंधी व्यक्तियों पर सूचना की तामील से 30 दिन की अवधि, जो भी अवधि बाद में समाप्त होती हो, के भीतर पूर्वोक्त व्यक्तियों में से किसी व्यक्ति द्वारा;

(ख) इस सूचना के राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से 45 दिन के भीतर उक्त स्थावर सम्पत्ति में हितबद्ध किसी अन्य व्यक्ति द्वारा, अधोहस्ताक्षरी के पास लिखित में किये जा सकेंगे।

स्पष्टीकरण :—इसमें प्रयुक्त शब्दों और पदों का, जो उक्त अधिनियम के अध्याय 20-क में परिभाषित हैं, वही अर्थ होगा, जो उस अध्याय में दिया गया है।

अनुसूची

मकान नं० 14, सैक्टर-3, चण्डीगढ़ का 3/7 भाग।
(जैसे कि रजिस्ट्रीकृत विलेख नं० 1223 फरवरी 1976 में रजिस्ट्रीकर्ता अधिकारी चण्डीगढ़ के कार्यालय में लिखा है।)

ग० प० सिंह
सक्षम प्राधिकारी
सहायक आयकर आयुक्त (निरीक्षण)
अर्जन रेंज, 156, सैक्टर 9-बी चण्डीगढ़

तारीख : 18-10-1976
मोहर :

प्ररूप आई० टी० एन० एस०———————

आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की
धारा 269 घ (1) के अधीन सूचना
भारत सरकार
कार्यालय, सहायक आयकर आयुक्त (निरीक्षण)
अर्जन रेंज 156, सैक्टर 9-बी चन्डीगढ़

चण्डीगढ़, दिनांक 18 अक्तूबर 1976

निदेश सं० बीजीआर/1966/75-76—अतः मुझ ग० प० सिंह, आयकर अधिनियम 1961 (1961 का 43) (जिसे इसमें इसके पश्चात 'उक्त अधिनियम' कहा गया है), की धारा 269-ख के अधीन सक्षम प्राधिकारी को, यह विश्वास करने का कारण है कि स्थावर सम्पत्ति, जिसका उचित बाजार मूल्य 25,000/- रु० से अधिक है

और जिसकी सं० भूमि और बिल्डिंग जिस का नं० 22/1 और 19/2 है जो कि गांव म्यौला महाराजपुर, 15/3 माईल स्टोन, मथुरा रोड फरीदाबाद में स्थित ह (और इससे उपाबद्ध अनुसूची में और पूर्ण रूप से वर्णित है), रजिस्ट्रीकर्ता अधिकारी के कार्यालय, बल्लबगढ़ में, रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1908 (1908 का 16) के अधीन, तारीख फरवरी, 1976 को

पूर्वोक्त सम्पत्ति के उचित बाजार मूल्य से कम के दृश्यमान प्रतिफल के लिए अन्तरित की गई है, और मुझे यह विश्वास करने का कारण है कि यथापूर्वोक्त सम्पत्ति का उचित बाजार मूल्य, उसके दृश्यमान प्रतिफल से ऐसे दृश्यमान प्रतिफल का 15 प्रतिशत से अधिक है और अन्तरक (अन्तरकों) और अन्तरिती (अन्तरितियों) के बीच ऐसे अन्तरण के लिए तय पाया गया प्रतिफल, निम्नलिखित उद्देश्य से उक्त अन्तरण लिखित में वास्तविक रूप से कथित नहीं किया गया है :—

(क) अन्तरण से हुई किसी आय की बाबत, उक्त अधिनियम, के अधीन कर देने के अन्तरक के दायित्व में कमी करने या उससे बचने में सुविधा के लिए और/या

(ख) ऐसी किसी आय या किसी धन या अन्य आस्तियों को जिन्हें भारतीय आय-कर अधिनियम, 1922 (1922 का 11) या उक्त अधिनियम, या धन-कर अधिनियम, 1957 (1957 का 27), के प्रयोजनार्थ अन्तरिती द्वारा प्रकट नहीं किया गया था या किया जाना चाहिए था, छिपाने में सुविधा के लिए।

अतः अब, उक्त अधिनियम की धारा 269-ग के अनुसरण में, मैं उक्त अधिनियम की धारा 269-घ की उपधारा (1) के अधीन निम्नलिखित व्यक्तियों, अर्थात् :—

1 (i) श्रीमती वीना मरवाह पत्नी श्री मनमोहन मरवाह निव सी ई-1, पटेल रोड़, ईस्ट पटेल नगर, नई दिल्ली।

(ii) श्रीमति रेनू मुंजाल पत्नी श्री इन्द्र मोहन मुंजाल निवासी मकान नं० 648, सैक्टर 11-बी, चण्डीगढ़।

(iii) श्रीमति नीलम शर्मा पत्नी कैप्टन प्रदीप शर्मा निवासी ई/290, ग्रेटर कैलाश नई दिल्ली।

(iv) कुमारी पूनम चन्दन उर्फ पुनीता चन्दन और

(v) कुमारी माला चन्दन पुत्रियां श्री मोहन चन्दन, निवासी 17ए/28, वैस्ट्रन एक्सटेनशन एरिया, करोल बाग, नई दिल्ली।

(i) कुमारी मधुरिका चन्दन (नाबालग) और

(ii) कुमारी रीतू चन्दन (नाबालग) पुत्रियां, द्वारा उन के पिता और स्वाभाविक संरक्षक श्री मोहन चन्दन, निवासी 17ए/28, वैस्ट्रन एक्स्टेंशन एरिया, करोल बाग, नई दिल्ली (अन्तरक)

2 मुख्य अधिकारी, मैसर्स आर० एम० सी० डिल एण्ड कम्पनी प्राईवेट लिमिटेड, फरीदाबाद
पंजीयित कार्यालय—27-ए केमेकस स्ट्रीट कलकत्ता-700016। (अन्तरिती)

3 मैसर्ज राधिका वूलन और सिलक मिल 17 पार्लीयमेंट स्ट्रीट चौथी मंजिल अलाहाबाद बैंक बिल्डिंग, नई दिल्ली। किरायेदार

(वह व्यक्ति, जिसके अधिभोग में सम्पत्ति है)

को यह सूचना जारी करके पूर्वोक्त सम्पत्ति के अर्जन के लिए कार्यवाहियां करता हूं।

उक्त सम्पत्ति के अर्जन के सम्बन्ध में कोई भी आक्षेप :—

(क) इस सूचना के राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से 45 दिन की अवधि या तत्सम्बन्धी व्यक्तियों पर सूचना की तामील से 30 दिन की अवधि, जो भी अवधि बाद में समाप्त होती हो, के भीतर पूर्वोक्त व्यक्तियों में से किसी व्यक्ति द्वारा ;

(ख) इस सूचना के राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से 45 दिन के भीतर उक्त स्थावर सम्पत्ति में हितबद्ध किसी अन्य व्यक्ति द्वारा, अधोहस्ताक्षरी के पास लिखित में किए जा सकेंगे।

स्पष्टीकरण :—इसमें प्रयुक्त शब्दों और पदों का, जो उक्त अधिनियम के अध्याय 20-क में परिभाषित हैं, वही अर्थ होगा जो उस अध्याय में दिया गया है।

अनुसूची

फैक्ट्री शैड और बिल्डिंग साथ में भूमि जिस का नं० 22/1 और 19/2 है और क्षेत्रफल 2783 वर्ग गज है जोकि गांव म्योला महाराजपुर, 15/3 माईल स्टोन मथुरा रोड़, फरीबाबाद में स्थित है।

(जैसे कि रजिस्ट्रीकृत के विलेख नं० 3703 फरवरी, 1976 में रजिरट्रीकर्ता अधिकारी बल्लबगढ़ के कार्यालय में लिखा है।)

ग० प० सिंह,
सक्षम प्राधिकारी
सहायक आयकर आयुक्त (निरीक्षण)
अर्जन रेंज, चण्डीगढ़

तारीख : 18 अक्तूबर, 1976
मोहर :

प्ररूप आई० टी० एन० एस०———————

आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की
धारा 269 घ (1) के अधीन सूचना

भारत सरकार

कार्यालय, सहायक आयकर आयुक्त (निरीक्षण)
अर्जन रेंज, अमृतसर

अमृतसर, दिनांक 15 अक्तूबर 1976

निदेश नं० पीएचजी/84/76-77—यतः मुझे वी० आर० सगर
आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) (जिसे इसमें इसके पश्चात् 'उक्त अधिनियम' कहा गया है), की धारा 269 ख के अधीन सक्षम प्राधिकारी को, यह विश्वास करने का कारण है कि स्थावर सम्पत्ति, जिसका उचित बाजार मूल्य 25,000/- रुपए से अधिक है,
और जिसकी सं० 31 है तथा जो इंडस्ट्रीयल एरिया फगवाड़ा में स्थित है (और इससे उपाबद्ध अनुसूची में और पूर्ण रूप से वर्णित है), रजिस्ट्रीकर्ता अधिकारी के कार्यालय फगवाड़ा में रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1908 (1908 का 16) के अधीन, तारीख फरवरी 1976
को पूर्वोक्त सम्पत्ति के उचित बाजार मूल्य से कम के दृश्यमान प्रतिफल के लिए अन्तरित की गई है और मुझे यह विश्वास करने का कारण है कि यथापूर्वोक्त सम्पत्ति का उचित बाजार मूल्य, उसके दृश्यमान प्रतिफल से ऐसे दृश्यमान प्रतिफल का पन्द्रह प्रतिशत से अधिक है और अन्तरक (अन्तरकों) और अन्तरिती (अन्तरितियों) के बीच ऐसे अन्तरण के लिए तय पाया गया प्रतिफल, निम्नलिखित उद्देश्य से उक्त अन्तरण लिखित में वास्तविक रूप से कथित नहीं किया गया है :—

(क) अन्तरण से हुई किसी आय की बाबत, उक्त अधिनियम, के अधीन कर देने के अन्तरक के दायित्व में कमी करने या उससे बचने में सुविधा के लिए; और/या

(ख) ऐसी किसी आय या किसी धन या अन्य आस्तियों, को जिन्हें भारतीय आय-कर अधिनियम, 1922 (1922 का 11) या उक्त अधिनियम, या धन-कर अधिनियम, 1957 (1957 का 27) के प्रयोजनार्थ अन्तरिती द्वारा प्रकट नहीं किया गया था या किया जाना चाहिए था, छिपाने में सुविधा के लिए;

अतः अब, उक्त अधिनियम की धारा 269 ग के अनुसरण में, मैं, उक्त अधिनियम, की धारा 269 घ की उपधारा (1) के अधीन निम्नलिखित व्यक्तियों, अर्थात् :—

1. श्री नरिन्द्रजीत सिंह सपुत्र नरंजन सिंह वासी फगवाड़ा (अन्तरक)

2. श्री कर्म सिंह, लछमन सिंह सपुत्रान श्री शिव सिंह वासी गांव तक्कर। (अन्तरिती)

3. जैसा कि नं० 2 में है तथा किराएदार, यदि हों। (वह व्यक्ति जिसके अधिभोग में सम्पत्ति है)।

4. कोई व्यक्ति जो सम्पत्ति में रुचि रखता है। (वह व्यक्ति जिसके बारे में अधोहस्ताक्षरी जानता है कि वह सम्पत्ति में हितबद्ध है)।

को यह सूचना जारी करके पूर्वोक्त सम्पत्ति के अर्जन के लिए कार्यवाहियां करता हूं।

उक्त सम्पत्ति के अर्जन के सम्बन्ध में कोई भी आक्षेप :—

(क) इस सूचना के राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से 45 दिन की अवधि या तत्सम्बन्धी व्यक्तियों पर सूचना की तामील से 30 दिन की अवधि, जो भी अवधि बाद में समाप्त होती हो, के भीतर पूर्वोक्त व्यक्तियों में से किसी व्यक्ति द्वारा;

(ख) इस सूचना के राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से 45 दिन के भीतर उक्त स्थावर सम्पत्ति में हितबद्ध किसी अन्य व्यक्ति द्वारा अधोहस्ताक्षरी के पास लिखित में किए जा सकेंगे।

स्पष्टीकरण:—इसमें प्रयुक्त शब्दों और पदों का, जो उक्त अधिनियम, के अध्याय 20-क में परिभाषित हैं, वही अर्थ होगा जो उस अध्याय में दिया गया है।

अनुसूची

बिल्डिंग प्लाट नं० 31, इंडस्ट्रियल एरिया फगवाड़ा, जैसा कि रजिस्ट्रीकृत विलेख नं० 1824 फरवरी 1976 को रजिस्ट्रीकर्ता अधिकारी फगवाड़ा में है।

वी० आर० सगर,
सक्षम प्राधिकारी
सहायक आयकर आयुक्त (निरीक्षण)
अर्जन रेंज, अमृतसर

तारीख : 15 अक्तूबर 1976
मोहर :

प्ररूप आई० टी० एन० एस०————————

आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की
धारा 269-घ (1) के अधीन सूचना

भारत सरकार

कार्यालय, सहायक आयकर आयुक्त (निरीक्षण)

अर्जन रेंज, अमृतसर

अमृतसर, दिनांक 15 अक्तूबर 1976

निदेश नं० पीएचजी/85/76-77—यतः मुझे वी० आर० सगर,

आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) (जिसे इसमें इसके पश्चात् 'उक्त अधिनियम' कहा गया है) की धारा 269-ख के अधीन सक्षम प्राधिकारी को, यह विश्वास करने का कारण है कि स्थावर सम्पत्ति, जिसका उचित बाजार मूल्य 25000/- रुपए से अधिक है

और जिसकी सं० 31 है तथा जो इंडस्ट्रियल एरिया फगवाड़ा में स्थित है (और इससे उपाबद्ध अनुसूची में और पूर्ण रूप से वर्णित है), रजिस्ट्रीकर्ता अधिकारी के कार्यालय, फगवाड़ा में रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1908 (1908 का 16) के अधीन, तारीख फरवरी, 1976 को

पूर्वोक्त सम्पत्ति के उचित बाजार मूल्य से कम के दृश्यमान प्रतिफल के लिये अन्तरित की गई है और मुझे यह विश्वास करने का कारण है कि यथापूर्वोक्त सम्पत्ति का उचित बाजार मूल्य, उसके दृश्यमान प्रतिफल से, ऐसे दृश्यमान प्रतिफल के पन्द्रह प्रतिशत से अधिक है और अन्तरक (अन्तरकों) और अन्तरिती (अन्तरितियों) के बीच ऐसे अन्तरण के लिए तय पाया गया प्रतिफल, निम्नलिखित उद्देश्य से उक्त अन्तरण लिखित में वास्तविक रूप से कथित नहीं किया गया है :—

(क) अन्तरण से हुई किसी आय की बाबत, उक्त अधिनियम के अधीन कर देने के अन्तरक के दायित्व में कमी करने या उससे बचने में सुविधा के लिए; और/या

(ख) ऐसी किसी आय या किसी धन या अन्य आस्तियों को, जिन्हें भारतीय आयकर अधिनियम, 1922 (1922 का 11) या उक्त अधिनियम, या धन-कर अधिनियम, 1957 (1957 का 27) के प्रयोजनार्थ अन्तरिती द्वारा प्रकट नहीं किया गया था या किया जाना चाहिये था, छिपाने में सुविधा के लिए;

अतः अब उक्त अधिनियम की धारा 269-ग के अनुसरण में, मैं, उक्त अधिनियम की धारा 269-घ की उपधारा (1) के अधीन, निम्नलिखित व्यक्तियों, अर्थात् :—

1. कर्मजीत सिंह सपुत्र नरंजन सिंह वासी फगवाड़ा । (अन्तरक)
2. श्री कर्मसिंह लक्षमन सिंह सपुत्रान शिव सिंह वासी गांव तक्कर । (अन्तरिती)
3. जैसा कि नं० 2 में है तथा किराएदार, यदि हों । (वह व्यक्ति जिसके अधिभोग में सम्पत्ति है) ।
4. कोई व्यक्ति जो सम्पत्ति में रुचि रखता है । (वह व्यक्ति, जिनके बारे में अधोहस्ताक्षरी जानता है कि वह सम्पत्ति में हितबद्ध है) ।

को यह सूचना जारी करके पूर्वोक्त सम्पत्ति के अर्जन के लिए कार्यवाहियां करता हूं ।

उक्त सम्पत्ति के अर्जन के सम्बन्ध में कोई भी आक्षेप—

(क) इस सूचना के राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से 45 दिन की अवधि या तत्सम्बन्धी व्यक्तियों पर सूचना की तामील से 30 दिन की अवधि, जो भी अवधि बाद में समाप्त होती हो, के भीतर पूर्वोक्त व्यक्तियों में से किसी व्यक्ति द्वारा;

(ख) इस सूचना के राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से 45 दिन के भीतर उक्त स्थावर सम्पत्ति में हितबद्ध किसी अन्य व्यक्ति द्वारा, अधोहस्ताक्षरी के पास लिखित में किए जा सकेंगे ।

स्पष्टीकरण:—इसमें प्रयुक्त शब्दों और पदों को, जो उक्त अधिनियम, के अध्याय 20-क में परिभाषित हैं, वही अर्थ होगा, जो उस अध्याय में दिया गया है ।

अनुसूची

बिल्डिंग प्लाट नं० 31 इंडस्ट्रियल एरिया फगवाड़ा पर जैसा कि रजिस्ट्रीकृत विलेख नं 1801 फरवरी, 1976 रजिस्ट्रीकर्ता अधिकारी फगवाड़ा में है ।

वी० आर० सगर
सक्षम प्राधिकारी
सहायक आयकर आयुक्त (निरीक्षण)
अर्जन रेंज, अमृतसर

तारीख: 15-10-76
मोहर :

प्ररूप आई० टी० एन० एस०————

आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की धारा 269 घ (1) के अधीन सूचना

भारत सरकार

कार्यालय, सहायक आयकर आयुक्त (निरीक्षण)

अर्जन रेंज, अमृतसर

अमृतसर, दिनांक 15 अक्तूबर 1976

निदेश नं० पीएचजी/86/76-77—यतः मुझे वी० आर० सगर,

आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) (जिसे इसमें इसके पश्चात् 'उक्त अधिनियम' कहा गया है) की धारा 269 ख के अधीन सक्षम प्राधिकारी को, यह विश्वास करने का कारण है कि स्थावर सम्पत्ति, जिसका उचित बाजार मूल्य 25,000/– रुपए से अधिक है

और जिसकी सं० 31 है तथा जो इंडस्ट्रियल एरिया, फगवाड़ा में स्थित है (और इससे उपाबद्ध अनुसूची में और पूर्ण रूप से वर्णित है), रजिस्ट्रीकर्ता अधिकारी के कार्यालय, फगवाड़ा में रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1908, (1908 का 16) के अधीन, तारीख फरवरी 1976 को

पूर्वोक्त सम्पत्ति के उचित बाजार मूल्य से कम के दृश्यमान प्रतिफल के लिए अन्तरित की गई है और मुझे यह विश्वास करने का कारण है कि यथापूर्वोक्त सम्पत्ति का उचित बाजार मूल्य, उसके दृश्यमान प्रतिफल से ऐसे दृश्यमान प्रतिफल के पन्द्रह प्रतिशत से अधिक है और अन्तरक (अन्तरकों) और अन्तरिती (अन्तरितियों) के बीच ऐसे अन्तरण के लिए तय पाया गया प्रतिफल, निम्नलिखित उद्देश्य में उक्त अन्तरण लिखित में वास्तविक रूप से कथित नहीं किया गया है :—

(क) अन्तरण से हुई किसी आय की बाबत, उक्त अधिनियम के अधीन कर देने के अन्तरक के दायित्व में कमी करने या उससे बचने में सुविधा के लिए; और/या

(ख) ऐसी किसी आय या किसी धन या अन्य आस्तियों को जिन्हें भारतीय आय-कर अधिनियम, 1922 (1922 का 11) या उक्त अधिनियम, या धन-कर अधिनियम, 1957 (1957 का 27) के प्रयोजनार्थ अन्तरिती द्वारा प्रकट नहीं किया गया था या किया जाना चाहिए था, छिपाने में सुविधा के लिए;

अतः अब, उक्त अधिनियम की धारा 269 ग के अनुसरण में, मैं, उक्त अधिनियम की धारा 269 घ की उपधारा (1) के अधीन, निम्नलिखित व्यक्तियों, अर्थात् :—

1. मैसर्ज जंगी एण्ड परमार इंडस्ट्रीज, इंडस्ट्रियल एरिया फगवाड़ा द्वारा श्री किलवरन सिंह सपुत्र कुन्दन सिंह (अन्तरक)

2. श्री कर्म सिंह लछमन सिंह सपुत्रान श्री शिव सिंह वासी गांव तक्कर। (अन्तरिती)

जैसा कि नं० 2 में है तथा किरायदार, यदि हों (वह व्यक्ति जिसके अधिभोग में सम्पत्ति है)।

4. कोई व्यक्ति जो सम्पत्ति में रुचि रखता हो (वह व्यक्ति जिनके बारे में अधोहस्ताक्षरी जानता है कि वह सम्पत्ति में हितबद्ध है)।

को यह सूचना जारी करके पूर्वोक्त सम्पत्ति के अर्जन के लिए कार्यवाहियां करता हूं।

उक्त सम्पत्ति के संबंध में कोई भी आक्षेप :—

(क) इस सूचना के राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से 45 दिन की अवधि या तत्संबंधी व्यक्तियों पर सूचना की तामील से 30 दिन की अवधि, जो भी अवधि बाद में समाप्त होती हो, के भीतर पूर्वोक्त व्यक्तियों में से किसी व्यक्ति द्वारा;

(ख) इस सूचना के राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से 45 दिन के भीतर उक्त स्थावर सम्पत्ति में हितबद्ध किसी अन्य व्यक्ति द्वारा, अधोहस्ताक्षरी के पास लिखित में किए जा सकेंगे।

स्पष्टीकरण:—इसमें प्रयुक्त शब्दों और पदों का, जो उक्त अधिनियम के अध्याय 20क में परिभाषित हैं, वही अर्थ होगा जो उस अध्याय में दिया गया है।

अनुसूची

बिल्डिंग प्लाट नं० 31 इंडस्ट्रियल एरिया फगवाड़ा पर जैसा कि रजिस्ट्रीकृत विलेख नं० 1802 फरवरी 1976 को रजिस्ट्रीकर्ता अधिकारी फगवाड़ा में है।

वी० आर० सगर
सक्षम प्राधिकारी,
सहायक आयकर आयुक्त (निरीक्षण),
अर्जन रेंज, अमृतसर

तारीख : 15-10-1976
मोहर :

प्ररूप आई० टी० एन० एस०—

आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की धारा 269घ (1) के अधीन सूचना

भारत सरकार

कार्यालय, सहायक आयकर आयुक्त (निरीक्षण)

अर्जन रेंज, अमृतसर

अमृतसर, दिनांक 15 अक्तूबर 1976

निदेश नं० पीएचजी/87/76-77—यतः मुझे वी० आर० सगर,

आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) (जिसे इसमें इसके पश्चात् 'उक्त अधिनियम' कहा गया है), की धारा 269ख के अधीन सक्षम प्राधिकारी को, यह विश्वास करने का कारण है कि स्थावर सम्पत्ति, जिसका उचित बाजार मूल्य 25,000/-रु० से अधिक है

और जिसकी सं० 31 है तथा जो इंडस्ट्रियल एरिया फगवाड़ा में स्थित है (और इससे उपाबद्ध अनुसूची में और पूर्ण रूप से वर्णित है), रजिस्ट्रीकर्ता अधिकारी के कार्यालय फगवाड़ा में रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1908 (1908 का 16) के अधीन, तारीख फरवरी 1976

को पूर्वोक्त सम्पत्ति के उचित बाजार मूल्य से कम के दृश्यमान प्रतिफल के लिये अन्तरित की गई है और मुझे यह विश्वास करने का कारण है कि यथापूर्वोक्त सम्पत्ति का उचित बाजार मूल्य, उसके दृश्यमान प्रतिफल से, ऐसे दृश्यमान प्रतिफल का पन्द्रह प्रतिशत अधिक है और अन्तरक (अन्तरकों) और अन्तरिती (अन्तरितियों) के बीच ऐसे अन्तरण के लिये तय पाया गया प्रतिफल निम्नलिखित उद्देश्य से उक्त अन्तरण लिखित में वास्तविक रूप से कथित नहीं किया गया है :—

(क) अन्तरण से हुई किसी आय की बाबत, उक्त अधिनियम के अधीन कर देने के अन्तरक के दायित्व में कमी करने या उससे बचने में सुविधा के लिए; और /या

(ख) ऐसी किसी आय या किसी धन या अन्य आस्तियों को, जिन्हें भारतीय आयकर अधिनियम, 1922 (1922 का 11) या उक्त अधिनियम, या धन-कर अधिनियम, 1957 (1957 का 27) के प्रयोजनार्थ अन्तरिती द्वारा प्रकट नहीं किया गया था या किया जाना चाहिए था, छिपाने में सुविधा के लिये;

अतः, अब, उक्त अधिनियम की धारा 269ग के अनुसरण में, मैं, उक्त अधिनियम, की धारा 269घ की उपधारा (1) के अधीन, निम्नलिखित व्यक्तियों, अर्थात्:—

1. नरिन्द्रजीत सिंह कर्मजीत सिंह सपुत्रान श्री नरंजन सिंह वासी फगवाड़ा तथा मैसर्ज जंगी एण्ड परमार इंडस्ट्रीज इन्डस्ट्रियल एरिया फगवाड़ा द्वारा श्री किलवरन सिंह सपुत्र श्री कुन्दन सिंह । (अन्तरक)
2. श्री कर्म सिंह लछमन सिंह सपुत्रान शिव सिंह वासी गांव तक्कर (अन्तरिती)
3. जैसा कि नं० 2 में है तथा किराएदार, यदि हों (वह व्यक्ति जिसके अधिभोग में सम्पत्ति है)
4. कोई व्यक्ति जो सम्पत्ति में रुचि रखता है । (वह व्यक्ति जिसके बारे में अधोहस्ताक्षरी जानता है कि वह सम्पत्ति में हितबद्ध है) ।

को यह सूचना जारी करके पूर्वोक्त सम्पत्ति के अर्जन के लिए कार्यवाहियां शुरू करता हूं ।

उक्त सम्पत्ति के अर्जन के सम्बन्ध में कोई भी आक्षेप :—

(क) इस सूचना के राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से 45 दिन की अवधि या तत्संबंधी व्यक्तियों पर सूचना की तामील से 30 दिन की अवधि, जो भी अवधि बाद में समाप्त होती हो, के भीतर पूर्वोक्त व्यक्तियों में से किसी व्यक्ति द्वारा;

(ख) इस सूचना के राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से 45 दिन के भीतर उक्त स्थावर सम्पत्ति में हितबद्ध किसी अन्य व्यक्ति द्वारा, अधोहस्ताक्षरी के पास लिखित में किए जा सकेंगे ।

स्पष्टीकरण:—इसमें प्रयुक्त शब्दों और पदों का, जो उक्त अधिनियम, के अध्याय 20-क में परिभाषित हैं, वही अर्थ होगा, जो उस अध्याय में दिया गया है ।

अनुसूची

बिल्डिंग प्लाट नं० 31 इंडस्ट्रियल एरिया फगवाड़ा पर जैसा कि रजिस्ट्रीकृत विलेख नं० 1801, 1802 तथा 1824 फरवरी 1976 को रजिस्ट्रीकर्ता अधिकारी फगवाड़ा में है ।

वी० आर० सगर
सक्षम प्राधिकारी
सहायक आयकर आयुक्त (निरीक्षण)
अर्जन रेंज, अमृतसर

तारीख : 15-10-1976
मोहर :

प्ररूप आई० टी० एन० एस०————

आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की
धारा 269-घ (1) के अधीन सूचना

भारत सरकार

कार्यालय, सहायक आयकर आयुक्त (निरीक्षण)
अर्जन रेंज-II
4/14 क, आसफअली मार्ग, नई दिल्ली-1

नई दिल्ली-1, दिनांक 26 अक्तूबर 1976

निर्देश सं० आई० ए० सी०एक्यू०/II/1125/76-77/—अतः मुझे, एम० एस० गोयला,
आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) (जिसे इसमें इसके पश्चात् 'उक्त अधिनियम' कहा गया है) की धारा 269-ख के अधीन सक्षम प्राधिकारी को, यह विश्वास करने का कारण है कि स्थावर सम्पत्ति, जिसका उचित बाजार मूल्य 25000/- रुपए से अधिक है
और जिसकी सं० बी 2/13 का 1/2 हिस्सा है तथा जो माडल टाउन, दिल्ली में स्थित है (और इससे उपाबद्ध अनुसूची में पूर्ण रूप से वर्णित है), रजिट्रीकर्ता अधिकारी के कार्यालय दिल्ली में भारतीय रजिट्रीकरण अधिनियम, 1908 (1908 का 16) के अधीन तारीख फरवरी, 1976
को पूर्वोक्त सम्पत्ति के उचित बाजार मूल्य से कम के दृश्यमान प्रतिफल के लिए अन्तरित की गई है और मुझे यह विश्वास करने का कारण है कि यथापूर्वोक्त सम्पति का उचित बाजार मूल्य, उसके दृश्यमान प्रतिफल से, ऐसे दृश्यमान प्रतिफल के पन्द्रह प्रतिशत से अधिक है और अन्तरक (अन्तरकों) और अन्तरिती (अन्तरितियों) के बीच ऐसे अन्तरण के लिए तय पाया गया प्रतिफल, निम्नलिखित उद्देश्य में उक्त अन्तरण लिखित में वास्तविक रूप से कथित नहीं किया गया है:—

(क) अन्तरण से हुई किसी आय की बाबत, उक्त अधिनियम, के अधीन कर देने के अन्तरक के दायित्व में कमी करने या उससे बचने में सुविधा के लिए; और/या

(ख) ऐसी किसी आय या किसी धन या अन्य आस्तियों को जिन्हें भारतीय आयकर अधिनियम, 1922 (1922 का 11) या उक्त अधिनियम, या धन-कर अधिनियम, 1957 (1957 का 27) के प्रयोजनार्थ अन्तरिती द्वारा प्रकट नहीं किया गया था या किया जाना चाहिए था, छिपाने में सुविधा के लिए;

अतः अब, उक्त अधिनियम की धारा 269-ग के अनुसरण में, मैं, उक्त अधिनियम की धारा 269-घ की उपधारा (1) के अधीन, निम्नलिखित व्यक्तियों, अर्थात् :—

1. श्रीमती सावित्री देवी, पत्नी श्री कंवल नैन विज (2) श्री अशोक कुमार (3) श्री राधे शाम तथा श्री प्रवेश चन्द्र सुपुत्र श्री कंवल नैन विज, निवासी 12/9, शक्ति नगर, दिल्ली (अन्तरक)
2. श्रीमती शान्ती देवी पत्नी श्री कान्ता प्रसाद (2) श्री सतीश कुमार, (3) श्री राज कुमार (4) श्री अशोक कुमार (5) श्री सुरिन्द्र कुमार तथा (6) श्री सुरेश कुमार सभी सुपुत्र श्री कान्ता प्रसाद, निवासी बी-2/13, माडल टाउन, दिल्ली । (अन्तरिती)

को यह सूचना जारी करके पूर्वोक्त सम्पत्ति के अर्जन के लिए कार्यवाहियां करता हूं।

उक्त सम्पत्ति के संबंध में कोई भी आक्षेप:—

(क) इस सूचना के राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से 45 दिन की अवधि या तत्संबंधी व्यक्तियों पर सूचना की तामील से 30 दिन की अवधि, जो भी अवधि बाद में समाप्त होती हो, के भीतर पूर्वोक्त व्यक्तियों में से किसी व्यक्ति द्वारा ;

(ख) इस सूचना के राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से 45 दिन के भीतर उक्त स्थावर सम्पत्ति में हितबद्ध किसी अन्य व्यक्ति द्वारा, अधोहस्ताक्षरी के पास लिखित में किए जा सकेंगे ।

स्पष्टीकरण:—इसमें प्रयुक्त शब्दों और पदों का, जो उक्त अधिनियम, के अध्याय 20-क में पारिभाषित हैं, वही अर्थ होगा, जो उस अध्याय में दिया गया है ।

अनुसूची

एक बिल्डिंग का 1/2 अविभाजित भाग जोकि फ्रीहोल्ड प्लाट पर 1250.2 वर्ग गज (कुल क्षेत्रफल 2510 वर्ग गज) पर बनी हुई है, जिसका नं० 13, ब्लाक नं० बी-2 है, माडल टाउन कालौनी दिल्ली में निम्न प्रकार से स्थित है :—

पूर्व : जायदाद नं० बी-2/14
पश्चिम : जायदाद नं० बी-2/15-ए
उत्तर : रोड़
दक्षिण : कालौनी की सीमा

एम० एस० गोयला
सक्षम प्राधिकारी
सहायक आयकर आयुक्त (निरीक्षण)
अर्जन रेंज-II, दिल्ली/नई दिल्ली-1

तारीख : 26 अक्तूबर 1976
मोहर :

प्ररूप आई० टी० एन० एस०—

आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की धारा 269-घ (1) के अधीन सूचना

भारत सरकार

कार्यालय, सहायक आयकर आयुक्त (निरीक्षण)
अर्जन रेंज-II, अहमदाबाद

अहमदाबाद, दिनांक 19 अक्तूबर 1976

निदेश सं० 492/एसीक्यू० 23-884/7-4/75-76—अतः मुझे, पी० एन० मित्तल,
आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) (जिसे इसमें इसके पश्चात् 'उक्त अधिनियम' कहा गया है), की धारा 269-ख के अधीन सक्षम प्राधिकारी को यह विश्वास करने का कारण है, कि स्थावर सम्पत्ति, जिसका उचित बाजार मूल्य 25,000/- रु० से अधिक है
और जिसकी सं० रे० स० नं० 25 है तथा जो जेल विस्तार, टागोर नगर हाउसिंग सोसायटी नवसारी में स्थित है (और इससे उपाबद्ध अनुसूची में और पूर्ण रूप से वर्णित है) रजिस्ट्रीकर्ता अधिकारी के कार्यालय, नवसारी में रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1908 (1908 का 16) के अधीन 6-2-1976 को
पूर्वोक्त सम्पत्ति के उचित बाजार मूल्य से कम के दृश्यमान प्रतिफल के लिये अन्तरित की गई है और मुझे यह विश्वास करने का कारण है कि यथापूर्वोक्त सम्पत्ति का उचित बाजार मूल्य, उसके दृश्यमान प्रतिफल से, ऐसे दृश्यमान प्रतिफल का पन्द्रह प्रतिशत से अधिक है और अन्तरक (अन्तरकों) और अन्तरिती (अन्तरितियों) के बीच ऐसे अन्तरण के लिये तय पाया गया प्रतिफल, निम्नलिखित उद्देश्य से उक्त अन्तरण लिखित में वास्तविक रूप से कथित नहीं किया गया है :—

(क) अन्तरण से हुई किसी आय की बाबत उक्त अधिनियम के अधीन कर देने के अन्तरक के दायित्व में कमी करने या उससे बचने में सुविधा के लिये; और/या

(ख) ऐसी किसी आय या किसी धन या अन्य आस्तियों को, जिन्हें भारतीय आयकर अधिनियम, 1922 (1922 का 11) या उक्त अधिनियम, या धन-कर अधिनियम, 1957 (1957 का 27) के प्रयोजनार्थ अन्तरिती द्वारा प्रकट नहीं किया गया था या किया जाना चाहिये था, छिपाने में सुविधा के लिये;

अतः अब, उक्त अधिनियम की धारा 269-ग के अनुसरण में, मैं, उक्त अधिनियम की धारा 269-घ की उपधारा (1) के अधीन, निम्नलिखित व्यक्तियों, अर्थात्:—

1. श्री ललुभाई नारणजी जोबीसी, काछियावाडी, नवसारी (अन्तरक)

2. डाहीबेन, भुलाभाई मोरारजी अहीर की विधवा, टागोर-नगर हाउसिंग सोसायटी नवसारी। (अन्तरिती)

को यह सूचना जारी करके पूर्वोक्त सम्पत्ति के अर्जन के लिये कार्यवाहियां करता हूं।

उक्त सम्पत्ति के अर्जन के सम्बन्ध में कोई भी आक्षेप :—

(क) इस सूचना के राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से 45 दिन की अवधि या तत्संबंधी व्यक्तियों पर सूचना की तामील से 30 दिन की अवधि, जो भी अवधि बाद में समाप्त होती हो, के भीतर पूर्वोक्त, व्यक्तियों में से किसी व्यक्ति द्वारा;

(ख) इस सूचना के राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से 45 दिन के भीतर उक्त स्थावर सम्पत्ति में हितबद्ध किसी अन्य व्यक्ति द्वारा, अधोहस्ताक्षरी के पास लिखित में किए जा सकेंगे।

स्पष्टीकरण:—इसमें प्रयुक्त शब्दों और पदों का, जो उक्त अधिनियम, के अध्याय 20-क में परिभाषित हैं, वही अर्थ होगा, जो उस अध्याय में दिया गया है।

अनुसूची

खुली जमीन जिसका रे० स० नं० 25 पैकी कुल माप 1 एकर 34 गुंथा है तथा जो टागोरनगर हाउसिंग सोसायटी के पास नवसारी में स्थित है जैसा कि रजिस्ट्रीकर्ता अधिकारी नवसारी के फरवरी 1976 के रजिस्ट्रीकृत विलेख नं० 302 में प्रदर्शित है।

पी० एन० मित्तल
सक्षम प्राधिकारी
सहायक आयकर आयुक्त (निरीक्षण)
अर्जन रेंज-II, अहमदाबाद

तारीख: 19-10-1976
मोहर :

संघ लोक सेवा आयोग

सम्मिलित रक्षा सेवा परीक्षा—मई, 1977

नोटिस

नई दिल्ली, दिनांक 13 नवंबर 1976

सं० फा० 8/10/76–प० I(ख)—संघ लोक सेवा आयोग द्वारा निम्नांकित पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु 5 मई, 1977 से एक सम्मिलित रक्षा सेवा परीक्षा आयोजित होगी :—

पाठ्यक्रम का नाम	रिक्तियों की संभावित संख्या
भारतीय सेना अकादमी, देहरादून (जनवरी, 1978 में प्रारम्भ होने वाला 64वां पाठ्यक्रम) ।	88
नौ सेना अकादमी, कोचिन (जनवरी, 1978 में प्रारम्भ होने वाला पाठ्यक्रम)	45
अधिकारी प्रशिक्षण शाला मदरास (मई, 1978 में प्रारम्भ होनेवाला 27वां पाठ्यक्रम) ।	150

आयोग द्वारा आयोजित होने वाली लिखित परीक्षा तथा उसके बाद सेवा चयन बोर्ड द्वारा लिखित परीक्षा में योग्यता प्राप्त उम्मीदवारों के लिए आयोजित बौद्धिक और व्यक्तित्व परीक्षण के परिणाम के आधार पर उपर्युक्त पाठ्यक्रमों में प्रवेश दिया जाएगा । (क) परीक्षा की प्रणाली, स्तर और पाठ्यचर्या (ख) अकादमी/शाला में प्रवेश हेतु शारीरिक क्षमता-स्तर तथा (ग) भारतीय सेना अकादमी, नौ सेना अकादमी और अधिकारी प्रशिक्षण शाला में प्रवेश पाने वाले उम्मीदवारों की सेवा आदि की संक्षिप्त सूचना के संबंध में क्रमश: परिशिष्ट I, II और III में विस्तार से समझाया गया है ।

2. **परीक्षा के केंद्र :** अहमदाबाद, इलाहाबाद, बंगलौर, भूपाल, बम्बई, कलकत्ता, कटक, दिल्ली, दिसपुर (गोहाटी) हैदराबाद, जयपुर, जम्मू, मदरास, नागपुर, पटियाला, पटना, शिलांग, शिमला और त्रिवेंद्रम ।

3. **पात्रता की शर्तें :—**

(क) राष्ट्रिकता :

उम्मीदवार या तो

(i) भारत का नागरिक हो या

(ii) भूटान की प्रजा हो या

(iii) नेपाल की प्रजा हो या

(iv) भारतीय मूल का व्यक्ति हो जो भारत में स्थायी रूप से रहने के उद्देश्य से पाकिस्तान, बर्मा, श्रीलंका और पूर्वी अफ्रीकी देश जैसे कीन्या, उगांडा तथा तंजानिया संयुक्त गणराज्य या जांबिया, मालवी, जेयर तथा इथोपिया से प्रव्रजन कर आया हो ।

परन्तु उपर्युक्त वर्ग (iii) और (iv) के अंतर्गत आने वाला उम्मीदवार ऐसा व्यक्ति हो जिसको भारत सरकार ने पात्रता-प्रमाण पत्र प्रदान किया हो ।

पर नेपाल के गोरखा उम्मीदवारों के लिए पात्रता-प्रमाण पत्र आवश्यक नहीं होगा ।

जिस उम्मीदवार के लिए यह पात्रता-प्रमाण पत्र आवश्यक होगा, उसको इस शर्त पर परीक्षा में प्रवेश दिया जा सकता है और अकादमी या शाला में भी, जैसी ही स्थिति हो, प्रवेश दिया जा सकता है कि बाद में भारत सरकार द्वारा वह उक्त प्रमाण पत्र प्राप्त करे ।

(ख) आयु-सीमाएं, स्त्री या पुरुष और वैवाहिक स्थिति :

(i) **भा० से० अकादमी और नौसेना अकदामी के लिए :** केवल अविवाहित पुरुष उम्मीदवार पात्र हैं जिनका जन्म 2–1–1956 के पहले और 1–1–1959 के बाद न हुआ हो ।

(ii) **अधिकारी प्रशिक्षण शाला के लिए :** केवल वही पुरुष उम्मीदवार (विवाहित या अविवाहित) पात्र हैं जिनका जन्म 2–1–1955 के पहले और 1–1–1959 के बाद न हुआ हो ।

नोट :—जन्म की तारीख केवल वही मान्य होगी जो मैट्रिक्युलेशन/हायर सेकेन्डरी या समकक्ष परीक्षा के प्रमाण-पत्र में लिखी गई हो ।

(ग) **शैक्षिक योग्यताएं :**—किसी मान्यताप्राप्त विश्व विद्यालय की डिग्री या समकक्ष । जो उम्मीदवार अभी डिग्री परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले हैं, वे भी आवेदन कर सकते हैं, परन्तु उनको डिग्री परीक्षा में उत्तीर्ण होने का प्रमाण नीचे की तारीख तक आयोग के कार्यालय में पहुंचाना होगा । अन्यथा उनकी उम्मीदवारी रद्द मानी जाए ।

(i) भा० से० अकादमी और नौ सेना अकादमी में प्रवेश के लिए—31 दिसम्बर, 1977 को या उससे पहले ।

(ii) अधिकारी प्रशिक्षण शाला में प्रवेश के लिए—4 अप्रैल, 1978 को या उससे पहले ।

अपवाद की परिस्थितियों में, आयोग किसी ऐसे उम्मीदवार को इस नियम में निर्धारित योग्यताओं में से किसी से युक्त न होने पर भी, शैक्षिक रूप से योग्य मान सकता है जिसके पास ऐसी योग्यताएं हों जिनका स्तर, आयोग के विचार से, इस परीक्षा में प्रवेश पाने योग्य हों ।

नोट I—जो उम्मीदवार रक्षा मंत्रालय द्वारा रक्षा सेवाओं में किसी प्रकार के कमीशन से अपवर्जित हैं, वे इस परीक्षा में प्रवेश के पात्र नहीं होंगे । अगर प्रवेश दिया गया तो उनकी उम्मीदवारी रद्द की जाएगी ।

नोट II—विशेष सेवा अनज्ञप्तों को छोड़कर बाकी अनज्ञप्त नाविक (जिनमें किशोर और कारीगर प्रशिक्षु सम्मिलित हैं), जिनको अपने नियत कार्य पूरे करने में छह महीने से कम समय बाकी है, इस परीक्षा में बैठने के पात्र नहीं होंगे । जिन विशेष सेवा अनज्ञप्तों को अपने नियत कार्य पूरे करने में छह महीने से कम समय

बाकी है, उनके आवेदन-पत्र तभी लिए जाएंगे जब वे उनके कमांडिंग अफसरों के द्वारा विधिवत् अनुसंसित हों।

4. **आवेदन के साथ देय शुल्क :** रु० 28.00 (अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जन जातियों के लिए रु० 7.00) जिन आवेदन-पत्रों के साथ यह निर्धारित शुल्क नहीं भेजा जाए, उनको एकदम अस्वीकार कर दिया जाएगा।

5. **शुल्क से छुट :**—आयोग, यदि चाहे तो, निर्धारित शुल्क से छूट दे सकता है अब उनको इस बात का आश्वासन हो कि आवेदक भूतपूर्व पूर्वी पाकिस्तान (अब बंगला देश) से वस्तुतः विस्थापित व्यक्ति है जो 1-1-64 और 25-3-1971 के बीच में वह भारत में प्रव्रजन कर आया है या वह बर्मा से वस्तुतः प्रत्यावर्तित भारतीय मूल का व्यक्ति है जो 1-6-1963 को या उसके बाद भारत में प्रव्रजन कर आया है या वह श्रीलंका से वस्तुतः प्रत्यावर्तित भारतीय मूल का व्यक्ति है जो 1-11-1964 को या उसके बाद भारत में प्रव्रजन कर आया है और निर्धारित शुल्क देने की स्थिति में नहीं है।

6. **आवेदन कैसे किया जाए :**—केवल सम्मिलित रक्षा सेवा परीक्षा मई, 1977 के लिए निर्धारित प्रपत्र में छपे हुए आवेदन-पत्र ही लिए जाएंगे जो इस परीक्षा के नोटिस के साथ लगे हुए हैं। आवेदन-पत्र भर कर सचिव, संघ लोक सेवा आयोग, धौलपुर हाउस, नई दिल्ली-110011 को भेजे जाने चाहिएं। आवेदन प्रपत्र और परीक्षा के पूरे विवरण निम्न स्थानों से प्राप्त किए जा सकते हैं :—

(i) दो रुपये का मनीआर्डर या संघ लोक सेवा आयोग के सचिव को नई दिल्ली प्रधान डाकघर पर देय रेखांकित भारतीय पोस्टल आर्डर भेज कर सचिव, संघ लोक सेवा आयोग, धौलपुर हाउस, नई दिल्ली-110011 के यहां से डाक द्वारा।

(ii) दो रुपये का नकद देकर आयोग के कार्यालय के काउंटर पर।

(iii) निकटतम भर्ती कार्यालय, मिलिटरी एरिया/सब एरिया मुख्यालय, एन०सी०सी० एकक तथा नौ सेना प्रतिष्ठानों के यहां से निःशुल्क।

नोट :—आवेदन-प्रपत्र तथा परीक्षा के पूर्ण विवरण डाक द्वारा मंगाने के लिए भेजे जाने वाले अनुरोध आयोग के कार्यालय में 27-12-1976 के पहले पहुंच जाने चाहिएं। परन्तु ये प्रपत्र आयोग के कार्यालय में काउंटर पर स्वयं जाकर मांगने वालों को 3-1-1977 तक मिल सकते हैं।

सभी उम्मीदवारों को, चाहे वे पहले से ही सरकारी नौकरी में हों, जिनमें सशस्त्र सेना में सेवारत कर्मचारी भी शामिल हैं, या सरकारी स्वामित्व वाले औद्योगिक उपक्रमों या इसी प्रकार के संगठनों में काम कर रहे हों या गैर सरकारी संस्थाओं में नियुक्त हों, आयोग को सीधे आवेदन-पत्र भेजने चाहिएं। अगर किसी उम्मीदवार ने अपना आवेदन-पत्र अपने नियोक्ता के द्वारा भेजा हो और वह संघ लोक सेवा आयोग में देर से पहुंच जाए तो उस आवेदन-पत्र पर विचार नहीं किया जाएगा, भले ही वह नियोक्ता को आखिरी तारीख के पहले प्रतुस्त किया गया हो।

जो व्यक्ति पहले से सरकारी नौकरी में, जिसमें सशस्त्र सेना भी शामिल है, स्थायी या अस्थायी हैसियत से काम कर रहे हों या किसी काम के लिए विशिष्ट रूप से नियुक्त कर्मचारी हों, जिनमें आकस्मिक या दैनिक दर पर नियुक्त व्यक्ति शामिल नहीं हैं, उनको इस परीक्षा में अंतिम रूप में प्रवेश पाने के पहले अपने कार्यालय/विभाग के अध्यक्ष/कमाँडिंग अफसर की अनुमति प्राप्त करनी चाहिए। उनको चाहिए कि वे अपने आवेदन-पत्र को, उसके अंत में संलग्न प्रमाण-पत्र की दो प्रतियां निकालकर, आयोग में सीधे भेज दें और प्रमाण-पत्र की उन प्रतियों को तत्काल अपने कार्यालय/विभाग के अध्यक्ष या कमांडिंग अफसर को इस अनुरोध के साथ प्रस्तुत करें कि उक्त प्रमाण पत्र की एक प्रति विधिवत् भर कर सचिव, संघ लोक सेवा आयोग, नई दिल्ली को जल्दी से जल्दी और किसी भी हालत में प्रमाण-पत्र की फार्म में निर्दिष्ट तारीख से पहले भेज दी जाए।

7. **आयोग के कार्यालय में आवेदन की प्राप्ति की अंतिम तारीख :—**

(i) भारत में रहने वाले उम्मीदवारों से 3 जनवरी, 1977

(ii) विदेश में या अंडमान और निकोबार द्वीप समूह या लक्षद्वीप में रहने वाले उम्मीदवारों से 17 जनवरी, 1977।

8. **प्रलेख जो, आवेदन के साथ प्रस्तुत हों।**

(क) सभी उम्मीदवारों द्वारा :

(i) रु० 28.00 (अनुसूचित जातियों/जनजातियों के उम्मीदवारों के लिए रु० 7.00) का शुल्क जो सचिव, संघ लोक सेवा आयोग को नई दिल्ली प्रधान डाक घर पर देय रेखांकित भारतीय पोस्टल आर्डर के रूप में हो या सचिव, संघ लोक सेवा आयोग के नाम भारतीय स्टेट बैंक, पार्लियामेंट स्ट्रीट, नई दिल्ली पर देय भारतीय स्टेट बैंक की किसी भी शाखा से जारी किए गए रेखांकित बैंक ड्राफ्ट के रूप में हो।

विदेश में रहने वाले उम्मीदवारों को चाहिए कि वे अपने यहां के भारत के उच्च आयुक्त या राजदूत या विदेशी प्रतिनिधि के कार्यालय में निर्धारित शुल्क जमा करें जिस से वह "051 लोक सेवा आयोग-परीक्षा शुल्क" शीर्षक खाते में जमा हो जाए और उसकी रसीद आवेदन पत्र के साथ भेज दें।

(ii) उम्मीदवार के हाल ही के पासपोर्ट आकार (लगभग 5 सें० मी० × 7 सें० मी०) के फोटो की एक जैसी दो प्रतियां जिनके ऊपरी हिस्से पर उम्मीदवार के हस्ताक्षर विधिवत अंकित हों।

(ख) अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जन जातियों के उम्मीदवारों द्वारा :—

अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति का होने के दावे के समर्थन में, जहां उम्मीदवार या उसके माता-पिता (या जीवित माता या पिता) आम तौर पर रहते हों, उस जिले की किसी सक्षम (प्रमाण-पत्र के नीचे उल्लिखित) प्राधिकारी के परिशिष्ट IV में

दिए गए प्रपत्र में लिए गए प्रमाण-पत्र की अभिप्रमाणित/प्रमाणित प्रतिलिपि ।

(ग) शुल्क से छूट चाहने वाले उम्मीदवारों के द्वारा :—

(i) किसी जिला अधिकारी या राजपत्रित अधिकारी या संसद या राज्य विधान मंडल के सदस्य से लिए गए प्रमाण-पत्र की अभिप्रमाणित/प्रमाणित प्रतिलिपि जिसमें यह प्रमाणित किया गया हो कि उम्मीदवार निर्धारित शुल्क देने की स्थिति में नहीं है ।

(ii) वस्तुतः विस्थापित/प्रत्यावर्तित व्यक्ति होने के दावे के समर्थन में निम्नलिखित प्राधिकारियों से लिए गए प्रमाण-पत्र की अभिप्रमाणित/प्रमाणित प्रतिलिपि :

(अ) भूतपूर्व पूर्वी पाकिस्तान से विस्थापित व्यक्ति

(i) दंडकारण्य परियोजना के ट्रैन्जिट केन्द्रों या विभिन्न राज्यों के राहत शिविरों का शिविर संचालक

अथवा

(ii) उस इलाके का जिला मैजिस्ट्रेट जहां पर वह, फिलहाल, रह रहा हो ।

अथवा

(iii) अपने जिले के शरणार्थी पुनर्वासन का प्रभारी अतिरिक्त जिला मैजिस्ट्रेट ।

अथवा

(iv) सब डिविजनल अफसर अपने अधीनस्थ सब-डिवीजन की सीमा तक ।

अथवा

(v) शरणार्थी पुनर्वासन उपायुक्त, पश्चिमी बंगाल/निदेशक (पुनर्वासन), कलकत्ता ।

(ख) श्रीलंका से प्रत्यावर्तित :—

श्री लंका में भारत का उच्चायुक्त :

(ग) बर्मा से प्रत्यावर्तित

भारतीय दूतावास, रंगून ।

9. शुल्क की वापसी : आवेदन के साथ आयोग को अदा किया गया शुल्क, वापस करने के किसी अनुरोध पर नीचे की परिस्थितियों को छोड़कर विचार नहीं किया जा सकता और न वह किसी दूसरी परीक्षा या चयन के लिए सुरक्षित रखा जा सकता :—

(i) जिस उम्मीदवार ने निर्धारित शुल्क दे दिया है, पर जिसको आयोग ने परीक्षा में बैठने नहीं दिया, उसको रु० 15.00 (अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जन-जातियों के उम्मीदवारों के मामले में रु० 4.00) वापस कर दिया जाएगा । परंतु, अगर कोई आवेदन यह सूचना प्राप्त होने पर अस्वीकार कर दिया गया हो कि उम्मीदवार डिग्री परीक्षा में अनुत्तीर्ण हुआ है या डिग्री परीक्षा में उत्तीर्ण होने का प्रमाण निर्धारित तारीख तक प्रस्तुत नहीं कर पाएगा तो उसके लिए शुल्क की वापसी मंजूर नहीं की जाएगी ।

(ii) जो उम्मीदवार नवंबर, 1976 की सम्मिलित रक्षा सेवा परीक्षा में बैठा हो और उस परीक्षा के परिणाम के आधार पर किसी पाठ्यक्रम के लिए उसका नाम अनुशंसित हुआ हो तो उनके मामले में रु० 15.00 अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जन जातियों के मामले में रु० 4.00 का शुल्क वापस दिया जा सकता है, पर यह जरूरी है कि मई, 1977 की सम्मिलित रक्षा सेवा परीक्षा के लिए अपनी उम्मीदवारी रद्द कराने और शुल्क वापस पाने के लिए उस उम्मीदवार का अनुरोध आयोग के कार्यालय में 15 अक्तूबर, 1977 को या उससे पहले पहुंच जाए ।

10. आवेदन प्राप्ति की सूचना :—इस परीक्षा के लिए निर्धारित फार्म में मिले सभी आवेदनों के पहुंचने की सूचना भेजी जाएगी । अगर किसी उम्मीदवार को अपने आवेदन पहुंचने की सूचना इस परीक्षा के आवेदन पहुंचने की अंतिम तारीख से एक महीने के अंदर न मिले तो उसको प्राप्ति सूचना पाने के लिए तत्काल आयोग से संपर्क करना चाहिए ।

11. आवेदन का परिणाम :—अगर किसी उम्मीदवार को अपने आवेदन के परिणाम की सूचना परीक्षा शुरू होने की तारीख से एक महीने पहले तक आयोग से प्राप्त न हुई तो उसे परिणाम की जानकारी के लिए आयोग से तत्काल संपर्क करना चाहिए । अगर इस बात का पालन नहीं हुआ तो उम्मीदवार अपने मामले में विचार किए जाने के अधिकार से वंचित हो जाएगा ।

12. परीक्षा में प्रवेश :—किसी उम्मीदवार की पात्रता या अपात्रता के संबंध में संघ लोक सेवा आयोग का निर्णय अंतिम होगा । आयोग से प्राप्त प्रवेश-प्रमाण पत्र के बिना किसी भी उम्मीदवार को परीक्षा में प्रवेश नहीं दिया जाएगा ।

13. कदाचार के दोषी उम्मीदवारों के खिलाफ कार्रवाई :— उम्मीदवारों को चेतावनी दी जाती है कि वे आवेदन-पत्र भरते समय कोई गलत विवरण न दें, और न किसी महत्वपूर्ण सूचना को छिपा लें । उम्मीदवारों को यह भी चेतावनी दी जाती है कि उनके द्वारा प्रस्तुत किसी प्रलेख या उसकी अभिप्रमाणित/प्रमाणित प्रतिलिपि में किसी भी हालत में वे किसी तरह का संशोधन या परिवर्तन या कोई फेर-बदल न करें और न फेर बदल किए गए / गढ़े हुए प्रलेख को वे प्रस्तुत करें । अगर इस प्रकार के दो या अधिक प्रलेखों में या उनकी अभिप्रमाणित/प्रमाणित प्रतियों में कोई अशुद्धि या असंगति हो तो इस असंगति के बारे में स्पष्टीकरण प्रस्तुत करना चाहिए ।

जो उम्मीदवार आयोग द्वारा निम्नांकित कदाचार का दोषी घोषित होता है या हो चुका है—

(i) किसी प्रकार से अपनी उम्मीदवारी का समर्थन प्राप्त करना या

(ii) किसी व्यक्ति के स्थान पर स्वयं प्रस्तुत होना या

(iii) अपने स्थान पर किसी दूसरे को प्रस्तुत कराना या

(iv) जाली प्रलेख या फेर बदल किए गए प्रलेख प्रस्तुत करना या

(v) अशुद्ध या असत्य वक्तव्य देना या महत्वपूर्ण सूचना को छिपाकर रखना या

(vi) परीक्षा के लिए अपनी उम्मीदवारी के संबंध में किसी अनियत या अनुचित लाभ उठाने का प्रयास करना या

(vii) परीक्षा भवन में अभद्र साधन काम में लाना या

(viii) परीक्षा भवन में दुर्व्यवहार या

(ix) ऊपर के खंडों में उल्लिखित सभी या किसी कदाचार की ओर प्रवृत्त होना या आयोग को उत्तेजित कराना ।

वह अपने को दंड-अभियोजन का शिकार बनाने के अतिरिक्त

(अ) वह जिस परीक्षा का उम्मीदार है, उसके लिए आयोग द्वारा अयोग्य ठहराया जा सकता है अथवा

(आ) (i) आयोग द्वारा उनकी किसी भी परीक्षा या चयन के लिए

(ii) केन्द्र सरकार द्वारा उनके अधीन किसी नियुक्ति के लिए स्थायी रूप से या कुछ निर्दिष्ट अवधि के लिए अपवर्जित किया जा सकता है और

(इ) अगर वह पहले से सरकारी नौकरी में हो तो उचित नियमावली के अनुसार अनुशासनिक कार्रवाई का पात्र होगा ।

14. **मूल प्रमाण-पत्र प्रस्तुतीकरण :** —जो उम्मीदवार लिखित परीक्षा के परिणाम के आधार पर साक्षात्कार के लिए योग्यता प्राप्त करते हैं, उनको, लिखित परीक्षा के परिणाम घोषित होते ही अपनी आयु, शैक्षिक योग्यता आदि के समर्थन में मूल प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने को कहा जाएगा । लिखित परीक्षा के परिणाम संभवत: अगस्त, 1977 में घोषित किए जा सकते हैं । उम्मीदवारों को सेवा चयन बोर्ड के साक्षात्कार के समय भी इन मूल प्रमाण पत्रों को प्रस्तुत करना पड़ सकता है ।

15. **आवेदन के संबंध में पत्र व्यवहार :—आवेदन के संबंध में सभी पत्र व्यवहार सचिव, संघ लोक सेवा आयोग, धौलपुर हाऊस, नई दिल्ली-110011 के पते पर करना चाहिए और उसमें निम्नांकित विवरण अवश्य होना चाहिए :—**

(1) **परीक्षा का नाम ।**

(2) **परीक्षा का वर्ष और महीना ।**

(3) **रोल नम्बर या जन्म की तारीख** (अगर रोल नंबर नहीं मिला हो) ।

(4) **उम्मीदवार का नाम** (पूरा और साफ लिखा हुआ) ।

(5) **पत्र व्यवहार का पता, जैसा आवेदन पत्र में दिया है ।**

ध्यान दें :—जिन पत्रों के साथ ऊपर का ब्यूरा नहीं होगा, हो सकता है, उन पर कोई कार्रवाई न हो ।

16. **पते में परिवर्तन :**—उम्मीदवार को इस बात की व्यवस्था कर लेनी चाहिए कि उसके आवेदन पत्र में दिये पते पर भेजे जाने वाले पत्र आदि आवश्यक होने पर उनके नए पते पर भिजवा दिए जायें । पते में जो भी परिवर्तन हो उसे ऊपर के पैरा 15 में उल्लिखित विवरण के साथ आयोग को यथाशीघ्र सूचित कर देना चाहिए ।

सेवा चयन बोर्ड के साक्षात्कार के लिए आयोग द्वारा अनुशंसित उम्मीदवारों ने अगर परीक्षा के लिए आवेदन करने के बाद अपना पता बदल लिया हो तो उनको चाहिए कि परीक्षा के लिखित भाग के परिणाम घोषित हो जाते ही अपना नया पता तत्काल सेना मुख्यालय, ए०जी० ब्रांच रिक्रूटिंग, 6 (एस०पी०) (ए) वेस्ट ब्लाक 3, विंग 1, रामकृष्णपुरम्, नई दिल्ली-110022 को सूचित कर देना चाहिए । जो उम्मीदवार इन अनुदेशों का पालन नहीं करेगा, वह सेवा चयन बोर्ड के साक्षात्कार के लिए सम्मन पत्र न मिलने पर अपने मामले में विचार किए जाने के दावे से वंचित हो जाएगा ।

यद्यपि प्राधिकारी इस प्रकार के परिवर्तनों पर पूरा-पूरा ध्यान देते हैं, फिर भी इस संबंध में वे अपने ऊपर कोई जिम्मेदारी नहीं ले सकते ।

17. **लिखित परीक्षा में योग्य उम्मीदवारों के साक्षात्कार के संबंध में पूछताछ :**—जिन उम्मीदवारों के नाम सेवा चयन बोर्ड के साक्षात्कार के लिए अनुशंसित हैं, उनको अपने साक्षात्कार के संबंध में सभी पूछताछ और अनुरोध सीधे सेना मुख्यालय, ए०जी० ब्रांच रिक्रूटिंग 6 (एस०पी) (ए) वेस्ट ब्लाक 3, विंग 1, रामकृष्ण-पुरम, नई दिल्ली-110022 के पते पर लिखने चाहिएं ।

जिन उम्मीदवारों को किसी विश्व विद्यालय की परीक्षा में बैठना हो, उनको चाहिए कि वे लिखित परीक्षा के परिणाम निकलते ही अपनी उस परीक्षा की तारीखें सूचित करते हुए सेना मुख्यालय को लिखें ताकि अगर संभव हो तो साक्षात्कार की तारीखें तय करते समय वे इस बात को ध्यान में रख सकें ।

18. **लिखित परीक्षा के परिणाम की घोषणा, योग्यता प्राप्त उम्मीदवारों का साक्षात्कार, अंतिम परिणाम की घोषणा और अंतिम रूप से योग्य पाए गए उम्मीदवारों का, प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में, प्रवेश :—**

संघ लोक सेवा आयोग, लिखित परीक्षा में आयोग के निर्णय पर निर्धारित न्यूनतम अर्हक अंक प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों की एक सूची तैयार करेगा । ये उम्मीदवार बौद्धिक तथा व्यक्तित्व परीक्षणों के लिए सेवा चयन बोर्ड के सामने हाजिर होंगे ।

जो उम्मीदवार आई०एम०ए० (डी०ई०) कोर्स और या नेवी (एस०ई०) कोर्स की लिखित परीक्षा में अर्हता प्राप्त करते हैं, चाहे वे एस०एस०सी० (एन०टी०) कोर्स के लिए अर्हता प्राप्त करें या नहीं, उनको सितम्बर/अक्तूबर, 1977 में सेवा चयन बोर्ड के परीक्षणों के लिए भेजा जाएगा और जो उम्मीदवार केवल एस०सी० (एन० टी०) कोर्स के लिए अर्हता प्राप्त करते हैं, उनको दिसम्बर, 1977 जनवरी, 1978 में सेवा चयन बोर्ड के परीक्षणों के लिए भेजा जाएगा ।

उम्मीदवार सेवा चयन बोर्ड के सामने हाजिर होकर अपनी ही जोखिम पर वहां के परीक्षणों में शामिल होंगे और सेवा चयन बोर्ड में

उनको जो प्रशिक्षण होता है उसके दौरान या उसके फलस्वरूप अगर उनको कोई चोट लग जाती है या ... उसके लिए सरकार की ओर से कोई क्षतिपूर्ति या सहायता पाने के वे हकदार नहीं होंगे, चाहे वह किसी व्यक्ति की लापरवाही से हो या दूसरे किसी कारण से हो। उम्मीदवारों को आवेदन पत्र के साथ संलग्न प्रपत्र में इस आशय के एक प्रमाण पत्र पर हस्ताक्षर करने होंगे।

स्वीकृति हेतु, उम्मीदवारों को (i) लिखित परीक्षा तथा (ii) सेवा चयन बोर्ड के परीक्षणों में अलग-अलग न्यूनतम अर्हक अंक प्राप्त करने होंगे जो कि आयोग द्वारा अपने निर्णय के अनुसार, निश्चित किए जाएंगे (लिखित परीक्षा) तथा सेवा चयन बोर्ड की परीक्षाओं में प्राप्त कुल अंकों के आधार पर उम्मीदवारों को योग्यता-क्रम में रखा जाएगा। अलग-अलग उम्मीदवारों को परीक्षा के परिणाम किस रूप में और किस प्रकार सूचित किए जाएं, इस बात का निर्णय आयोग अपने आप करेगा और परिणाम के संबंध में उम्मीदवारों से कोई पत्र व्यवहार नहीं करेगा।

परीक्षा में सफल होने मात्र से भारतीय सेना अकादमी, नौ सेना अकादमी या अधिकारी प्रशिक्षण शाला में, जैसी स्थिति हो, प्रवेश का कोई अधिकार नहीं मिलेगा। शारीरिक क्षमता और अन्य सभी बातों में उपयुक्त पाए जाने पर उपलब्ध रिक्तियों की संख्या को दृष्टि में रखते हुए योग्यता के क्रम से चयन किया जाएगा।

19. प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए अनर्हताएं :—जो उम्मीदवार राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, भारतीय सेना अकादमी, वायु सेना उड्डयन महाविद्यालय, नौ सेना अकादमी, कोचिन और अधिकारी प्रशिक्षण शाला, मद्रास में पहले प्रवेश पा चुके हों, पर अनुशासनिक आधार पर वहां से निकाल दिए गए हैं, उनको भारतीय सेना अकादमी, नौ सेना अकादमी या थल सेना में अल्पकालिक सेवा कमीशन में प्रवेश देने की बात पर विचार नहीं किया जाएगा।

जिन उम्मीदवारों को एक अधिकारी में अपेक्षित लक्षणों के अभाव के कारण पहले भारतीय सेना अकादमी से वापस लिया गया हो उनको भारतीय सेना अकादमी में प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

जिन उम्मीदवारों को स्पेशल एण्ट्री नेवल कैडेट्स के रूप में पहले चुन लिया गया हो, पर बाद में एक अधिकारी में अपेक्षित लक्षणों के अभाव के कारण राष्ट्रीय रक्षा अकादमी या नौ सेना प्रशिक्षण प्रतिष्ठानों से वापस लिया गया हो, वे भारतीय नौ सेना में प्रवेश के पात्र नहीं होंगे।

जिन उम्मीदवारों को एक अधिकारी में अपेक्षित लक्षणों के अभाव के कारण भारतीय सेना अकादमी, अधिकारी प्रशिक्षणशाला, एन०सी०सी० तथा स्नातक पाठ्यक्रम से वापस लिया गया हो, उनके बारे में थल सेना में अल्पकालिक सेवा कमीशन देने की बात पर विचार नहीं किया जाएगा।

जिन उम्मीदवारों को, एक अधिकारी में अपेक्षित लक्षणों के अभाव के कारण, एन०सी०सी० तथा स्नातक पाठ्यक्रम से पहले वापस लिया गया हो, उनको भारतीय सेना अकादमी में प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

20. भारतीय सेना अकादमी या नौ सेना अकादमी में प्रशिक्षण के समय विवाह पर प्रतिबंध :—भारतीय सेना अकादमी और नौ सेना अकादमी के पाठ्यक्रमों के उम्मीदवारों को इस बात का वचन देना है कि जब तक उनका सारा प्रशिक्षण पूरा नहीं होगा, तब तक वे शादी नहीं करेंगे। जो उम्मीदवार अपने आवेदन की तारीख के बाद शादी कर लेता है, उसको प्रशिक्षण के लिए चुना नहीं जाएगा, चाहे वह इस परीक्षा में या अगली किसी परीक्षा में भले ही सफल हो। जो उम्मीदवार प्रशिक्षण-काल में शादी कर लेगा, उसे वापस भेजा जाएगा और उस पर सरकार ने जो पैसा खर्च किया है, वह सब उससे वसूल किया जाएगा।

अल्पकालिक सेवा कमीशन (एन०टी०) के पाठ्यक्रम का कोई भी उम्मीदवार,—

(अ) जिसने किसी ऐसे व्यक्ति के साथ शादी की हो या शादी के लिए संविदा कर ली हो जिसका पहले से कोई जीवित पति है या

(आ) जिसने, पहले से जीवित पत्नी होते हुए भी, किसी व्यक्ति से शादी की हो या शादी के लिए संविदा कर ली हो।

अधिकारी प्रशिक्षणशाला में प्रवेश/अल्पकालिक सेवा कमीशन की प्रदत्ति का पात्र नहीं होगा।

परन्तु, यदि केन्द्रीय सरकार इस बात से संतुष्ट हो कि इस तरह की शादी ऐसे व्यक्तियों के लिए और शादी की दूसरी तरफ के व्यक्तियों के लिए लागू व्यक्तिगत कानून के अनुसार अनुमोदनीय है और ऐसा करने के ठोस कारण हैं तो किसी व्यक्ति को वह इस नियम के अनुपालन से छूट दे सकती है।

21. भारतीय सेना अकादमी या नौ सेना अकादमी में प्रशिक्षण के समय अन्य प्रतिबंध :—भारतीय सेना अकादमी या नौ सेना अकादमी में प्रवेश प्राप्त करने के बाद उम्मीदवार किसी दूसरे कमीशन के लिए विचार योग्य नहीं होंगे। भारतीय सेना अकादमी या नौ सेना अकादमी में प्रशिक्षण के लिए अंतिम रूप से उनका चयन हो जाने के बाद उनको और किसी भी साक्षात्कार या परीक्षा में उपस्थित होने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

22. बौद्धिक परीक्षा संबंधी सूचना :—रक्षा मंत्रालय (मनोवैज्ञानिक अनुसंधान निदेशालय) ने 'सेवा चयन बोर्ड में उम्मीदवारों की बौद्धिक परीक्षण उपलब्धियों का अध्ययन' (ए स्टडी आफ इंटेलिजेंस टेस्ट स्कोर्स आफ कैंडिडेट्स एट सर्विसेज सलेक्शन बोर्ड शीर्षक पुस्तक प्रकाशित की है। इस पुस्तक को प्रकाशित करने का उद्देश्य यह है कि उम्मीदवार सेवा चयन बोर्ड के बौद्धिक परीक्षणों के स्वरूप और स्वभाव से परिचित हो जाएं।

यह पुस्तक समूल्य प्रकाशन है और बिक्री के प्रकाशन नियंत्रक, सिविल लाइंस, दिल्ली—110006 से यहां मिल सकती है। डाक द्वारा आदेश देकर या नकद भुगतान के द्वारा, उनसे यह सीधे प्राप्त की जा सकती है। केवल नकद भुगतान के द्वारा यह (i) किताब महल,

रिवोली सिनेमा के सामने एम्पोरीयो बिल्डिंग, सी-ब्लाक बाबा खड्क सिंह मार्ग, नई दिल्ली-110001 (ii) उद्योग भवन की प्रकाशन शाखा और संघ लोक सेवा आयोग धौलपुर हाउस नई दिल्ली-110011 के बिक्री केंद्रों पर तथा (iii) भारत सरकार पुस्तकालय 8 के० एस० राय रोड कलकत्ता—700001 पर भी मिल सकती है ।

एम० एस० पृथी,
उप सचिव

परिशिष्ट 1

(परीक्षा की योजना, स्तर और पाठ्य विवरण)

क. परीक्षा की योजना :

1. प्रतियोगिता परीक्षा में निम्नलिखित सम्मिलित होगा :—

(क) नीचे के पैरा 2 में निर्दिष्ट रीति से लिखित परीक्षा,

(ख) उन उम्मीदवारों का बुद्धि और व्यक्तित्व परीक्षण (इस परिशिष्ट की अनुसूची के अनुसार) के लिए साक्षात्कार जिन्हें किसी भी एक सर्विसेज सेलेक्शन सेंटर में साक्षात्कार के लिए बुलाया जाए ।

2. लिखित परीक्षा के विषय, उनके लिए दिया जाने वाला समय और प्रत्येक विषय के लिए नियत अधिकतम अंक निम्नलिखित होंगे :—

(क) भारतीय सेना अकादमी में प्रवेश के लिए

विषय	अवधि	अधिकतम अंक
(1)	(2)	(3)
अनिवार्य :		
1. अंग्रेजी	3 घंटे	100
2. सामान्य ज्ञान	3 घंटे	100
3. प्रारंभिक गणित	3 घंटे	100
वैकल्पिक—निम्नलिखित में से कोई एक विषय		
भौतिकी	3 घंटे	150
रसायन विज्ञान	3 घंटे	150
गणित	3 घंटे	150

(ख) नौसेना अकादमी में प्रवेश के लिए :

विषय	कोड संख्या	नियत समय	अधिकतम अंक
(1)	(2)	(3)	(4)
वनस्पति	04	3 घंटे	150
प्राणि विज्ञान	05	3 घंटे	150
भूविज्ञान	06	3 घंटे	150
भौतिकी	07	3 घंटे	150
अंग्रेजी साहित्य	08	3 घंटे	150
भारत का इतिहास	09	3 घंटे	150
सामान्य अर्थशास्त्र	10	3 घंटे	150
राजनीति विज्ञान	11	3 घंटे	150
समाज शास्त्र	12	3 घंटे	150
मनोविज्ञान	13	3 घंटे	150

विषय	नियत समय	अधिकतम अंक
(1)	(2)	(3)
अनिवार्य :		
1. अंग्रेजी	3 घंटे	100
2. सामान्य ज्ञान	3 घंटे	100
वैकल्पिक		
*3. प्रारंभिक गणित या प्रारम्भिक भौतिकी	3 घंटे	100
*4. गणित या भौतिकी	3 घंटे	150

*जो उम्मीदवार प्रारंभिक गणित लेंगे उन्हें चौथे प्रश्न पत्र में भौतिकी विषय लेना होगा तथा जो उम्मीदवार प्रारंभिक भौतिकी लेंगे उन्हें चौथे प्रश्न पत्र में गणित विषय लेना होगा ।

(ग) अफसर ट्रेनिंग स्कूल में प्रवेश के लिए

विषय	नियत समय	अधिकतम अंक
(1)	(2)	(3)
1. अंग्रेजी	3 घंटे	100
2. सामान्य ज्ञान	3 घंटे	100

लिखित परीक्षा और साक्षात्कार के लिए जो अधिकतम अंक नियत किए गए हैं वे प्रत्येक विषय के लिए समान होंगे अर्थात् भारतीय सेना अकादमी, नौसेना अकादमी और अफसर ट्रेनिंग

स्कूल में भर्ती के लिए लिखित परीक्षा और साक्षात्कार के लिए नियत अधिकतम अंक क्रमशः 450, 450 और 200 होंगे।

3. भारतीय सेना अकादमी और नौ सेना अकादमी में प्रवेश पाने वाले उम्मीदवारों से आशा की जाती है कि वे आश्वकतानुसार प्रश्न-पत्रों में, सिक्के, तोल और माप की मीटरी पद्धति से परिचित होंगे। सिक्कों, तोलों तथा मापों की मीटरी पद्धति पर आधारित प्रश्न परीक्षा में पूछे जा सकते हैं।

4. सब प्रश्न-पत्रों के उत्तर अंग्रेजी में दिए जाएं, जब तक कि प्रश्न पत्र में विशेष रूप से अन्यथा न कहा जाए।

5. उम्मीदवारों को प्रश्न पत्रों के उत्तर अपने हाथ से लिखने चाहिएं। किसी भी दशा में उन्हें प्रश्नों के उत्तर उनके स्थान पर लिखने के लिए लिखने वाले की सहायता सुलभ नहीं की जाएगी।

6. परीक्षा के एक या सभी विषयों के अर्हक अंकों का निर्धारण आयोग की विवक्षा पर है।

7. केवल सतही ज्ञान के लिए अंक नहीं दिए जाएंगे।

8. लिखित विषयों में अपाठ्य हस्तलेख होने पर अधिकतम अंक में से उनके 5 प्रतिशत तक अंक काट लिए जाएंगे।

9. परीक्षा के सभी विषयों में कम शब्दों में क्रमबद्ध, प्रभावकारी, यथार्थ अभिव्यक्ति के लिए श्रेय दिया जाएगा।

ख. परीक्षा का स्तर और पाठ्य विवरण :

10. प्रारम्भिक गणित और प्रारम्भिक भौतिकी के प्रश्न-पत्रों का स्तर उच्चतर माध्यमिक परीक्षा जैसा होगा।

अन्य विषयों में प्रश्न पत्रों का स्तर लगभग वही होगा जिस की किसी भारतीय विश्वविद्यालय के किसी स्नातक से अपेक्षा की जा सकती है।

इन में से किसी भी विषय में प्रायोगिक परीक्षा नहीं होगी।

पाठ्य—विवरण

अंग्रेजी

उम्मीदवारों को अंग्रेजी में एक निबन्ध लिखना होगा। अन्य प्रश्न-पत्र इस प्रकार होंगे के जिनसे उम्मीदवार के अंग्रेजी और उनके द्वारा अंग्रेजी के शब्दों के व्यावहारिक प्रयोग के बोध की परीक्षा ली जा सके। सामान्यतः अंग्रेजी के कुछ अंश संक्षिप्त करने या उनका सार लिखने के लिए दिए जाएंगे।

सामान्य ज्ञान

सामान्य ज्ञान तथा साथ में समसामयिक घटनाओं और दिन प्रति दिन देखे और अनुभव किए जाने वाले इसी तरह के मामलों के वैज्ञानिक पक्ष की जानकारी, जिसकी किसी ऐसे शिक्षित व्यक्ति से अपेक्षा की जा सकती है, जिसने किसी वैज्ञानिक विषय का विशेष अध्ययन न किया हो। प्रश्न-पत्र में भारत के इतिहास और भूगोल से संबंधित ऐसे प्रश्न भी होंगे जिनका उत्तर उम्मीदवारों को, उन विषयों का विशेष अध्ययन किए बिना देना चाहिए।

प्रारंभिक गणित

अंकगणित :

संख्या पद्धतियां—धन पूर्ण संख्याएं, परिमेय और वास्तविक संख्याएं, क्रम विनियम सहचारी और वितरण नियम। मूल संक्रियाएं, जोड़, घटाना, गुणन, और विभाजन। वर्ग और घन मूल, दशमलव भिन्न।

ऐकिक विधि—साधारण तथा मिश्र व्याज, समय तथा दूरी, समय तथा कार्य, लाभ तथा हानि, अनुपात और समानुपात, दौड़ से संबंधित प्रश्नों का अनुप्रयोग।

प्रारम्भिक संख्या सिद्धांत:—विभाजन कलन विधि, अभाज्य और भाज्य संख्याएं। गुणन और गुणन खंड। गुणन खंडन प्रमेय। महत्तम समापवर्तक तथा लघुतम समावर्त्य, यूक्लिड कलन विधि।

लघुगणक और उनके प्रयोग।

बीच गणित

आधारभूत संक्रियाएं :—साधारण गुणन खंड। शेष फल प्रमेय, बढ़मदों का महत्व समापवर्तक और लघुतम समापवर्तय। द्विघात समीकरणों का हल, उनके मूलों और गुणांकों के बीच संबंध। दो अज्ञात राशियों में युगपत् समीकरण, तीन अज्ञात राशियों में रैखिक युगपत् समीकरण, समीकरणों का अनुप्रयोग असमताएं। ग्राफ।

समुच्चय भाषा, अंकन पद्धति, वैन आरेख, समुचय संक्रियाएं, तीन अज्ञात राशियों के रैखिक समीकरणों के हल समुच्चय अनुप्रयोग परिमेय गुणांकों वाले बहुपद। विभाजन कलन विधि। घातांक विधि। ए० पी० तथा जी० पी०, गुणोत्तर श्रेणी। आवर्तक दशमलब भिन्न। क्रम चय और संचय। धनात्मक समाकल घातांक हेतु द्विपद प्रमेय। द्विपद प्रमेय का अनुप्रयोग।

त्रिकोण मिति :

त्रिकोण मितीय तथा तत्समक। 30°, 45° और 60° के त्रिकोण मितीय अनुपात तथा ऊंचाई और दूरी के प्रारम्भिक प्रश्नों में उनका प्रयोग।

ज्यामिति :

आपतन सबंध। एक रेखा में क्रम संबंध। क्षेत्र एक समतल में दिग्बलन। रेखा और बिन्दु में पाश का अभिगृहीत परावर्तन। स्थानान्तरण। घूर्णन परावर्तन, स्थानान्तरण और घूर्णन का संयोजन सर्पी परावर्तन। रेखा के प्रति सममित। सममित आकृतियां। समदूरिकी। निश्चर। सर्वांगसमता— प्रत्यक्ष और विषम।

(ख) निम्नलिखित पर प्रमेय :

(i) किसी बिन्दु पर कोण के गुण धर्म।

(ii) समांतर रेखाएं।

(iii) त्रिभुज की भुजाएं और कोण।

(iv) त्रिभुजों की सर्वांगसमता।

(v) समरूप त्रिभुज।

(vi) त्रिभुज की मध्यिकाओं, शीर्षलम्बों, भुजाओं के लम्ब द्विभाजकों और कोणों के द्विभाजकों का संगमन ।

(vii) समांतर चतुर्भुज, समचतुर्भुज, आयात, वर्ग तथा समलम्ब के कोणों , भुजाओं व विकर्णों के गुण धर्म ।

(viii) वृत्त और उसके गुण धर्म । इनमें सपर्श रेखा तथा अभिलम्ब भी शामिल है ।

(ix) चक्रीय चतुर्भुज ।

(x) बिन्दुपथ ।

जयामिति यंत्रों के प्रयोग की आवश्यकता वाले व्यावहारिक प्रश्न तथा रचनाएं जैसे, कोण तथा सीधी रेखा का द्विभाजन, लम्ब, समांतर रेखाएं, त्रिभुज । वृत्तों की स्पर्श रेखाएं । त्रिभुजों के अन्तर्वृत्तों और परिवृतियों की रचना ।

कलन :

फलन । ग्राफ । सीमा और सांतत्य । फलनों के अवकल गुणांक । बहुपदी परिमेय त्रिकोण मितीय—प्रारंभिक फलनों का अवकलन । कलन के फलन का अवकलन । अवकलन दर । त्रुटियां, द्वित्तीय कोटि अवकलज ।

अवकलन के व्युत्क्रम के रूप में समाकलन । समाकलन के मानक सूत्र । खण्डशः और प्रतिस्थापन द्वारा समाकलन ।

विस्तारकलन (मेन्सुरेशन)

समतल आकृतियों का क्षेत्रफल । घन पिरेमिड, लम्ववृत्तीय बेलन, शंकु और गोले का आयतन और पृष्ठ । (इनसे संबंधित व्यावहारिक प्रश्न दिए जाएंगे और यदि आवश्यकता होगी तो प्रश्न पत्र में सूत्र भी दे दिए जाएंगे ।)

समतल निर्देशांक ज्यामिति :

दूरी सूत्र । खण्ड सूत्र । सीधी रेखा के समीकरण के मानक रूप । दो रेखाओं के बीच कोण । समांतरता और लम्बता के प्रति बंध । किसी बिन्दु से किसी रेखा तक के लम्ब की दूरी । वृत्त का समीकरण ।

प्रारम्भिक भौतिकी

(क) विस्तार कलन :

मापन के मात्रक, सी० जी० एस० और एम० के० एस० मात्रक । अदिश और संदिश । बल और वेग का संयोजन तथा वियोजन । एक समानत्वरण । एक समानत्वरण के अधीन ऋजु-रेखीय गति । न्यूटन का गति नियम । बल की संकल्पना । बल के मात्रक । मात्रा और भार ।

(ख) पिंड का बल विज्ञान :

गुरुत्व के अधीन गति । समानान्तर बल । गुरुत्व केन्द्र । साम्यावस्था । साधारण मशीन । वेग अनुपात । आनत समतल पेच और गियर सहित विभिन्न साधारण मशीनें । धर्षण, घर्षण कोण, घर्षण गुणांक । कार्य, शक्ति और ऊर्जा । स्थिति और गतिज ऊर्जा ।

(ग) तरल गुणधर्म :

दाब और प्रोद । पास्कल का नियम । आर्किमिडीज का नियम । घनत्व और विशिष्ट गुरुत्व । पिंडों और द्रवों के विशिष्ट गुरुत्वों को निर्धारित करने के लिए आर्किमिडीज के नियम का अनुप्रयोग । प्लावन का नियम । गैस द्वारा प्रयोग में लाए गए दाब का मापन । बायल नियम । वायु पम्प ।

(घ) ताप :

पिण्डों का रैखिक विहतार और द्रवों का घनाकार विस्तार । द्रवों का वास्तविक तथा आभासी विस्तार । चार्ल्स नियम, परम शून्य, बायल और चार्ल्स नियम, पिण्डों और द्रवों का विशिष्ट ताप, कैलोरीमिति । ताप का संचरण, धातुओं की ताप संवाहकता । स्थिति परिवर्तन । संलयन और वाष्पन की गुप्त ऊष्मा । एस० वी० पी० नमी (आर्द्रता), औसांक और आपेक्षिक आर्द्रता ।

(ङ) प्रकाश :

ऋजुरेखीय संचरण । परिवर्तन के नियम । गोलीय दर्पण, अपवर्तन, अपवर्तन के नियम, लैन्स, प्रकाशिक यंत्र कैमरा, प्रक्षेपित्र, पारापार चित्रदर्शी, दूरबीन, सूक्ष्मदर्शी, वाइनोक्युलर तथा परिदर्शी । प्रिज्म, प्रकीर्ण के माध्यम से अपवर्तन ।

(च) ध्वनि :

ध्वनि संचरण, ध्वनि परावर्तन, अनुनाद । ध्वनि ग्रामोफोन का अभिलेखन ।

(छ) चुम्बकत्व तथा विद्युत् :

चुम्बकत्व के नियम, चुम्बकीय क्षेत्र । चुम्बकीय बल रेखाएं, पार्थिव चुम्बकत्व । चालक और रोधी । ओम-नियम, पी० डी० प्रतिरोधक, विद्युत चुम्बकीय बल, श्रेणी पार्श्व में प्रतिरोधक । विभवमापी विद्युत चुम्बकीय बल की तुलना । विद्युतधारा का चुम्बकीय प्रभाव । चुम्बकीय क्षेत्र में संवाहकता । फ्लेमिंग का बाम हस्तनियम । मापक यंत्र—धारामापी, ऐमीटर, वोल्ट मीटर, वाटमीटर, विद्युत धारा का रासायनिक प्रभाव, विद्युत लेपन, विद्युत, चुम्बकीय प्रेरण, फैराड नियम; बेसिक ए० सी० तथा डी० सी० जनित्र ।

भौतिकी (कोड 01)

11. पदार्थ के सामान्य गुण यांत्रिकी

यूनिटें और विभाएं, स्केलर और वैक्टर मात्राएं, जड़त्व आघूर्ण, कार्य ऊर्जा और संवेग । यांत्रिकी के मूल नियम, घूर्णी गति, गुरुत्वाकर्षण, सरल आवर्त गति, सरल और असरल लोलक, कैटर-लोलक, प्रत्यास्थता-पृष्ठतनाव, द्रव की श्यानता, रोटरी पम्प, मैकलियोड गेज ।

2. ध्वनि :

अवमंदित, प्रणोदित और मुक्त कम्पन, तरंग-गति, डाप्लर प्रभाव, ध्वनि तरंग वेग, किसी गैस में ध्वनि के वेग पर दाब, तापमान आर्द्रता का प्रभाव, डोरियों, छड़ों, प्लेटों और गैस स्तम्भों का कम्पन, अनुनाद विस्पंद, स्थिर तरंगें, ध्वनि का आवृत्ति वेग तथा तीव्रता,

स्वर ग्राम, स्थापत्यकला में ध्वनिकता, पराश्रव्य के मूल तत्व; ग्रामोफोन टाकीज और लाउड स्पीकरों के आरम्भिक सिद्धान्त।

3. ऊष्मा और ऊष्मा गति विज्ञान :

तापमान और उसका मापन; तापीय प्रसार; गैसों में समतापी तथा रुद्धोष्म (ऐडियाबेटिक) परिवर्तन। विशिष्ट ऊष्मा और ऊष्मा चालकता; द्रव्य के अणुगति सिद्धान्त के तत्व, बोल्टसमन के वितरण नियम का भौतिक बोध; वांडरवाल का अवस्था समीकरण; जूल थाम्पसन प्रभाव; गैसों का द्रवण; ऊष्मा इंजन; कार्नो-प्रमेय, ऊष्मागति-विज्ञान के नियम और उनका सरल अनुप्रयोग, कृष्णिका विकिरण।

4. प्रकाश :

ज्यामितीय प्रकाशिकी, प्रकाश का वेग, समतल और गोलीय पृष्ठों पर प्रकाश का परावर्तन और अपवर्तन; प्रकाशीय प्रतिबिम्बों में दोष और उनका निवारण; नेत्र और अन्य प्रकाशिक यंत्र, प्रकाश का तरंग सिद्धान्त व्यतिकरण, सरल व्यतिकरणमापी, विवर्तन, विवर्तन ग्रेटिंग, प्रकाश का ध्रुवण, स्पेक्ट्रम विज्ञान के तत्व।

5. विद्युत् और चुम्बकत्व :

सरल मामलों में क्षेत्र विद्युत में तीव्रता और विभव का परिकलन, गाउस प्रमेय और उसके सरल अनुप्रयोग। विद्युत् धारिता; विद्युत-क्षेत्र के कारण ऊर्जा; द्रव्य के वैद्युत और चुम्बकीय गुण धर्म; हिस्टेरिसिस चुम्बकशीलता और चुम्बकीय प्रवृत्ति; विद्युत् धारा से उत्पन्न चुम्बकीय क्षेत्र, मूविंग मैग्नेट एण्ड मूविंग क्वायल गैल्वेनोमीटर्स; धारा और प्रतिरोध का मापन; रिएक्टिव सर्किट ऐलिमेन्ट्स के गुण धर्म और उनका निर्धारण; ताप-विद्युत प्रभाव; विद्युत चुम्बकीय प्रेरण; प्रत्यावर्ती धाराओं का उत्पादन; ट्रांसफार्मर और मोटर। इलैक्ट्रानिक वाल्व और उनके सरल अनुप्रयोग। बोर के परमाणु सिद्धान्त के तत्व, इलैक्ट्रांस, कैथोड रे और एक्सरे, इलैक्ट्रानिक चार्ज और द्रव्यमान का मापन।

रसायन विज्ञान (कोड 02)

1. अकार्बनिक रसायन विज्ञान :

तत्वों का इलैक्ट्रानिक विन्यास, आफ-बाऊ सिद्धान्त, तत्वों का आवर्ती वर्गीकरण। परमाणु क्रमांक। संक्रमण तत्व और उनके लक्षण।

परमाणु और आयनिक त्रिज्याएं, आयनन विभव, इलैक्ट्रान बंधुता और विद्युत् ऋणात्मकता।

प्राकृतिक और कृत्रिम विघटनाभिकता। नाभिकीय विखण्डन और संलयन।

संयोजकता का इलैक्ट्रानिक सिद्धान्त, सिग्मा और पाइ बन्ध के बारे में प्रारम्भिक विचार, सहसंयोजी आबन्ध की संकरण और दैशिक प्रकृति।

वोरनेर का समन्वय मिश्रण सिद्धान्त। उपसहसंयोजी धातुकर्मीय तथा विश्लेषीय प्रचालनों में निहित सम्मिश्रों की इलेक्ट्रानिक विन्यास।

आक्सीकरण स्थितियां और आक्सीकरण संख्या। सामान्य उपचायक तथा अपचायक आक्सीकारक। आयनिक समीकरण।

ल्युइस और ब्रन्सटेड के अम्ल और क्षार सिद्धान्त।

सामान्य तत्वों का रसायन विज्ञान और उनके आमिश्र जिनकी विशेष रूप से आवर्ती वर्गीकरण की पुष्टि से अभिक्रिया की गई हो। निष्कर्षण के सिद्धान्त। महत्वपूर्ण तत्वों का वियोजन (और धातुकी)।

हाइड्रोजन पर आक्साईड की संरचना, डाईबोरेन, ऐलूमिनियम क्लोराइड, तथा नाइट्रोजन, फास्फोरस, क्लोरीन और गन्धक के महत्वपूर्ण आक्सीऐसिड।

अक्रिय गैस : वियोजन तथा रसायन।

अकार्बनिक रसायन विश्लेषण के सिद्धान्त।

सोडियम कार्बोनेट, सोडियम हाईड्रोक्साइड, अमोनिया, नाइट्रिक अम्ल, गन्धकीय अम्ल, सीमेन्ट, ग्लास और कृत्रिम उर्वरकों के निर्माण की रूपरेखा।

2. कार्बनिक रसायन विज्ञान :

सहसंयोजी आबंधन की आधुनिक संकल्पनाएं। इलैक्ट्रान विस्थापन-प्रेरणिक, मेसोमरी और अति संयुग्मन प्रभाव। अनुनाद और कार्बनिक रसायन में उसका अनुप्रयोग। वियोजन स्थिरांक (डिसो-सिएशन कांस्टेंट) पर संरचना का प्रभाव।

ऐल्केन, ऐल्कीन और ऐल्काइन। कार्बनिक मिश्रण के स्रोत के रूप में पेट्रोलियम। एलिफेटिक मिश्रणों के सरल व्युत्पन्न। ऐल्कोहल, ऐल्डीहाइड्स, कीटोन, अम्ल, हैलाईड, एस्टर्स, ईथर, अम्ल ऐनीहाइड्स क्लोराइड्स और अमिड। एकक्षारकी हाइड्रोक्सी, कीटोनी और ऐमीनो अम्ल। कार्ब-धात्विक मिश्रण और एसीटोएसीटिक एस्टर। टार्टरिक, सिट्रिक, मैलेइक और फ्यूमेरिक अम्ल। कार्बोहाइड्रेट वर्गीकरण और सामान्य अभिक्रिया। ग्लूकोस, फल शर्करा और इक्षु शर्करा।

त्रिविम रसायन : प्रकाशकीय और ज्यामितीय समावयवता संरूपण की संकल्पना।

बेन्जीन और उसके साधारण व्युत्पन्न, टॉलूईन, जाइलीन, फीनॉल, हैलाइड, नाइट्रो और ऐमीनो मिश्रण। बेन्जोइक सैलिसिलिक, सिनेमिक, मैंडेलिक और सल्फोनिक अम्ल। ऐरोमैटिक ऐल्डिहाइड और कीटोन। डाइऐज़ो, एज़ो और हाइड्रेजो मिश्रण। ऐरोमैटिक प्रतिस्थापन। नैफ्थलीन, पिरिडीन और क्यूनोलिन।

3. भौतिक रसायन

गैसों और गैस नियमों का गतिक सिद्धान्त। मैक्सवेल का वेग वितरण नियम। वान डेर वाल का समीकरण। संगत अवस्थाओं का नियम। गैसों का द्रवण। गैसों की विशेष ऊष्मा। सी० पी०/सी० वी० का अनुपात।

ऊष्मागतिकी :

ऊष्मागतिकी का पहला नियम। समतापी और रुद्धोष्म प्रसार। पूर्ण उष्मा। ऊष्मा धारिता। ऊष्मरसायन-अभिक्रिया ऊष्मा, विरचन, विलयन और दहन। आबंध ऊर्जा की गणना। किरखोफ समीकरण।

स्वतः प्रवर्तित परिवर्तन का मानदण्ड। ऊष्मागतिकी का दूसरा नियम। एन्ट्रापी। मुक्त ऊर्जा। रासायनिक सन्तुलन का मानदण्ड।

घोल : परासरण दाब, वाष्प दाब को कम करना, वाष्पहिमांक अवनयन, क्वथनांक बढ़ाना। घोल में अणु भार निश्चित करना। विलेयों का संगुणन और वियोजन।

रासायनिक संतुलन। द्रव्यमान अनुपाती अभिक्रिया और समांगी तथा विषमांगी संतुलन। ला-शातेलिए नियम। रासायनिक संतुलन पर ताप का प्रभाव।

विद्युत रसायन : फैराडे विद्युत अपघटन नियम; विद्युत अपघटन की चालकता; तुल्यांकी चालकता और तनुता में उसका परिवर्तन; अल्प विलेय लवणों की विलेयता; विद्युत अपघटनी वियोजन। ओस्टवाल्ड तनुता नियम, प्रबल विद्युत अपघटकों की असंगति, विलेयता गुणनफल, अम्लों और क्षारकों की प्रबलता। लवणों का जल अपघटन। हाइड्रोजन आयन की सान्द्रता, उभय प्रतिरोध क्रिया (बफर क्रिया)। सूचक सिद्धान्त।

उत्क्रमणीय सेल। मानक हाइड्रोजन और कैलोमेल इलेक्ट्रोड और रेडाक्स विभव। सान्द्रता सेल। पी० एच० का निर्धारण। अभिगमनांक। जल का आयनी गुणनफल। विभव मूलक अनुमापन (ε)।

रासायनिक बलगतिविज्ञान। अणुसंख्यता और अभिक्रिया की कोटि। प्रथम कोटि की अभिक्रिया और दूसरी कोटि की अभिक्रिया। तपमान अभिक्रिया की कोटि का निर्धारण, अपक्रान्तिकता तापांक और सक्रियण ऊर्जा। अभिक्रिया दरों का संघट्ट सिद्धान्त। सक्रियित संकुल सिद्धान्त।

प्रावस्था नियम : इसकी शब्दावलियों की व्याख्या। एक और दो घटक तन्त्र का अनुप्रयोग। वितरण नियम।

कोलाइड : कोलाइडी विलयन का सामान्य स्वरूप और उनका वर्गीकरण; कोलाइडों के विरचन और गुणों की सामान्य रीति। स्कन्दन। रक्षक क्रिया और स्वर्णांक। अधिशोषण।

उत्प्रेरण : समांगी और विषमांगी उत्प्रेरण। विषाक्तन बंधक।

प्रकाश रसायन : प्रकाश रसायन के नियम। सरल संख्यात्मक

गणित : (कोड : 03)

भाग क

बीजगणित : समुच्चयों की बीजगणित संबंध और फलन का प्रतिलोम, संयुक्त, फलन, तुल्यता, संबंध।

संख्याएं : पूर्ण संख्या, परिमेय संख्या, वास्तविक संख्या (वर्णों का वितरण), सम्मिश्र संख्या, सम्मिश्र संख्याओं का बीजगणित।

समूह, उपसमूह, प्रसामान्य उपसमूह, चक्रीय और क्रमचय समूह, लाग्रांज प्रमेय, समरूपता।

परिमेय सूचकांक के लिए द-मोयवर का प्रमेय और उसका सरल अनुप्रयोग।

समीकरण सिद्धांत :

बहुपद समीकरण, रूपान्तरण समीकरण। बहुपद समीकरण के मूल और गुणांकों के बीच संबंध, त्रिघात और चतुर्घात समीकरणों के मूलों का सममित फलन, मूलों की अवस्थिति और मूल निकालने की न्यूटन पद्धति।

मैट्रिसेस : मैट्रिसेस की बीजक्रिया, सारणिक सारणिकों के सरल गुण, सारणिकों के गुणनफल, सहखंडज-आव्यूह, मैट्रिसेसों का प्रतिलोमन, मैट्रिक्स की जाति, रैखिक समीकरण के हल निकालने के लिए मैट्रिसेसों का अनुप्रयोग (तीन अज्ञात संख्याओं में)।

असमताएं :

समान्तर और ज्यामितीय माध्य। कोशी श्वार्ज असमता (केवल परिमित योगों के लिए)।

द्विविम और त्रिविम की विश्लेषिक ज्यामिति :

द्विविम की विश्लेषिक ज्यामिति : सरल रेखाएं, सरल रेखाओं की जोड़ी, वृत्त, वृत्त निकाय। परवलय, दीर्घवृत्त, अतिपरिवलय (मुख्य अक्षों के संदर्भ में)। द्वितीय कोटि समीकरण का मानक रूप में लघुकरण। स्पर्शरेखाएं और अभिलम्ब।

त्रिविम की विश्लेषिक ज्यामिति : समतल, सीधी रेखाएं और गोलक (केवल कार्तीय निर्देशांक)।

कलन (केलकुलस) और विभिन्न समीकरण :

अवकल गणित : सीमांत की संकल्पना, वास्तविक चर फलन का सांतत्य और अवकलनीयता, मानक फलन का अवकलन, उत्तरोत्तर अवकलन। रोल का प्रमेय। मध्यमान प्रमेय, मैकलारिन और टेलर सीरिज (प्रमाण आवश्यक नहीं है) और उनका अनुप्रयोग। परिमेय सूचकांकों के लिए द्विपद प्रसरण, चरघातांकी प्रसरण, लघुगणकीय, त्रिकोणमितीय और अतिपरवलयिक फलन। अनिर्धारित रूप, एकल चर फलन का उच्चिष्ठ और अल्पिष्ठ, स्पर्श रेखा, अभिलम्ब, अधः स्पर्शी, अधोलम्ब, अनन्तस्पर्शी वक्रता (केवल कार्तीय निर्देशांक) जैसे ज्यामितीय अनुप्रयोग। अन्वालोप, आंशिक अवकलन। समांगी फलनों से संबंधित आयलर प्रमेय।

समाकलन-गणित (इंटीग्रल केलकुलस) : समाकलन, की मानक प्रणाली, सतत फलन के निश्चित समाकलन की सीमान-परिभाषा। समाकलन गणित के मूल सिद्धान्त। परिशोधन, क्षेत्रकलन, आयतन और परिक्रमण घनाकृति का पृष्ठीय क्षेत्रफल। संख्यात्मक समाकलन के बारे में सिम्पसमन का नियम।

अनुक्रम और सिरीज का अभिसरण, घनात्मक पदों के साथ सीरवेज के अभिसरण का परीक्षण। अनुपात, मूल और आउज परीक्षण। एकान्तर श्रेणी।

अवकल समीकरण : प्रथम कोटि के मानक अवकल समीकरण का हल निकालना। नियम गुणांक के साथ द्वितीय और उच्चतर कोटि के रैखिक समीकरण का हल निकालना। वृद्धि और क्षय की समस्याओं का सरल अनुप्रयोग। सरल हारमोनिक रूपान्तरण। साधारण पेन्डुलम और समदिश।

भाग ख

यांत्रिक (वेक्टर पद्धति का उपयोग किया जा सकता है)।

स्थिति विज्ञान : बल का निरूपण, (बल-समांतर चतुर्भुज, बल-संयोजन और बल-वियोजन और समतलीय तथा संगामी बलों की साम्यावस्था की स्थिति। बल-त्रिभुज। जातीय और विजातीय समान्तर-बल। आघूर्ण। बल-युग्म। समतलीय बलों की साम्यावस्था की सामान्य स्थिति। साधारण तत्वों के गुरुत्व केन्द्र। स्थैतिक घर्षण और सीमान्त घर्षण। घर्षण-कोण। रूक्ष आनत समतल पर के कण की साम्यावस्था। सरल निर्मेय। साधारण मशीन (उत्तोलक, घिरनी की निर्देश पद्धति, गियर)। कल्पित कार्य (दो आयामों में)।

गति विज्ञान : शुद्ध गति-विज्ञान—कण का त्वरण, वेग, चाल, और विस्थापन, आपेक्षित वेग। निरन्तर त्वरण की अवस्था में सीधी रेखा की गति। न्यूटन के गति संबंधी सिद्धान्त। सकेन्द्र कक्षा। सरल प्रसंवदा गति। (निर्वात में) गुरुत्वावस्था में गति। आवेग कार्य और ऊर्जा। रैखिक संवेग और ऊर्जा का संरक्षण। एक समान वर्तुल गति।

खगोल विज्ञान :

गोलीय त्रिकोणमिति : ज्या एवं काटिज्या फार्मूला, समकोण युक्त गोलीय त्रिकोणों के गुण।

गोलीय खगोल विज्ञान—खगोलीय गोलक, समन्वित प्रणाली और उसका रूपान्तरण। दैनिक गति। नाक्षत्र समय, सौर समय, माध्य सौर समय, स्थानीय और मानक समय, समय-समीकार। सूर्य और नक्षत्रों का उदय और अस्त, क्षितिज नति। खगोलीय अपवर्तन। सांध्य-प्रकाश, लंबन, अपेरण, पुरस्सरण और विदोलन। केपलर के नियम। ग्रह कक्षा और स्तब्ध बिन्दु। चन्द्रमा की दृष्ट गति। चन्द्रमा की प्रावस्थाएं।

खगोलीय यंत्र :—सेक्सटेंट प्रेषण यंत्र

सांख्यकीय :

प्रायिकता—प्रायिकता की शास्त्रीय और सांख्यकीय परिभाषा, संचयात्मक प्रणाली की प्रायिकता का परिकलन, योग एवं गुणन सिद्धान्त, सप्रतिबंध प्रायिकता। यादृच्छिक चर (विविक्त और अविरत), घनत्व फलन, गणितीय प्रत्याशा।

मानक वितरण—द्विपद-परिभाषा, माध्य और प्रसरण, वैषम्य, सीमान्त रूप, सरल अनुप्रयोग।

प्वासों-परिभाषा—माध्य और प्रसरण, योज्यता, उपलब्ध आंकड़ों में प्वासों बंटन का समंजन। सामान्य सरल समानुपात और सरल अनुप्रयोग, उपलब्ध आंकड़ों में सामान्य में प्रसामान्य बंटन का समंजन।

द्विचर वितरण : सह संबंध, दो चरों का रैखिक समाश्रयण, सीधी रेखा का समंजन, परवलयिक और चलघातांकी वक्र, सह संबंधित गुणांक के गुण।

सरल प्रतिदर्श वितरण और परिकल्पनाओं का सरल परीक्षण—यादृच्छिक प्रतिदर्श। सांख्यिकी। प्रतिदर्शी बंटन और मानक त्रुटि। मध्यपदों के अन्तर की अर्थवत्ता के परीक्षण में प्रसामान्य टी० सी० एच० आई० (chi)2 और एफ० का सरल वितरण।

टिप्पणी—उम्मीदवारों को पाठ्यविवरण के भाग "क" में से तीन विषयों में से नामतः (1) बीजगणित (2) द्विविम और त्रिविम विश्लेषिक ज्यामिति, तथा (3) कलन (केलकुलस) और विभिन्न समीकरण, प्रत्येक पर एक-एक प्रश्न का उत्तर देना अनिवार्य होगा। पाठ्यविवरण के भाग "ख" में से तीन विषयों में से नामतः (1) यांत्रिकी, (2) खगोल विज्ञान, और (3) सांख्यिकी, प्रत्येक पर एक-एक प्रश्न का उत्तर देना अनिवार्य होगा।

वनस्पति विज्ञान (कोड 04)

1. **वनस्पति जगत का सर्वेक्षण—प्राणियों और पौधों में अन्तर** : जीवित जीव की विशेषताएं : एक कोशिक और बहु कोशिक जीव: वाइरस : वनस्पति जगत के विभाजन का आधार।

2. **आकृति विज्ञान** :—(i) एक कोशिक पौधे—कोशिका, इसकी संरचना और अन्तर्वस्तु: कोशिकाओं का विभाजन और संवर्धन।

(ii) **बहुकोशिक पौधे**—असंवहनी और संवहनी पौधों के कार्य में भेद: संवहनी पौधों का बाह्य और आंतरिक आकृति विज्ञान।

3. **जीवन वृत्त** : इन पादप वर्गों के प्रत्येक वर्ग के कम से कम एक पौधे का जीवनवृत्त—बैक्टीरिया, नील रहित शैवाल वर्ग (साइनोफाइसी), क्लोरोफाइसी : भूरा शवाल वर्ग, कियाफालाल शैवाल वर्ग (रोडोफाइसी), पाइकम्पासाइसिटीज,

एस्कोमाइसिटीज ; बेसिडियमी कवक, लिवरवर्ट ; मासेस, टैरिडोफाइटीज, जिम्नोस्पर्म और ऐन्जियोस्पर्म ।

4. **वर्गिकी**—वर्गीकरण के नियम, ऐन्जियोस्पर्म के वर्गीकरण की मुख्य पद्धतियां :

निम्नलिखित कुलों के विशिष्ट लक्षण और आर्थिक महत्व :—

ग्रामिनि सिटामिनि, पामेसी, लिलिएसी, आर्किडेसी, मोरेसी, लोरेन्थैसी ; मैग्नोलिएसी, लारेसी ; क्रुसिफेरी ; लेग्युमिनोसी ; रुटेसी ; मीलिएसी ; यूफोर्बियासी ; ऐनाकार्डिएसी ; मालवेसी ; एसोसाइनेसी ; एस्कलीपिएडेसी ; डिप्टरोकारमेसी ; मर्टेसी, अम्बेलीफेरी ; तुलसीकुल (लेबिएटी) सोलैनेसी ; रूबिएसी, कुकरबिटैरिएसी ; बर्बीनेसी और कम्पोजिटी ।

5. **पादप शरीर क्रियाविज्ञान**—स्वपोषण, परपोषण, जल और पोषक तत्वों का अन्तर्ग्रहण, वाष्पोत्सर्जन ; प्रकाश संश्लेषण ; खनिज पोषण ; श्वसन, वृद्धि जनन ; पादप-प्राणि संबंध ; सहजीवन, परजीविता, ऐन्जाइम ; आक्सिम ; हारमोन ; दीप्तिकालिता ।

6. **पादप रोग विज्ञान**—पौधों की बीमारियों के कारण और उनके उपचार ; रोग जीव ; वाइरस ; हीनता जन्य रोग ; प्रतिरोध ।

7. **पादप परिस्थिति विज्ञान**—विशेष रूप से भारतीय पेड़-पौधों और भारत के वनस्पति क्षेत्रों के संदर्भ में परिस्थिति विज्ञान और पादप भूगोल से संबंधित आधार भूत तत्व ।

8. **सामान्य जीव विज्ञान**—कोशिका विज्ञान, आनुवंशिक विज्ञान, पादप प्रजनन मैण्डेलवाद, संकर ओज, उत्परिवर्तन, विकास ।

9. **आर्थिक वनस्पति विज्ञान**—पौधों का विशेषत: अनाजों, दालों, फलों, चीनी, स्टार्च, तिलहनों, मसालों, पेय पदार्थों, रेशों, लकड़ियों, रबर, औषधियों और वाष्पशील तेलों आदि वनस्पति उत्पादों से संबंधित पुष्प पादपों का मानव कल्याण के लिए लाभकारी उपयोग ।

10. **वनस्पति विज्ञान का इतिहास**—वनस्पति विज्ञान संबंधी विज्ञान के विकास की सामान्य जानकारी ।

प्राणि विज्ञान : (कोड 05)

प्राणि जगत का प्रमुख समूहों में वर्गीकरण, विभिन्न वर्गों के विशिष्ट लक्षण ।

रज्जु रहित (नान-कार्डेट) किस्म के प्राणियों की बनावट, आदतें और जीवन-वृत :

अमीबा, मलेरिया-परजीवी । स्पंज, हाइड्रा, लिवरफ्लू, फीता कृमि ; गोल कृमि ; केंचुआ ; जोंक ; तिलचट्टा ; गृह मक्खी ; मच्छर ; बिच्छू ; ताजे पानी का मस्ल, ताल घोंघा और स्टार-फिश (केवल बाह्य लक्षण) ।

कीटों का आर्थिक महत्व । निम्नलिखित कीटों की परिस्थिति और जीवन-वृत :—

दीमक ; टिड्डी ; शहद की मक्खी और रेशम का कीड़ा ।

रज्जुकी-क्रम वर्गीकरण ।

निम्नलिखित प्रकार के रज्जुमान प्राणियों की बनावट और तुलनात्मक शरीर :—

ब्रैन्किओस्टोमा ; स्कोलिओडान ; मेंढक ; यूरोमेस्टिक्स या कोई अन्य छिपकली (बैरनस का अस्थिपंजर) ; कबूतर (कुक्कुट का अस्थिपंजर) ; और खरगोश, चूहा या गिलहरी ।

मेंढक और खरगोश के संदर्भ में जन्तु कार्य के विभिन्न अंगों के ऊतकविज्ञान और शरीर क्रिया विज्ञान की प्रारम्भिक जानकारी ; अन्त:स्रावी ग्रंथियों और उनका कार्य ।

मेंढक और चूजे के विकास की रूपरेखा, स्तनी जन्तुओं की बनावट और कार्य ।

विकास के सामान्य नियम ; विविधता ; आनुवंशिकता ; अनुकूलन पुनरावर्तन परिकल्पना ; मेंडेलीय आनुवंशिकता ; अलैंगिक जनन और लैंगिक जनन की विधियां ; अनिषेक जनन (पार्थेनोजेनसिस) ; कायांतरण, पीढ़ी एकान्तरण ।

विशेष रूप से भारतीय जन्तु समूह के संदर्भ में जन्तुओं का परिस्थितिक और भूवैज्ञानिक वितरण ।

भारत के वन्य प्राणी जिनमें विषैले और विषहीन सांप भी शामिल हैं । शिकार पक्षी ।

भूविज्ञान : (कोड 06)

सामान्य भूविज्ञान :

पृथ्वी की उत्पत्ति, काल और आंतरिक भाग, विभिन्न भूवैज्ञानिक एजेंसियां और स्थलाकृति, अपक्षय और अपरदन (इरोजन) पर उनका प्रभाव, मृदा के प्रकार, उनका वर्गीकरण और भारत के मृदा समूह, भारत के भू-आकृति उपभाग, वनस्पति और स्थलाकृति, ज्वालामुखी, भूकम्प, पर्वत पटलविरूपण (डयास्ट्रोफिज्म) ।

2. संरचनात्मक भूविज्ञान :

आग्नेय, अवसादी और कायांतरित चट्टानें, नति, नतिलम्ब और ढलान वलन, भ्रंश और विषम विन्यास और दृश्यांशों पर उनका प्रभाव, भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण और मानचित्रण की विधियों के संबंध में प्रारंभिक जानकारी ।

3. क्रिस्टल विज्ञान और खनिज विज्ञान :

क्रिस्टल सममिति के बारे में प्रारम्भिक जानकारी । क्रिस्टल विज्ञान के नियम, क्रिस्टल की प्रकृति और यमलन (ट्विनिंग) ।

मृण्मय खनिजों, महत्वपूर्ण शैल-रचना, रासायनिक संघटन, भौतिक गुण, प्रकाशिक गुण-धर्म, परिवर्तन, प्राप्ति और वाणिज्यिक उपयोग संबंधी अध्ययन।

4. आर्थिक भूविज्ञान :

भारत के महत्वपूर्ण खनिजों और उनकी उपस्थिति की अवस्था का अध्ययन। अयस्क निक्षेपों का उद्भव और वर्गीकरण।

5. शैल विज्ञान :

आग्नेय, अवसादी और कायांतरित चट्टानों तथा उनके उद्भव और वर्गीकरण का प्रारम्भिक अध्ययन। चट्टानों के सामान्य प्रकारों का अध्ययन।

6. स्तर क्रम विज्ञान :

स्तर क्रम विज्ञान के नियम; भूवैज्ञानिक अभिलेखों का अश्म वैज्ञानिक और कालानुक्रम उप-विभाजन/भारतीय स्तर क्रम विज्ञान की महत्वपूर्ण विशेषतायें।

7. जीवाश्म विज्ञान :

जीवाश्म विज्ञान संबंधी आधार सामग्री का विकास से संबंध जीवाश्म (फासिल्स) उनका स्वरूप और उनके परिरक्षण की विधि। प्राणी जीवाश्मों और पादप-जीवाश्मों की निरूप आकृतियों के आकृति विज्ञान और विभाजन की प्रारम्भिक जानकारी।

भूगोल (कोड 7)

(i) **प्रारम्भिक भू-आकृति विज्ञान:**—सौर मंडल और पृथ्वी का उद्भव, भू-आकृति, भू-लक्षण, प्रारम्भिक भूविज्ञान, चट्टानों और मिट्टी का बनना।

(ii) **जलवायु विज्ञान:**—जलवायु और इसके तत्व, तापमान, दाब, आद्रता, पवन पद्धति, चक्रवात और प्रतिचक्रवात का प्रारम्भिक ज्ञान, वृष्टिपात के प्रकार।

(iii) **समुद्र विज्ञान:**—भूमि और जल का वितरण, समुद्र जल का संचालन ज्वार, धारायें, लवणता, समुद्रतल निक्षेप।

(iv) **पादप भूगोल :**—वनस्पतियों के प्रकार, भौगोलिक पर्यावरण से उनका संबंध, वन घास के मैदान, रेगिस्तान, प्रधान प्राकृतिक क्षेत्र।

(v) **मानव भूगोल :**—पर्यावरण में मानव, मनुष्य की प्रजातियां, मनुष्य के कार्यकलाप और जनसंख्या का विभाजन।

(vi) **आर्थिक भूगोल :**—मुख्य वनस्पतियां, पशु और खनिज उत्पादन, उनका वितरण और भौगोलिक पृष्ठभूमि, मुख्य उद्योग और उनका स्थानीकरण, कच्चे माल, खाद्यान्न और विनिर्मित माल का अंतर्राष्ट्रीय व्यापार।

(vii) **क्षेत्रीय भूगोल :**—भारत का विस्तार से और संयुक्त राज्य अमेरिका, ब्रिटेन, रूस, चीन, जापान, दक्षिण पूर्वी एशिया, मध्य पूर्व, श्रीलंका, बर्मा और पाकिस्तान का सामान्य रूप से ज्ञान।

अंग्रेजी साहित्य (कोड 08)

उम्मीदवार को स्पेंसर काल से लेकर महारानी विक्टोरिया का शासन समाप्त होने तक के अंग्रेजी साहित्य के इतिहास का सामान्य, और निम्नलिखित लेखकों की कृतियों का विशेष ज्ञान होना चाहिए :—

शेक्सपीयर, मिल्टन, जानसन, डिकन्स, वर्डसवर्थ, कीट्स, कार्लाईल, टेनिसन और हार्डी।

भारत का इतिहास (कोड 09)

1600 ई० से लेकर भारतीय गणराज्य की स्थापना तक का भारत, तथा इस अवधि में घटित सांविधिक प्रगति।

टिप्पणी : इस विषय में उम्मीदवारों को भूगोल के उस पक्ष का भी ज्ञान होना चाहिए जिसका संबंध इतिहास से होता है और उनको नक्शा बनाना भी आना चाहिए। किसी अवधि के आरम्भ होने की यदि कोई निश्चित तारीख दी जाए तो उम्मीदवारों को सामान्य रूप से यह भी जानना चाहिए कि हम प्रारम्भिक स्थिति तक किस प्रकार पहुंचे हैं।

सामान्य अर्थशास्त्र (कोड 10)

उम्मीदवारों को अर्थशास्त्र के सिद्धांत का ज्ञान होना चाहिए, और उनको तथ्यों की सहायता से सिद्धांत का निरूपण करना और सिद्धांत के आधार पर तथ्यों का विश्लेषण करना दोनों आना चाहिए। भारत और इंग्लैंड के आर्थिक इतिहास और उन देशों की आर्थिक स्थिति का कुछ ज्ञान भी होना चाहिए।

राजनीति विज्ञान (कोड 11)

उम्मीदवारों को राजनीति विज्ञान और उनके इतिहास का ज्ञान होना चाहिए। राजनीति विज्ञान का ज्ञान केवल विधि-निर्माण के सिद्धांत के रूप में ही नहीं, वरन राज्य के सामान्य सिद्धांत के रूप में भी होना चाहिए। सांविधिक शासन के प्रकारों (प्रतिनिधि सरकार, संघवाद आदि) और लोक प्रशासन—केंद्रीय और स्थानीय पर भी प्रश्न पूछे जायेंगे। उम्मीदवारों को वर्तमान संस्थाओं के उद्भव और विकास का भी ज्ञान होना चाहिए।

समाज विज्ञान (कोड 12)

समाज विज्ञान की प्रकृति और क्षेत्र: समाज का अध्ययन, समाज विज्ञान और अन्य सामाजिक विज्ञानों से उसका संबंध।

मूल धारणाएं : महत्व एवं कार्य, प्राथमिक एवं गौण वर्ग, सामाजिक संस्थाएं; सामाजिक संरचना, सामाजिक नियन्त्रण एवं अपवर्ती आचरण, सामाजिक द्वन्द्व; सामाजिक परिवर्तन :—

मूल सामाजिक संरचनाएं एवं संस्थाएं, विवाह, परिवार एवं रिश्तेदारी; राजनीतिक संस्थाएं; धार्मिक संस्थाएं; सामाजिक स्तरण—जाति, वर्ग एवं वंश।

वातावरण ; समाज एवं संस्कृति ;

भारतीय समाज विज्ञान, जाति एवं जातिवाद; परिवार एवं रिश्तेदारी, ग्राम समाज, आधुनिक भारत में सामाजिक परिवर्तन।

मनोविज्ञान (कोड 13)

सामान्य मनोविज्ञान

मनोविज्ञान की परिभाषा और विषय-वस्तु, मनोविज्ञान की पद्धतियां, अनुकूलन एवं आचरण क्रियाविधि की अवधारणा; आचरण का शरीरशास्त्रीय आधार;

(क) अभिग्राहक, चाक्षुष एवं श्रवण संबंधी; (ख) नाड़ी-तन्त्र की सामान्य रूप रेखा ;

(ग) कारक—मांसपेशियां एवं ग्रंथियां:—

मानव विकास के तत्व—आनुवंशिकता एवं पर्यावरण, परिपक्वता एवं शिक्षा प्राप्ति ।

अभिप्रेरणा एवं मनोवेग—उनकी प्रकृति, किस्म और विकास ।

प्रत्यक्ष ज्ञान एवं उसकी प्रकृति—रूप रंग और स्थान ।

अधिगम—उसकी प्रकृति, अनुकूलन, अन्तर्दृष्टि और प्रयत्नत्रुटि ।

अधिगम तथा स्मरण शक्ति और विस्मरण प्रक्रियाओं को प्रभावित करने वाले तत्व, स्मरण करने की सफल विधियां ।

चिन्तन और तर्क ।

प्रज्ञा और योग्यताएं—उनकी प्रकृति और मापन ।

व्यक्तित्व—प्रकृति, निर्धारक और मापन ।

असामान्य मनोविज्ञान

असामान्य आचरण—अवधारणा और कारण ।

कुंठा और द्वन्द्व, रक्षात्मक युक्ति ।

मनोवैज्ञानिक विकार—मनस्ताप एवं मनोविक्षिप्त, व्यक्तित्व एवं मनोशारीरिक विकार ।

मानसिक विकार के उपचार का सामान्य ज्ञान—मनोरोग चिकित्सा ।

सामाजिक मनोविज्ञान

समूह प्रक्रियाएं—व्यक्ति और समूह, नेतृत्व, मनोबल एवं भीड़ का व्यवहार ।

प्रचार और मनोवैज्ञानिक युद्ध ।

बुद्धि तथा व्यक्तित्व परीक्षण

उम्मीदवारों की बुनियादी बुद्धि की जांच करने के लिए साक्षात्कार के अतिरिक्त मौखिक तथा लिखित बुद्धि परीक्षा ली जाएगी । उनके ग्रुप परीक्षण भी किए जाएंगे जैसे ग्रुप परिचर्चा, ग्रुप योजना, बहिरंग ग्रुप कार्यकलाप तथा उन्हें निर्विष्ट विषयों पर संक्षिप्त व्याख्यान देने के लिए कहा जाएगा । ये सभी परीक्षण उम्मीदवारों की मेधाशक्ति की जांच के लिए हैं । मोटे तौर पर ये परीक्षण वास्तव में न केवल उसके बौद्धिक गुणों की जांच के लिए हैं अपितु इनसे उसकी सामाजिक विशेषताओं तथा सामयिक घटनाओं के प्रति दिलचस्पी का भी पता चलेगा ।

परिशिष्ट

(अकादमी स्कूल में प्रवेश के लिए स्वास्थ्य का मानक)

टिप्पणी :—उम्मीदवारों को निर्धारित स्वस्थता मानक के अनुसार शारीरिक रूप से स्वस्थ होना चाहिए । स्वस्थता संबंधी मानक नीचे बताए गए हैं ।

बहुत से अर्हताप्राप्त उम्मीदवार बाद में अस्वस्थता के आधार पर अस्वीकृत किए जाते हैं अतः उम्मीदवारों के अपने हित के लिए सलाह दी जाती है कि अन्त में निराशा से बचने के लिए उन्हें अपना आवेदन-पत्र भेजने से पहले अपने स्वास्थ्य की जांच करा लेनी चाहिए ।

सेवा चयन बोर्ड द्वारा अनुशंसित बहुत से उपयुक्त उम्मीदवारों की स्वास्थ्य परीक्षा सेना के डाक्टरों के बोर्ड द्वारा की जाएगी । जो उम्मीदवार मेडिकल बोर्ड द्वारा स्वास्थ्य घोषित नहीं किया जाएगा उसको अकादमी या स्कूल में प्रवेश नहीं दिया जाएगा । सेना के डाक्टरों के बोर्ड द्वारा स्वास्थ्य परीक्षा कर लिए जाने का अर्थ यह नहीं होगा या नहीं निकाला जाएगा कि उम्मीदवार अंतिम रूप से चुन लिया गया है । मेडिकल बोड की कार्यवाही गुप्त होती है जिसको किसी को नहीं बताया जा सकता । अनुपयुक्त या अस्थायी रूप से अनुपयुक्त घोषित उम्मीदवारों का परिणाम उन्हें स्वस्थता प्रमाण-पत्र तथा अपील प्रस्तुत करने की कार्यविधि के साथ सूचित कर दिया जाता है । मेडिकल बोर्ड के अध्यक्ष द्वारा मेडिकल बोर्ड के परिणाम से सम्बद्ध कोई अनुरोध स्वीकार नहीं किया जाएगा ।

उम्मीदवारों के अपने हित में परामर्श है कि यदि उनकी दृष्टि अपेक्षित स्तर की न हो तो सेवा चयन बोर्ड द्वारा साक्षात्कार/स्वास्थ्य परीक्षा हेतु बुलाए जाने पर उन्हें अपने साथ संशोधक ऐनक लानी चाहिए ।

1. अकादमी/स्कूल में प्रवेश के लिए उस उम्मीदवार को ही योग्य समझा जाएगा जिसका शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य बिल्कुल ठीक होगा । और जिसमें कोई ऐसी अशक्तता नहीं होगी जिससे कुशलतापूर्वक काम करने में बाधा पड़ने की संभावना हो ।

2. किन्तु निम्नलिखित बातों के सम्बन्ध में तसल्ली कर ली जाएगी :—

(क) कमजोर शरीर गठन, अपूर्ण विकास, गम्भीर कुरचना या स्थूलता तो नहीं है ।

(ख) हड्डियों और संधियों का कुविकास तो नहीं हुआ है और उनमें किसी प्रकार की क्षीणता तो नहीं हो गई है ।

टिप्पणी :—अल्पवर्धित ग्रैव पर्णका वाले उम्मीदवार को भी स्वस्थ माना जा सकता है, यदि उसमें उक्त रोग के लक्षण न हों । तथापि चिकित्सा बोर्ड की कार्यवाही में इस दोष का उल्लेख छोटी-मोटी अशक्तता के रूप में कर दिया जाएगा ।

(ग) बोलने में तो बाधा नहीं पड़ती है ।

(घ) सिर की रचना में तो दोष नहीं है या खोपड़ी की हड्डी टूटने या दबने से विरूपता तो नहीं आ गई है ।

(ङ) कम सुनाई तो नहीं पड़ता है । कोई कान बह तो नहीं रहा है या रोग-ग्रस्त तो नहीं है । टिम्पैनिक मेम्ब्रेन में कच्चा जख्म तो नहीं है या उग्र या पुराना मध्य कर्ण शोथ के चिह्न तो नहीं है या आमूल या संशोधित आमूल कर्ण मूल आपरेशन तो नहीं हुआ है ।

टिप्पणी:—यदि कान के पर्दे का छेद पूरी तरह से भरा गया हो, इसको और क्षति न पहुंची हो तथा सुनाई ठीक पड़ता हो तो इस अवस्था को थल सेना के लिए उम्मीदवार को स्वीकार करने में बाधक नहीं समझना चाहिए ।

(च) नाक की हड्डी या उपास्थि का कोई रोग तो नहीं है या नोज पालिपस तो नहीं है अथवा नासाग्रसनी या सहायक कोटरों का कोई रोग तो नहीं है ।

टिप्पणी:—नासा पट के छोटे आलक्षणी ऊर्ध्वाधातज छेद के कारण उम्मीदवार को एक दम अस्वीकृत नहीं किया जाएगा वरन् ऐसे मामलों को जांच और मत के लिए कर्ण-विज्ञान सलाहकार के पास भेजा जाएगा ।

(छ) गर्दन या शरीर के अन्य भागों की ग्रन्थियां बढ़ी हुई तो नहीं है और थाइराइडग्रंथि सामान्य है ।

टिप्पणी:—तपेदिक की ग्रंथियों को हटाने के लिए किए गए आपरेशन के निशान उम्मीदवार की अस्वीकृति का कारण नहीं बन सकते हैं बशर्ते कि गत 5 वर्षों में सक्रिय रोग न हुआ हो तथा छाती लाक्षणिक जांच तथा एक्स-रे करने पर रोग मुक्त पाई जाए ।

(ज) गले, तालु, टौंसिल या मसूड़ों का कोई रोग नहीं है तथा किसी भी चिबुकीय संधियों की सामान्य क्रिया पर प्रभाव डालने वाली कोई बीमारी या चोट तो नहीं है ।

टिप्पणी :—यदि बार-बार टौंसिल शोध होने का कोई वृत्त न हो तो टौंसिलों की अतिवृद्धि अस्वीकृति का कारण नहीं होती ।

(झ) हृदय तथा रक्त वाहिकाओं का क्रिया सम्बन्धी या अंग रोग के लक्षण तो नहीं है ।

(ञ) फफड़ों की तपेदिक या इस बीमारी का पूर्ववत् या फेफड़ों की कोई जीर्ण बीमारी का प्रमाण तो नहीं है ।

(ट) जिगर और तिल्ली की किसी विलक्षणता सहित पाचक तन्त्र के किसी रोग का चिह्न तो नहीं है ।

(ठ) वंक्षण हार्निया तो नहीं है या उसके होने की प्रवृत्ति तो नहीं है ।

टिप्पणी :—(1) वंक्षण हार्निया (जिसकी शल्य-चिकित्सा न की गई हो), अस्वीकृति का कारण होगा ।

(2) जिनका हर्निया का आपरेशन हो चुका है उन्हें शारीरिक रूप से स्वस्थ माना जाएगा बशर्ते कि :

(i) आपरेशन हुए एक वर्ष व्यतीत हो गया हो । इसके लिए उम्मीदवार को लिखित प्रमाण प्रस्तुत करना होगा ।

(ii) पेट की पेशीसमूह सामान्यता या ठीक है ।

(iii) हर्निया की पुनरावृत्ति नहीं हुई है, या इसकी शल्य चिकित्सा से संबंधित कोई उलझन पैदा नहीं हुई ।

(ड) हाइड्रोसिल, या निश्चित बैरिकोसील या जननेंद्रियों का अन्य कोई रोग या खराबी तो नहीं है ।

विशेष ध्यान दें:—(1) यदि हाड्रोसील के आपरेशन के बाद कोई रज्जु और अण्डग्रंथियों की विलक्षणताएं न हों और फाइलेरियासिस का प्रमाण न हो तो उम्मीदवार को स्वीकार लिया जाएगा ।

(2) यदि एक ओर की अन्तः उदरीय अण्ड-ग्रन्थि आरोही हो तो इस आधार पर उम्मीदवार को अस्वीकार नहीं किया जाता बशर्ते कि दूसरी अण्डग्रंथि सामान्य हो तथा इस आरोही अण्डग्रंथि के कारण कोई शारीरिक या मनोविज्ञानिक कुप्रभाव न हो । यदि आरोही अण्डग्रन्थि वंक्षण नलिका में अथवा उदरीय वलय में रुकी हो और आपरेशन से ठीक न हो सकती हो तो इस स्थिति में उम्मीदवार को स्वीकार नहीं किया जाएगा ।

(ढ) फिस्टुला और/या गुदा का विदर या बवासीर के मस्से तो नहीं ह।

(ण) गुर्दों की कोई बीमारी तो नहीं । ग्लुकोजमेह या एलब्युमिन मेह के सभी रोगी अस्वीकृत कर दिए जाएंगे ।

(त) अस्थायी अथवा मामूली क्षत-चिह्नों को छोड़ कर कोई ऐसा चर्म रोग तो नहीं है जिसके प्रसार अथवा स्थिति के कारण उम्मीदवार में अशक्तता या बहुत अधिक कुरूपता आ गई हो या आने की संभावना हो । उस उम्मीदवार को इसी आधार पर अस्वीकार किया जाएगा ।

(थ) कोई सक्रिय गुप्त या जन्मजात रजित रोग तो नहीं है ।

(द) उम्मीदवार या उसके परिवार में मानसिक रोग का कोई पूर्व वृत्त या प्रमाण तो नहीं है । जिन उम्मीदवारों को मिर्गी आती हो, जिनका पेशाब वैसे ही या नींद में निकल जाता हो उन्हें स्वीकार नहीं किया जाएगा ।

(ध) भेंगापन या आंख या पलकों की कोई ऐसी विकृति तो नहीं जिसके बढ़ने या दुबारा होने का खतरा हो सकता है ।

(न) सक्रिय रोहे (ट्रकोमा) या इसकी जटिलताएं तथा अनुप्रभाव तो नहीं है ।

टिप्पणी :—इलाज के लिए आपरेशन प्रवेश से पूर्व करवाएं जाएं । अन्तिम रूप से स्वीकार किए जाने की गारन्टी नहीं दी जाती है । तथा उम्मीदवारों को यह स्पष्टतया समझ लेना चाहिए कि क्या आपरेशन वांछनीय है या आवश्यक है, इस बात का निर्णय उनके निजी चिकित्सा सलाहकार को ही करना है । आपरेशन के परिणाम अथवा किसी और खर्चे का दायित्व सरकार अपने ऊपर नहीं लेगी ।

3. कद, वजन तथा छाती के मापों के लिए मानक ।

(क) कद :

(1) उम्मीदवार के कद की नाप उसे माप-दण्ड के सामने दोनों पैर मिलाकर खड़ा करके ली जाएगी । उस समय वजन एड़ियों पर होना चाहिए पंजे पर या पांव के बाहरी पार्श्वों पर नहीं । वह बिना अकड़े इस प्रकार सीधा खड़ा होगा कि उसकी एड़ियां पिंडलियां, नितम्ब और कन्धे मापदण्ड के साथ लगे होंगे, उसकी ठोड़ी नीचे की ओर रखी जाएगी ताकि सिर का स्तर आड़ी छड़के नीचे आ जाए । कद सेंटीमीटरों में रिकार्ड किया जाएगा । 0.5 सेंटीमीटर से कम दशमलव भिन्न की उपेक्षा की जाएगी, 0.5 सेंटीमीटर को इसी रूप में रिकार्ड किया जाएगा तथा 0.6 सेंटीमीटर या इससे अधिक को एक सेंटीमीटर के रूप में रिकार्ड किया जाएगा ।

(2) उम्मीदवार के लिए न्यूनतम स्वीकार्य कद 157.5 सेंटीमीटर (नौसेना के लिए 157 सेंटीमीटर) है किन्तु, गोरखा, नेपाली, आसामी, गढ़वाली उम्मीदवारों के लिए नीचे (ख)(i) में दी गई उससे संबंधित सारणी में दिए गए कद से 5.0 सेंटीमीटर कम किया जा सकता है ।

मणिपुर, नेफा, मेघालय और **त्रिपुरा** के नौसेना के उम्मीदवारों के मामले में न्यूनतम कद 5 सेंटीमीटर और लक्षद्वीप के उम्मीदवारों के मामले में कद 2 सेंटीमीटर कम कर दिया जाएगा ।

(ख) वजन :

(i) उम्मीदवार का वजन पूरी तरह से कपड़े उतरवा कर या केवल जांघिया के साथ किया जाएगा । वजन करते समय 1/2 किलो ग्राम को रिकार्ड नहीं किया जाएगा । आयु कद तथा औसत वजन विषय परस्पर संबंधी सारणी मार्गदर्शन के लिए दी जा रही है :—

पिछले जन्म दिवस को आयु	बिना जूतों के ऊंचाई	वजन	
		औसत न्यूनतम	औसत अधिकतम
1	2	3	4
वर्ष	सेंटीमीटर	किलो-ग्राम	किलो-ग्राम
17—18	157.5 तथा 165.0 से कम	43.5	55.0
	165.0 तथा 172.5 से कम	48.0	59.5
	172.5 तथा 183.0 से कम	52.5	64.0
	183.0 तथा इस से अधिक	57.0	—
19	160.0 तथा 165.0 से कम	44.5	56.0
	165.0 तथा 172.5 से कम	49.0	60.5
	172.0 तथा 178.0 से कम	53.5	65.0
	178.0 तथा 183.0 से कम	58.0	69.5
	183.0 तथा इससे अधिक	62.5	—
20 तथा अधिक	160.0 तथा 165.0 से कम	45.5	56.5
	165.0 तथा 172.5 से कम	50.0	61.0
	172.5 तथा 178.0 से कम	54.5	66.0
	178.0 तथा 183.0 से कम	59.0	70.5
	183.0 तथा इससे अधिक	63.5	—

केवल नौसेना के लिए **कद और वजन**

सेंटीमीटरों में ऊंचाई	आयु		
	18 वर्ष	20 वर्ष	22 वर्ष
	कि०	ग्रा० में	वजन
157 . . .	47	49	50
160 . . .	48	50	51
162 . . .	50	52	53
165 . . .	52	53	55
168 . . .	53	55	57
170 . . .	55	57	58
173 . . .	57	59	60
175 . . .	59	61	62
178 . . .	61	62	63
180 . . .	63	64	65
183 . . .	65	67	67
185 . . .	67	69	70
188 . . .	70	71	72
190 . . .	72	73	74
193 . . .	74	76	77
195 . . .	77	78	78

(ii) कद तथा आयु के संबंध में वजन का ठीक-ठीक मानक निश्चित करना संभव नहीं है। अतः परस्पर संबंधी सारणी केवल निर्देशिका मात्र है तथा सभी मामलों में लागू नहीं की जा सकती है। सारणी में दिए गए औसत वजन से 10 प्रतिशत (नौसेना के मामले में 6 कि० ग्रा० कम-ज्यादा) होने पर उसे वजन की सामान्य सीमा के अन्तर्गत माना जाता है। ऐसा भी हो सकता है है कि कुछ व्यक्तियों का वजन उपयुक्त मानक से अधिक हो किन्तु शरीर के सामान्य गठन की दृष्टि से वे हर प्रकार से योग्य हो सकते हैं। ऐसे व्यक्तियों के अधिक वजन का कारण भारी हड्डियां और पेशीय विकास हो सकता है न कि मोटापा। इसी प्रकार जिसका वजन मानक से कम हो उस के बारे में भी उपयुक्त सारणी मानकों के पूरी तरह पालन की अपेक्षा उनका सामान्य शरीर गठन और आनुपातिक विकास की कसौटी होना चाहिए।

(ग) **छाती** :—छाती भली प्रकार विकसित होनी चाहिए और फैलाने पर न्यूनतम फैलाव 5.0 सेंटीमीटर होना चाहिए। उम्मीदवार की छाती का नाप लेते समय उसे इस प्रकार सीधा किया जाए कि उसके पांव जुड़े हों और उसकी बाहें सिर के ऊपर उठीं हों। फीते को छाती के गिर्द इस प्रकार से लगाया जाएगा कि पीछे की ओर उसका ऊपरी किनारा असफलकों (शोल्डर-ब्लैड) के निम्न कोणों (इन्फीरियर ऐंगिल्स) के साथ लगा रहे और इसका निचला किनारा सामने चूचकों के ऊपरी भाग से लगा रहे। फिर बाहों को नीचा किया जाएगा और इन्हें शरीर के साथ लटका रहने दिया जाएगा किन्तु इस बात का ध्यान रखा जाएगा कि कंधे उठे या पीछे की ओर झुके न हों जिससे कि फीता हट जाए, जब उम्मीदवार को कई बार गहरा सांस लेने के लिए कहा जाएगा और छाती का अधिकतम तथा न्यूतम फैलाव सावधानी से लिख लिया जाएगा। अधिकतम तथा न्यूनतम फैलाव सेंटीमीटर में रिकार्ड किया जाएगा जैसे 84/89, 86/91 इत्यादि।

नाप को रिकार्ड करते समय 0.5 सेंटीमीटर से कम दशमलव भिन्न की उपेक्षा की जाएगी। 0.5 सेंटीमीटर को इसी रूप में रिकार्ड किया जाएगा तथा 0.6 सेंटीमीटर या इससे अधिक को एक सेंटीमीटर के रूप में रिकार्ड किया जाएगा।

नौसेना के लिए :—छाती का एक्सरे अनिवार्य है।

4. **दांतों की हालत**

इस बात को सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि चबाने का काम अच्छी तरह करने के लिए प्राकृतिक तथा मजबूत दांत काफी संख्या में हैं।

(क) स्वीकृत होने के लिए यह आवश्यक है कि उसने दांतों के लिए कम से कम 14 प्वाइन्ट प्राप्त किए हों। किसी भी व्यक्ति के दांतों की हालत का पता लगाने के के लिए परस्पर अच्छी तरह से सटे और दूसरे जबड़े के के अनुरूप को निम्न प्रकार के प्वाइन्ट दिए जाएंगे :—

(i) बीच के काटने वाले दांत, बगल के काटने वाले दांत, रदनक प्रथम तथा द्वितीय छोटी दाढ़ तथा कम विकसित तृतीय बड़ी दाढ़ प्रत्येक के लिए एक-एक प्वाइंट।

(ii) प्रथम तथा द्वितीय बड़ी दाढ़ तथा पूर्णयता विकसित तृतीय बड़ी दाढ़ प्रत्येक के लिए दो-दो प्वाइंट। पूरे 32 दांत होने पर कुल 22 प्वाइंट दिए जाएंगे।

(ख) प्रत्येक जबड़े के निम्नलिखित दांत एक दूसरे से इस प्रकार सटे हुए हों कि उनसे अच्छी तरह काम लिया जा सके :—

(i) आगे के 6 में से कोई 4 दांत।

(ii) पीछे के 10 में से कोई 6 दांत।

टिप्पणी :—जिन उम्मीदवारों के नकली दांत अच्छी तरह लगे हों उन्हें कमीशन के लिए स्वीकार कर लिया जाएगा।

(ग) तीव्र पायरिया वाले उम्मीदवार को स्वीकार नहीं किया जाएगा। जिस उम्मीदवार का पायरिया दंत अधिकारी की राय में बिना दांत निकाले अच्छा किया जा सकता है उसे स्वीकार किया जा सकता है।

5. दृष्टिमानक (थलसेना)

	अच्छी आंख	खराब आंख
दूर की नजर (चश्मा लगाकर)	6/6	6/18

